# स्वतंत्र मत






■ वर्ष 28 अंक 290 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# वोटर्स को वोटिंग पर्ची क्यों नहीं दे सकते: सुप्रीम कोर्ट

## ईवीएम-वीवीपैट वेरिफिकेशन पर 5 घंटे सुनवाई, फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों की 100 प्रतिशत क्र ॉस चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने एडीआर समेत अन्य वकीलों और चुनाव आयोग की 5 घंटे दलीलें सुनी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं। प्रशांत भूषण एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफसे पेश हुए। वहीं चुनाव आयोग की ओर से एडवोकेट मनिंदर सिंह और केंद्र सरकार की ओर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट के सामने एक रिपोर्ट पेश की। इसमें आरोप था कि केरल में मॉक पोलिंग के दौरान भाजपा को ज्यादा वोट जा रहे थे।



### पहले भी सुप्रीम कोर्ट में कई बार उठा है मुद्दा

2019 के लोकसभा चुनावों से पहलेए 21 विपक्षी दलों के नेताओं ने भी सभी म्टड में से कम से कम 50 प्रतिशत ईवीएम मशीनों की पर्चियों से वोटों के मिलान करने की मांग की थी। उस समयए चुनाव आयोग हर निर्वाचन क्षेत्र में सिर्फ एक ईवीएम का वीवीपैट मशीन से मिलान करता था। 8 अप्रैल 2019 को मिलान के लिए म्टड की संख्या 1 से बढ़ाकर 5 कर दी थी। इसके बाद मई 2019 कुछ टेक्नोक्रेट्स ने सभी ईवीएम के वीवीपैट से वेरिफाई करने की मांग की याचिका लगाई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके अलावा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने भी जुलाई 2023 में वोटों के मिलान की याचिका लगाई थी।

### कोर्ट ने पूछा क्या ईवीएम में हेरफेर करने पर कड़ी सजा का कानून है

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से ईवीएम के निर्माण से लेकर भंडारण और डेटा से छेड़छाड़ की आशंका तक हर चीज के बारे में बताने को कहा है। बेंच ने पूछा कि क्या वोटिंग के बाद गिनती में किसी गड़बड़ी के आरोपों को खत्म करने के लिए ईवीएम की टेक्नीक जांची जा सकती है? इस पर आयोग ने कहा कि हमारा पक्ष सुने बिना ऐसे कोई संकेत कोर्ट न दे। कोर्ट ने पूछा कि क्या ईवीएम में हेरफेर करने पर कड़ी सजा का कानून है? लोगों में डर होना चाहिए। आयोग ने बताया कि इसे लेकर कार्यालय संबंधी कानून हैं।

### प्रक्रिया को समझा

कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि क्या वोटिंग के बाद वोटर्स को वीवीपैट से निकली पर्ची नहीं दी जा सकती है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा वोटर्स को स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते। कोर्ट ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में चुनाव आयोग के वकील से ईवीएम-वीवीपैट की पूरी प्रक्रिया समझी। साथ ही कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता कायम रहनी चाहिए। शक नहीं होना चाहिए कि ये होना चाहिए था और हुआ नहीं। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

## सांसद बृजभूषण बोले घटना के वक्त दिल्ली में नहीं था



**नई दिल्ली।** कैसरगंज उत्तर प्रदेश से सांसद और रेसलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह गुरुवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। अदालत ब्रज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय करने के लिए फैसला सुनाने वाली थी। हालांकि बृजभूषण का दावा है कि घटना के वक्त 7 सितंबर 2022 को वे दिल्ली में नहीं थे। इसलिए इन आरोपों की जांच की जाए। उन्होंने सीडीआर की कॉपी भी मांगी है। दलीलों के बाद कोर्ट ने 26 अप्रैल तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## युवती को पीटकर जख्मों पर मिर्च लगाई

**गुना।** जिले में एक युवती को युवक ने बेल्ट और पानी के पाइप से बुरी तरह पीटा। उसके जख्मों पर मिर्च लगा दी। चीखी तो होंठ पर फेवीक्विक डाल दी। आरोपी युवती पर शादी और मकान की रजिस्ट्री अपने नाम कराने का दबाव डाल रहा था। युवती मां के साथ रहती है। पिता की मौत हो चुकी है और भाई-बहन नहीं है। युवती की मां ने उससे यह कह दिया था कि घर बेच दिया है। इस बात से नाराज युवक ने क्रूरता की। युवती को एक महीने घर में बंधक बनाकर रखा। घटना शहर के नानाखेड़ी इलाके में मंगलवार रात की है। युवती बुधवार सुबह घायल हालत में कैंट थाने पहुंची। देर शाम तक पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## आप विधायक अमानतुल्ला को ईडी ने गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** अमानतुल्ला खान पर आरोप है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने 32 लोगों को अवैध रूप से भर्ती किया। इसके साथ ही उन्होंने अवैध रूप से दिल्ली वक्फ बोर्ड की कई संपत्तियों को किराए पर दिया। आाप विधायक पर ये भी आरोप है कि उन्होंने दिल्ली वक्फ बोर्ड के फंड का गलत इस्तेमाल किया। दिल्ली वक्फ बोर्ड के तत्कालीन सीईओ ने इस तरह की अवैध भर्ती को लेकर बयान दिया था। जांच के दौरान अमानतुल्ला के करीबियों के ठिकानों से कैश बरामद हुआ था। अमानतुल्ला के करीबियों के घर पर रेड के दौरान एक डायरी भी मिली थी, जिसमें अमानतुल्लाह द्वारा देश विदेश में करोड़ों रुपये के लेन देन का जिक्र भी था।



## भाजपा देश में एक इतिहास और एक भाषा थोपना चाहती है : राहुल गांधी

नई दिल्ली।

राहुल गांधी ने गुरुवार 18 अप्रैल को केरल के कन्नूर में रैली की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और यूडीएफ देश की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम विभिन्न भाषाओं, अनगिनत परंपराओं, अलग-अलग इतिहासों और सबकी अलग-अलग अभिव्यक्तियों को स्वीकार करते हैं। भाजपा देश में एक इतिहास, एक राष्ट्र और एक भाषा को थोपना चाहती है। उदाहरण के लिएए अगर आप केरल से मलयालम को हटा दें, तो एक मां अपने बच्चे को इस महान भूमि का इतिहास कैसे समझाएगी? हम इसी की रक्षा कर रहे हैं।

**केरल के कन्नूर में राहुल गांधी ने की रैली, कहा हम आपके इतिहास की रक्षा कर रहे**

### दो चुनावी रैली को किया संबोधित

केरल में आयोजित दो चुनावी रैलियों में राहुल गांधी ने एक भाषा औ एक राष्ट्र को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तंज सकते हुए पूछा कि कोई केरल या तमिलनाडु में कैसे आ सकता है और कह सकता है कि वहां एक भाषा होगी। कांग्रेस और यूडीएफभारत की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम अपने सभी लोगों की कई भाषाओंए परंपराओं और विभिन्न इतिहास को स्वीकार करते हैंए बल्कि भाजपा वह लोगों पर एक इतिहासए एक राष्ट्र और एक भाषा लोगों को पर थोपना चाहते है।

## केजरीवाल जानबूझकर आम-मिठाई खा रहे ताकि ब्लड शुगर बढ़े और जमानत मिले

### ईडी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल पर लगाया आरोप, आतिशी बोलीं वे रोज 54 यूनिट इंसुलिन लेते हैं

नई दिल्ली।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार 18 अप्रैल को बड़ा आरोप लगाया। ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए।

ईडी ने कहा कि केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है, लेकिन वह जेल में आलू पूड़ी, आम और मीठा खा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में 18 दिन से बंद हैं। कोर्ट ने उन्हें घर का खाना खाने की अनुमति दी है। वहीं दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल रोज 54 यूनिट इंसुलिन लेते है। उन्हें सीवियर डायबिटीज है। ईडी् केजरीवाल का घर का खाना बंद करना चाहती है।



**मेडिकल कंसल्टेशन लेने की मांग** - दरअसल केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने ट्रायल कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर केजरीवाल के डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेडिकल कंसल्टेशन लेने की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि केजरीवाल टाइप-2 डायबिटीज के मरीज हैं और उनका ब्लड शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है। इसके जवाब में ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि केजरीवाल तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल के घर से ऐसा ही खाना आ रहा है, जिसमें शुगर और कॉर्ब्स की मात्रा ज्यादा रहती है। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा. अरविंद केजरीवाल रोज 54 यूनिट इंसुलिन लेते हैं।

## अमित शाह का गुजरात में 3 मेगा रोड शो

**गांधीनगर।** गांधीनगर लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 19 अप्रैल को नामांकन फॉर्म भरने जा रहे हैं। इससे पहले आज गांधीनगर लोकसभा के अंतर्गत आने वाले इलाकों में तीन रोड शो किए। शाह ने करीब 10 घंटे की अपने कार्यक्रम में 6 विधानसभाएं कवर कीं।

## 1500 किमी रेंज वाली निर्भय क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

### देश में बना मानिक टर्बोफन इंजन, 300 केजी हथियार ले जाने की क्षमता

**भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने गुरुवार ;18 अप्रैलद्ध को लंबी दूरी की निर्भय क्रूज मिसाइल का ओडिशा के इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज चांदीपुर में सफल परीक्षण किया। इंडिजिनियस टेक्नॉलजी क्रूज मिसाइल में भारत में बना मानिक टर्बोफन इंजन लगा हुआ है। साथ ही इसमें इंडिजिनियस प्रोपल्शन सिस्टम भी मौजूद है।डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान रेंज सेंसर, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलिमेट्री की के जरिए मिसाइल की ट्रैकिंग की गई। मिसाइल को बेंगलुरु में मौजूद डीआरडीओ की लैब एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने स्वदेशी तकनीक से विकसित किया है।



### रक्षामंत्री ने दी बधाई

डीआरडीओ ने कहा कि इस सफल परीक्षण से बेंगलुरु के गैस टर्बाइन रिसर्च एस्टॅब्लिशमेंट के तैयार किए इंडिजिनियस प्रोपल्शन सिस्टम की परफॉर्मेंस भी सामने आईए जो बेहतरीन रही। परीक्षण के दौरान मिसाइल के सभी सब-सिस्टम ने उम्मीद के मुताबिक काम किया। मिसाइल ने वेपॉइंट नेविगेशन का यूज करके रास्ता तय किया। बहुत कम ऊंचाई वाली सी-स्किमिंग फ्लाइट भी की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी।

## पत्नी का मैसेज देख डिप्टी रेंजर ने लगाई फांसी घर की खिड़की से फंदे पर लटका मिला शव

बुरहानपुर।

बुरहानपुर के नेपानगर में फॉरेस्ट विभाग के डिप्टी रेंजर ने सुसाइड कर लिया। उनकी पत्नी ने बुधवार रात को वॉट्सएप पर मैसेज किया मैं आत्महत्या कर लूंगी। इसके बाद देर रात डिप्टी रेंजर ने फांसी लगा ली।

घर की खिड़की खुली थी। सुबह वहां से गुजर रहे लोगों की नजर फंदे पर झूल रहे डिप्टी रेंजर पर पड़ी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। नावरा चौकी पुलिस नेपा पुलिस के अलावा वन अमला और अफसर मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। वनपाल दिनेश नावड़े की पोस्टिंग बुरहानपुर जिले में ही हुई थी। वह यहां लंबे समय से अलग अलग रेंज में रहे। धुलकोट में वह वनपाल थे। करीब डेढ़ साल पहले ही उनका प्रमोशन डिप्टी रेंजर के पद पर हुआ था। उसके बाद से वह नावरा रेंज में ही पदस्थ थे। उनकी पत्नी भी वनरक्षक होने से वह बैतूल के चिचौली में रहती थी जबकि नवाड़े यहां रहते थे। साथ ही बताया जा रहा है कि वह प्रयासरत थे कि वह पत्नी बच्चों के साथ ही जाकर रहें, लेकिन नौकरी यहां होने से वह ऐसा नहीं कर पाते थे। डिप्टी रेंजर दिनेश नवाड़े का आवास हिवरा स्थित रेंज कार्यालय से ही सटकर था। वह यहीं रहते थे। रात में उन्हें इसी कक्ष में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



## जय श्रीराम बोलने पर तीन युवकों को पीटा

### वीडियो वायरल, चार आरोपी गिरफ्तार



**बेंगलुरु।** रामनवमी के दिन बेंगलुरु में जय श्रीराम बोलने पर तीन युवकों को पीटने की घटना सामने आई है। इससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति जय श्रीराम नो, ओनली अल्लाह हु अकबर कहता सुनाई दे रहा है। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बुधवार दोपहर करीब 3:30 बजे की है। पुलिस के अनुसार पवन कुमार, राहुल और बिनायक निवासी संजीवनीनगर कार से एमएस पल्या इलाके की ओर जा रहे थे। वे जय श्रीराम बोल रहे थे। उनके पास भगवा ध्वज भी था। तभी चिक्काबेट्टाहल्लू इलाके के पास दो बाइक सवार पीछे से आकर कार को रोकते हैं। इन दोनों की पहचान फरमान और समीर के रूप में हुई है। फरमान कार सवारों से बहस करता है और अल्लाह हु अकबर कहने को कहता है। वह भगवा ध्वज छीनने की कोशिश भी करता है। तब तीनों कार सवार उसका पीछा करते हैं लेकिन फरमान और समीर भाग जाते हैं। कुछ देर बाद वे फरमान और समीर दो अन्य लड़कों को अपने साथ लेकर आते हैं और कार सवार लोगों को रोककर मारपीट करते हैं। इस दौरान राहुल के सिर पर डंडे से चोट आई। बिनायक के नाक की हड्डी में चोट आई है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से कुछ शब्दों का इत्तेमाल करना, दंगा, शांति भंग के इरादे से जानबूझकर अपमान, खतरनाक हथियारों से चोट पहुँचाना, आपराधिक धमकी देने जैसी धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## प्रत्याशियों के समर्थन में सीएम मोहन लगा रहे पूरा जोर

### रोड शो के दौरान सीएम का रथ हुआ खराब, मुख्यमंत्री ने सागर में घुमाया मुगदर

भिंड।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रथ भिंड में खराब हो गया। पुलिस जवानों ने रथ को धक्का देकर आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री रोड शो छोड़कर कार से हैलीपेड रवाना हुए। इससे पहले उन्होंने भाजपा प्रत्याशी संध्या राय का नॉमिनेशन जमा करवाया। इसके अलावाए मुख्यमंत्री ने भोपाल में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के साथ मंदिर में पूजा की। शाम को उन्होंने सागर में रोड शो के दौरान मुगदर घुमाया। मुख्यमंत्री गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे भिंड पहुंचे। यहां उन्होंने पहले भाजपा प्रत्याशी संध्या राय का नामांकन भरवाया। इसके बाद रोड शो भी किया। रथ करीब तीन किलोमीटर चला था। रथ पुरानी जेल से किला रोड होते हुए बजरिया पहुंचा। इसी दौरान तकनीकी खराबी आने से रथ रुक गया। यहां पुलिस जवानों ने रथ को धक्का दिया। इसके बाद सीएम यादव रथ से उतर कर कार से हैलीपेड पहुंचे। यहां से शाम भोपाल के लिए रवाना हो गए।




### सीएम को मुगदर किया भेंट

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुरुवार को सागर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े का नामांकन भरवाने पहुंचे। हेलीपैड पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेष केसरवानी ने सीएम को मुगदर भेंट किया। इसके बाद रोड शो के लिए रथ में सवार हो गए। सीएम ने रथ में ही मुगदर भी घुमाया। उनके साथ भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह भी मौजूद रहे। मोती नगर चौराहे से शुरू हुआ रोड शो बड़ा बाजार, कोतवाली होते हुए तीनबत्ती तिराहे पर पहुंचा। जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर सीएम ने लता वानखेड़े का नामांकन जमा करवाया।

### प्रत्याशी के साथ की पूजा

भोपाल लोकसभा क्षेत्र के लिए भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा ने गुरुवार को नॉमिनेशन जमा किया। इससे पहले सुबह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आलोक शर्मा के साथ कर्फ्यू वाली माता मंदिर में पूजा की। भवानी चौक पर सभा भी हुई। इस मौके पर कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए। सभा में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री सागर के लिए रवाना हो गए। इसके बाद रैली के रूप में आलोक शर्मा नामांकन भरने कलेक्टोरेट पहुंचे। रैली में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के साथ ही साधू-संत आदि नेतागण भी मौजूद रहे।

# मतदान के साथ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईव्हीएम मशीनों में आज होगा बन्द

## 4 जून को खुलेगा पिटारा, तब सिर्फ एक प्रत्याशी का चमकेगा सितारा, कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज होगा मतदान

### संसदीय क्षेत्र के 17 लाख 77 हजार 175 मतदाता आज तय करेंगे भविष्य

### 2090 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी व सुरक्षा दस्ते निर्वाचन के लिए तैनात

**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** लोकसभा निर्वाचन -2024 के लिए मतदान प्रक्रिया आज प्रातरू 7 बजे से प्रारम्भ हो जाएगी। मतदान समापन का समय शाम 6 बजे है जिसमे समस्त मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग का अवसर प्राप्त होगा जो प्रत्याशियों के भविष्य तय करेंगे। शहडोल लोक सभा सीट से मैदान में कूदे दसों प्रत्याशियों ने बीते कुछ दिन अपनी पूरी ताकत लोकसभा सीट जीतनें में लगा दी है। वहीं प्रशासन द्वारा भी जनता को अधिक से अधिक मतदान करने के अलग अलग कार्यक्रम और जागरूकता अभियान तेजी से चलाया तथा अभियान के जरिये मतदान करने की अपील की है।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र शहडोल हेतु मतदान 19 अप्रैल को प्रातरू 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ के दिशानिर्देश में जिले में निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए अनूपपुर, कोतमा एवं पुष्पराजग? विधानसभा क्षेत्र के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। शहडोल संसदीय क्षेत्र में 17 लाख 77 हजार 175 पुरुष एवं महिला तथा अन्य श्रेणी के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अनूपपुर जिले के 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 51 हजार 979 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 76 हजार 587 पुरुष तथा 75 हजार 388 महिला मतदाता तथा 4 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी तरह 87-अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 80 हजार 538 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 91 हजार 491 पुरुष तथा 89 हजार 45 महिला मतदाता तथा 2 अन्य मतदाता शामिल हैं। 88-पुष्पराजग? विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 3 हजार 77 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें एक लाख एक हजार 414 पुरुष तथा एक लाख एक हजार 662 महिला मतदाता तथा 1 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिले के 699 मतदान केन्द्रों के लिए 3108 मतदान कार्मिक नियुक्त किए गए हैं।

### शहडोल लोकसभा क्षेत्र के लिए 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

शहडोल लोकसभा क्षेत्र के चुनाव मैदान में 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीनों में बंद हो जायेगा। यहां शहडोल लोकसभा क्षेत्र में जो प्रत्याशी चुनाव लड रहे हैं उनमें बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी श्री धनीराम कोल का चुनाव चिन्ह हाथी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी फुन्देलाल सिंह मार्को का चुनाव चिन्ह हाथ, भारतीय जनता पार्टी की अभ्यर्थी श्रीमती हिमाद्री सिंह का चुनाव चिन्ह कमल, गो?वाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी अनिल सिंह धुर्वे का चुनाव चिन्ह आरी, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के अभ्यर्थी अमृत लाल सिंह उईके का चुनाव चिन्ह फलों से युक्त टोकरी, छत्तीसग? विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी की अभ्यर्थी डॉ. दुर्गावती भरिया का चुनाव चिन्ह डीजल पम्प, भारतीय



शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रविकरण सिंह धुर्वे का चुनाव चिन्ह बाँसुरी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के अभ्यर्थी समर शाह सिंह गों? का चुनाव चिन्ह बाल और हंसिया, निर्दलीय अभ्यर्थी केशकली बैगा का चुनाव चिन्ह अलमारी तथा निर्दलीय अभ्यर्थी गुन्जान सिंह का चुनाव चिन्ह ऑटो-रिक्शा है।

### 434 मतदान केन्द्रों की होगी वेब कास्टिंग, 9 में सीसीटीवी

जिले में होने वाले मतदान के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ द्वारा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं। जिले के 699 मतदान केन्द्रों में से 434 मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग की जाएगी तथा 9 मतदान केन्द्रों में सीसीटीवी की व्यवस्था रहेगी। 699 मतदान केन्द्रों में 102 संवेदनशील मतदान केन्द्र भी शामिल हैं। निर्वाचन मतदान के सुचारू संचालन के लिए 70 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिले के विधानसभा क्षेत्रों में 26 आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। जहां मतदाताओं के सुविधाओं के साथ ही आकर्षक साज-सज्जा की गई है। इसी प्रकार 45 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए हैं। 235 मतदान केन्द्रों में 2 महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था की गई है। जिले के 102 मतदान केन्द्रों में माइक्रो आब्जर्वर की तैनातगी की गई है। उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए जिले के 5 लाख 35 हजार 594 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जिनमें 2 लाख 69 हजार 492 पुरुष तथा 2 लाख 66 हजार 95 महिला मतदाता तथा 7 अन्य मतदाता शामिल हैं।

### सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कर सकेंगे मतदान

लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान आज प्रातरू 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदान समाप्ति के समय यदि कोई मतदाता मतदान केन्द्र के परिसर पर आ जाता है, तो पीठीसीन अधिकारी उसे पर्ची देकर मतदान कराएंगे। निर्धारित समय समाप्ति से पाँच मिनट पहले तक परिसर में जितने भी मतदाता मतदान के लिए शेष होंगे उन सबको पीठासीन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित पर्ची दी जाएगी। इनके मतदान करने के बाद मतदान समाप्त होगा।

### व्यवस्थित मतदान के लिए सुरक्षा बल की सख्त व्यवस्था

लोकसभा निर्वाचन में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सुरक्षा की सख्त व्यवस्था रहेगी। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद इरशाद मंसूरी के नेतृत्व में जिले के सभी मतदान केन्द्र स्तर पर सुरक्षा बलों की सख्त व्यवस्था की गई है। 70 निर्वाचन सेक्टरों में सेक्टर अधिकारियों के साथ पुलिस अधिकारी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त निर्वाचन की सुचिता को बनाए रखने के लिए सीएपीएफ के 72, सशस्त्र बल 10 वीं वाहिनी के 44, जीआरपी के 50, एसएपी के 67, होमगार्ड छत्तीसग? के 200 जवान, उज्जैन होमगार्ड के 400 जवान, उज्जैन पुलिस फोर्स के 80 तथा सेक्टर एवं पोलिंग बूथ में पुलिस के 102 अधिकारी, एसएसटी, एफएसटी नाका व पोलिंग बूथ में 334 पुलिस कार्मिक, 23 रिजर्व बल सहित 2090 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का बल लगाया गया है। जो सुरक्षा की कमान संभालेंगे। निर्वाचन के दौरान कार्यपालिक दण्डाधिकारियों के साथ पुलिस बल के साथ ही क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) थाना स्तर पर बनाई गई है। कन्ट्रोल रूम स्थापित कर विशेष सुरक्षा दस्ता तैनात किया गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों का सतत् भ्रमण कर चप्पे-चप्पे पर नजर रखेंगे। जिले में बनाए गए 699 मतदान केन्द्रो में विशेष पुलिस अधिकारियों की तैनातगी की गई है।

### दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था

मतदान दिवस पर शहडोल संसदीय क्षेत्र में 462 मतदान केन्द्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था की गई है। जानकारी के मुताबिक 84-जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में 130, 85-जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में 67, 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र में 45, 87-अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में 100, 88-पुष्पराजग? विधानसभा क्षेत्र में 90 तथा 91-ब?वारा विधानसभा क्षेत्र में 30 मतदान केन्द्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था की गई है।

### 5 मतदान केन्द्रों में दिव्यांग कार्मिक संभालेंगे व्यवस्था

शहडोल संसदीय क्षेत्र के 84-जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में 01, 85-जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में 01, 89-बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 01 तथा 91-ब?वारा विधानसभा क्षेत्र में 02 इस तरह शहडोल संसदीय क्षेत्र में कुल 5 मतदान केन्द्रों में मतदान की व्यवस्था दिव्यांग कार्मिक संभालेंगे।

### मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता से गदगद हुए मतदान दल

मतदान कराने के लिए जिला मुख्यालय अनूपपुर के पालीटेक्निक कालेज से चुनाव सामग्री लेकर रवाना हुए मतदान दलों का मतदान केन्द्रों में पहुंचने पर स्थानीय परम्परा के अनुसार स्थानीय शासकीय मैदानी अमले द्वारा स्वागत किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के दिशानिर्देश में मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के लिए मूलभूत आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय क्षेत्रों में मुख्य नगरपालिका अधिकारियों के नेतृत्व में मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा मतदान दिवस के लिए मतदाताओं की सुविधाओं के लिए भी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के साथ पेयजल, मतदान केन्द्रों में रैम्प, व्हील चेयर, शौचालय, छांव की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

# हर्षोल्लास से मनाया गया श्रीरामजन्मोत्सव





**शहडोल।** रामनवमी के पावन पर्व पर ऐतिहासिक मोहन राम मंदिर में भी श्री राम जन्मोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। श्री मोहनराम मंदिर में लगभग 125 वर्षों से श्रीराम जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार की रात्रि ठीक 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव शुरू हुआ । भगवान श्री राम की स्तुति लोगों ने गई और आरती उतार कर जन्मोत्सव मनाया। यहां के मुख्य पुजारी लव कुश शास्त्री ने श्री रामानुजाचार्य संप्रदाय के अनुसार रीति रिवाज से भगवान का जन्मोत्सव किया इसमें तकरीबन 2 घंटे का समय लगा है। ठीक 12 बजे जैसे ही पुजारी ने पट खोले भक्तों ने भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी के स्तुति गाना शुरू कर दी। यहां के पुजारी पंडित लव कुश शास्त्री ने बताया कि यह मंदिर काफी पुराना है और वैदिक परंपरा के हिसाब से ही यहां जन्मोत्सव मनाया जाता है। दिन और भी विशेष महत्व वाला है क्योंकि आज के ही दिन अयोध्या में 500 साल के बाद श्री रामनवमी धूमधाम से मनाई जा रही है । राम मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है और शाम तक यहां पर दर्शन के लिए लोग आते रहेंगे।

**निकाली गई शोभा यात्रा, जगह-जगह हुए भण्डारे**

रामनवमी के पावन पर्व पर शहडोल नगर के विभिन्न मार्गों से रामभक्तों ने भगवान राम की अयोध्या में विराजमान प्रतिमा की प्रतिकृति की झांकी तैयार कर भक्तिभाव से ढ़ोल-नगाड़ों एवं डीजे की धुन के साथ शोभा यात्रा निकाली ।

# हैण्डपंप पानी की जगह उगल रहे हवा

## भीषण गर्मी मे क्षेत्रवासी पीने के पानी के लिए मोहताज

कोतमा (स्वतंत्रमत)।

वर्तमान में भीषण गर्मी शुरू हो गई है। कस्र्शाके की धूप पढ़ने लगी है लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो रहा है वही नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण नगर के वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव में चार दिनों से नल जल योजना के तहत पेयजल की सप्लाई नहीं की गई जिसके कारण वहां के रहवासियों को पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना प? रहा है। गोविंदा गांव में हैंडपंप भी सफल नहीं है चूंकि जो हैंड पंप लगे हैं उसे हवा निकल रही है जिसके कारण महिलाओं एवं बच्चों को पीने के पानी के लिए दूर जाना प? रहा है। बताया जा रहा है कि चार दिनों से फिल्टर में लगा मोटर जल गया है जिसके कारण पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जबकि वार्ड क्रमांक 11 मे दो मोहल्ले आते हैं गोविंदा गांव एवं कदम टोला जिसकी आबादी लगभग 1000 की है और नगर पालिका के द्वारा टैंकर के माध्यम से शाम को 4 से 5 टैंकर पानी सप्लाई



की जा रही है वह भी पर्याप्त मात्रा में किसी को पानी नहीं मिल पा रहा है और जिनको मिलते भी है वह पानी भी पर्याप्त नहीं होता है जिसके कारण इस भीषण गर्मी में और क?ाके की धूप में लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि पार्षद के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को फोन लगाया जाता है तो वह फोन भी नहीं उठाते हैं और बुधवार को पार्षद का फोन मुख नगर पालिका ने उठाया और यह कहा कि जब मोटर बन जाएगा तब पेयजल की सप्लाई शुरू की जाएगी और फोन काट दिया। जब यह हाल एक निर्वाचित पार्षद के साथ है तो आम जनता के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी का व्यवहार कैसा होगा इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### मिनी फिल्टर प्लांट से लाते हैं पानी

ग्रामीणों ने बताया कि गोविंदा गांव से मिनी फिल्टर प्लांट की दूरी लगभग 4 से 500 मीटर है और पीने के पानी के लिए साइकिल से मिनी फिल्टर प्लांट जाते हैं और वहां से साइकिल में डिब्बा में ढोकर पानी लाते हैं। वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव के पार्षद नोहर सिंह ने बताया कि 14 15 अप्रैल से मिनी फिल्टर प्लांट का मोटर जल गया है जिसके कारण पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। नगर पालिका के द्वारा 4 से 5 टैंकर शाम को पानी की सप्लाई करवाई जा रही है।

# श्री कल्याण सेवा आश्रम में विश्व कल्याण के लिए किया गया हवन

**अमरकंटक (स्वतंत्रमत)।** चौत्र नव रात्रि के प्रारंभ दिवस से कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक में विश्व कल्याण के उद्देश्य से एवं सनातन धर्म का पूरे विश्व में वर्चस्व बने तथा वर्तमान समय में जिस तरह की प्राकृतिक आपदाएं हो रही है जो कि मनुष्य जीवन के लिए उचित नहीं है उन सबके रोकथाम एवं मनुष्य का जीवन सामान्य बना रहे। इस कल्याण हेतु नवदिवसीय हवन किया गया कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध निवासी स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज ने बताया की हवन करने से अनेकों अनेक फायदे हैं सर्वप्रथम तो हमारे आसपास के वातावरण पूर्णतया शुद्ध हो जाता है एवं सनातन धर्म में हवन का अपना ही महत्व है पुरातन जमाने से साधु संत हवन करते आ रहे हैं इस परंपरा का निर्वहन करते हुए हम लोग भी साल भर कोई ना कोई हवन करते रहते हैं चौत्र नवरात्र के पावन पर्व पर पूरे नव दिवस आश्रम परिसर में विशेष हवन का आयोजन किया गया। इसका मूल उद्देश्य प्राकृतिक आपदाएं ने घअे एवं जन कल्याण हो सके इस कामना के साथ हवन किया गया हवन करने के लिए विद्वान पंडितों के एक समूह को चयन किया गया जो पूरे नौ दिवसीय हवन को संपन्न करें उनकी जिम्मेदारी स्वामी धमार्नंद महाराज को मिला जिसका दायित्व इन्होंने पूरे परिश्रम एवं लगन के साथ संपन्न कराया। पूरे 9 दिवसीय रात्रि कालीन हवन के पश्चात कन्या पूजन एवं कन्या भोजन के प्राप्त हवन समाप्ति की गई। पंडित मुकेश पाठक जो हवन के मुख्य आचार्य थे इन्होंने बताया कि हमारे साथी प्रखंड पंडितों के द्वारा हमने हवन को सनातनी परंपरा के अनुसार संपन्न किया।

# जिले में 787037 मतदाता करेंगे मतदान, तैयारियां पूर्ण

## सुचारू मतदान के लिए 966 बनाए गए मतदान केंद्र

**शहडोल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए शहडोल जिले में 19 अप्रैल को मतदान होगा। प्रशासन द्वारा मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शहडोल जिले के सभी मतदान केंदों में प्रात: 7 बजे से मतदान प्रारंभ होगा और मतदान सांय 6 बजे तक चलेगा। शहडोल जिले में सुचारू मतदान के लिए 966 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिले में 162 क्रिटिकल मतदान एवं 143 महिला बूथ बनाए गए है। जिले में कुल मतदाता 787037 जिसमें पुरूष 400608 एवं महिला मतदाता 386417 एवं 12 अन्य मतदाता शामिल है।



कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद, एडीजीपी डीसी सागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर, एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने शहडोल संभाग के मतदाताओं से 19 अप्रैल को प्रात: 7 बजे से सांय 6 बजे के बीच मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने की अपील की। लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदाता 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ भी मतदान कर सकते है, वैकल्पिक पहचान पत्र में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र को मान्य किया गया है। इसके साथ-साथ बैंक और डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों तथा विधायकों को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक दिव्यांगता आईडी शामिल है।

# भक्ति भावना के साथ श्री राम जानकी मंदिर में मनाया गया रामनवमी का पर्व

**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** रामनवमी के पावन अवसर पर श्री राम जानकी चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम भक्ति-भावना के साथ मनाया गया। मंदिर में मां भगवती की आकर्षक प्रतिमा स्थापित होने के कारण विगत 9 दिन से माता रानी की पूजा, अर्चना का कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा। पूरी तरह से मंदिर को भव्य एवं आकर्षक रूप से सजाया गया था।चौत्र नवरात्रि के दिन परंपरानुसार श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर प्रांगण में सुबह 10 बजे से हरि नाम संकीर्तन सभा की तरफ से रामायण गायन का कार्यक्रम रखा गया एवं ठीक 12 बजे भगवान श्री राम के जन्म के साथ पूजन, आरती एवं प्रसाद का वितरण किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। संपूर्ण कार्यक्रम भक्ति भावना से परिपूर्ण एवं भारी उत्साह एवं हर्षोल्लास भक्तों की भारी भी? के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम आयोजन श्री राम जानकी मंदिर चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद शर्मा, सचिव अमर केवलानी, सदस्य मनोज गुप्ता, सुदेव चटर्जी, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, पप्पू अग्रवाल, कैलाश गुप्ता आदि भक्तगणों की उपस्थिति में दुर्गा नवमी एवं श्री राम जन्मोत्सव का पर्व संपन्न हुआ। सभी के सुख, शांति, समृद्धि की कामना की गई।

# आयुक्त एवं संचालक द्वारा मेडिकल कॉलेज का किया गया आकास्मिक निरीक्षण



शहडोल।

सर्वे सन्तु निरामया और स्वास्थ्य सुविधा को बढ़ावा देने के लिये सरकार की पहल हमेशा सराहनीय रहा है, सरकार के मंशानुसार स्वास्थ्य शुविधा को सुचारु रुप से संचालित रहने के लिये स्वास्थ्य विभाग के जवाबदार पदाधिकार्यों का क्षेत्र में भ्रमण कार्यक्रम होते ही रहते हैं, इसी दरम्यान 12 अप्रैल दिन शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग मप्र शासन भोपाल, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा से तरुण कुमार पिथोडे एवं संचालक अरुण कुमार श्रीवास्तव जी का भ्रमण कार्यक्रम शहडोल सम्भाग में सम्पन्न हुआ द्य इस आकाश्मिक निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान इन्हों ने अन्य कई स्वास्थ्य केन्द्रों के अनुसार बिरसामुण्डा मेडिकल कॉलेज शहडोल पहुंचे, इन्हों ने वहां शिक्षारत सभी स्वास्थ्य विभागीय बच्चों से मिलकर रूबरू हुये और सभी के शफ्ल होने की कामना किये, वहीं मयस्टॉप की बैठक सम्पन्न हुआ जिस बैठक में क्षेत्रीय स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या और सुविधा के बारे में जानकारी लेकर वहां के शफ्गई और निर्माण कार्यों में ज्यादा सुधार करवाने के लिये शक्त निरदेशित किया गया, वहीं सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनायों और स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाये रखने के साथ सुचारू रूप चलाये रखने के लिये निर्देश दियेगये।

# मां खांखडा देवी मंदिर में संपन्न हुआ भव्य जवारे विसर्जन कार्यक्रम



**जयसिंहनगर।** ग्राम निगाई में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीराम नवमी पर्व पर जवारे विसर्जित किए गए। गौरतलब है कि यहाँ हर वर्ष चौत्र नवरात्र के पहले दिन जवारे बोए जाते हैं, सूत्रों के अनुसार इस वर्ष 501 जवारे बोए गए थे। यहां हर साल श्रद्धालु अपनी कामना पूर्ती के लिए प्रार्थना करते हैं, कामना पूरी होने पर श्रद्धालु माँ को जवारे अर्पित करते हैं। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जवारे विसर्जन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। साथ ही यह कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

# विश्वविद्यालय की परीक्षा का आवेदन फार्म की तिथि घोषित

**शहडोल।** पंडित एसएन शुक्ल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ एमके भटनागर ने जानकारी देते हुए बताया है कि उच्च शिक्षा मंत्रालय के पत्र क्रमांक 874,88 सीसी. 22, 38 भोपाल दिनांक 4 नवंबर 2022 के तारतम्य में पंडित एस. एन. शुक्ल विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार सत्र 2021-22 के पूर्व स्नातक प्रथम द्वितीय वर्ष एवं स्नातक द्वितीय चतुर्थ सेमेस्टर में उत्तीर्णध् पूरक विद्यार्थियों को क्रमश: द्वितीय एवं तृतीय वर्ष एवं तृतीय और पंचम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश प्रदान करके परिशिष्ट वन (14 ए) एवं परिशिष्ट 2 ( 14 बी )के अनुसार परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जबकि स्वाध्यायी स्नातक प्रथमध् द्वितीय वर्ष एवं स्नातक द्वितीय ध् चतुर्थ सेमेस्टर में उत्तीर्णध् पूरक विद्यार्थी पुरानी परीक्षा पद्धति से परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। यदि कोई नियमित विद्यार्थी स्वाध्यायी परीक्षा के रूप में सम्मिलित होना चाहता है तो यदि वह सेमेस्टर पद्धति का है तो वह पुरानी सेमेस्टर पद्धति के अनुसार और यदि वार्षिक पद्धति का है तो वह पुरानी वार्षिक पद्धति के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। किसी भी स्थिति में सेमेस्टर पद्धति वाला विद्यार्थी वार्षिक पद्धति में एवं वार्षिक पद्धति वाला विद्यार्थी सेमेस्टर पद्धति के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगा। ऐसे समस्त विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन फॉर्म ऑफलाइन दिनांक 22 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच विश्वविद्यालय के नवलपुर परिसर में स्थित परीक्षा विभाग में भरवाया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष नियमित स्वाध्याय पूरक एवं द्वितीय अवसर विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन फार्म दिनांक 5 अप्रैल 2024 से लगातार भरे जा रहे हैं जिसकी अंतिम तिथि 21 अप्रैल 2024 है इसके बाद इस तरह के विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म लेट फीस के साथ भरे जाएंगे।जो विद्यार्थी नवीन शिक्षा प्रणाली के तहत प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष की पूरक परीक्षाओं में सम्मिलित हुए हैं एवं पास हुए हैं वे क्रमश: द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की में परीक्षा के लिए दिनांक 24 अप्रैल से 28 अप्रैल तक अपना परीक्षा आवेदन भर पाएंगे।

# मतदाता आज करेंगे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

## सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोटिंग, संवदेनशील बूथ सुरक्षा के जिम्मे

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोकसभा चुनाव के तहत संसदीय क्षेत्र जबलपुर के निर्वाचन के लिये आज 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में जिले के आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 18 लाख 96 हजार 346 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे तथा चुनाव लड़ रहे 19 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान जिले के सभी 2 हजार 139 मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। चुनाव में ईव्हीएम के साथ व्हीव्हीपेट मशीन का इस्तेमाल किया जायेगा। स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए जिले में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान दल पहुंच चुके हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा कर्मी तैनात किये गये हैं। वल्नरेबल और क्रिटिकल बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात किया गया है।

### 2 हजार 139 मतदान केन्द्रों पर डलेंगे वोट

संसदीय क्षेत्र के चुनाव के जबलपुर जिले में 9 सहायक मतदान केन्द्रों सहित कुल 2 हजार 139 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें पाटन विधानसभा क्षेत्र के 303, बरगी के 286, सात सहायक मतदान केंद्रों सहित जबलपुर पूर्व के 231, जबलपुर उत्तर के 240, एक सहायक मतदान केंद्र सहित जबलपुर कैंट के 214, जबलपुर पश्चिम के 272, पनागर के 310 और एक सहायक मतदान केंद्र सहित सिहोरा विधानसभा क्षेत्र में 283 मतदान केन्द्र शामिल हैं।

### 8 विस में इतने हैं मतदाता

जिले में 18 लाख 96 हजार 346 मतदाता



19 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जिले के कुल 18 लाख 96 हजार 346 मतदाताओं में 9 लाख 63 हजार 065 पुरुष व 9 लाख 33 हजार 186 महिला तथा थर्ड जेंडर के 95 मतदाता आज लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। कुल मतदाताओं में 18 से 19 वर्ष की आयु के 38 हजार 459 मतदाता भी शामिल हैं। पाटन विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 58 हजार 595 मतदाता, बरगी विधानसभा क्षेत्र के 2 लाख 44 हजार 700 मतदाता, पूर्व के कुल 2 लाख 50 हजार 335 मतदाता, उत्तर के कुल 2 लाख 18 हजार 068 मतदाता, कैंट में 1 लाख 88 हजार 806, पश्चिम के कुल 2 लाख 36 हजार 174, पनागर के कुल 2 लाख 72 हजार 461, सिहोरा के कुल मतदाताओं में 2 लाख 27 हजार 207 मतदाता शामिल हैं। जिले की कुल मतदाताओं में 85 वर्ष से अधिक आयु के 6 हजार 666 तथा 22 हजार 241 दिव्यांग मतदाता भी शामिल हैं। इनमें से ऐसे 1 हजार 209 मतदाताओं जिनमें 260 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं जोनिर्वाचन आयोग द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से घर से मतदान करने की दी गई सुविधा का लाभ उठाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं।

सिर्फ 1 वाहन में घूम सकेंगे प्रत्याशी

आज प्रत्येक उम्मीदवार को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अपने निर्वाचन अभिकर्ता के उपयोग के लिये भी एक वाहन रखने की अनुमति दी है। इसके अतिरिक्त उम्मीदवार द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा के मान से एक वाहन अपने निर्वाचन अभिकर्ता अथवा कार्यकर्ता या पार्टी कार्यकर्ता के उपयोग के लिये भी रखा जा सकेगा। उम्मीदवार के समर्थकों को अन्य किसी भी वाहन के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। आयोग ने साफ किया है कि उम्मीदवार की स्थिति कुछ भी हो कोई अपवाद निर्मित या स्वीकार नहीं किया जायेगा। एक वाहन का मतलब यांत्रिक शक्ति से चलने वाले या अन्य से चलने वाले सभी वाहन होगें।

### आखिरी में होगा नोटा का बटन

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा । उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा वोटिंग मशीन में नोटा का भी बटन लगाया गया है। नोटा का बटन चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के बाद सबसे आखिरी में होगा। यदि कोई मतदाता मतदान केन्द्र में प्रवेश करने के बाद उसकी पहचान सुनिश्चित होने के बाद अपना मत किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में नहीं देना चाहता है। तो उसके लिए उपरोक्त में से कोई नहीं या नन आफ दी अबव नोटा का बटन का विकल्प भी रहेगा। बटन पर हिन्दी भाषा में नोटा लिखा रहेगा।

# आज मनोकामनाओं को पूर्ण करेगी कामदा एकादशी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आज चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी है, इसे कामदा एकादशी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि ये व्रत भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करता है। इसी वजह से इसे कामदा एकादशी कहा जाता है। ज्योतिषाचार्यो के मुताबिक कामदा एकादशी तिथि 18 अप्रैल शाम 5 बजकर 31 मिनिट पर शुरु हुई, जो आज रात 8 बजकर 4 मिनिट तक रहेगी। आज शक्रवार एवं एकादशी के योग में विष्णु जी के साथ ही शुक्र की पूजा जरूर करना चाहिए। विष्णु पूजा में मंत्र ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करते रहें। विष्णु जी की पूजा के बाद शुक्र ग्रह की पूजा करें और मंत्र ऊँ द्रां द्रीं द्रौं स: शुक्राय नम: का जप करें।एकादशी पर भगवान विष्णु और उनके अवतारों से जुड़े ग्रंथों का पाठ करें। श्रीकृष्ण, श्रीराम की कथाएं पढ़ें-सुनें। ज्योतिषचार्यो के अनुसार एकादशी की सुबह तुलसी को जल चढ़ाएं। शाम को सूर्यास्त के बाद तुलसी के पास दीपक जलाएं और परिक्रमा करना चाहिए ।

**जरुरतमंदों को करना चाहिए दान:**-ज्योतिषचार्यो के अनुसार जो लोग एकादशी पर व्रत करते हैं, उन्हें दिनभर अन्न का सेवन नहीं करना चाहिए । जिन लोगों के लिए भूखे रहना संभव नहीं है, उन्हों फलों का रस, दूध और मौसमी फलों का सेवन करना चाहिए। साथ ही जरूरतमंद लोगों को फलाहार का दान करना चाहिए । अगले दिन यानी द्वादशी तिथि पर सुबह विष्णु पूजा करें। जरूरतमंद लोगों को भोजन कराएं, इसके बाद व्रत करने वाले भक्त को भोजन करना चाहिए। इस तरह एकादशी व्रत पूरा होता है।

## कटनी से होकर गुजरेगी कोटा-दानापुर समर स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मावकाश में भीड़ को कम करने के लिए गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा-दानापुर-कोटा के मध्य साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में 09-09 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन का रेलयात्री किसी भी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से दिनाँक 20 अप्रैल से आरक्षण करवा सकते है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के कोटा से प्रस्थान/टर्मिनेट होकर बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 09817 कोटा से दानापुर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27 अप्रैल से 29 जूनतक से कोटा स्टेशन से रात 9.5 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रविवार को सायं 6.30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09818 दानापुर से कोटा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को दिनांक 28 अप्रैल से 30 जून 2024 तक से दानापुर स्टेशन से रात्रि 9.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सोमवार को रात 10.25 बजे कोटा पहुंचेगी।

## 2 युवकों ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरेला थाने में अरूण कुमार लोधी निवासी ग्राम डूंडी धनपुरी ने सूचना दी कि रात के वक्त वह अपनी दुकान बंद कर अपने घर पहुंचा तो उसके पिता मोहन लाल लोधी ने बताया कि चाचा का लड़का रामकिशोर उर्फ डब्बू ने खेत पर बबूल के पेड़ से रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है । उसने जाकर देखा तो राम किशोर (डब्बू) लोधी उम्र 19 वर्ष लाईलोन की रस्सी से फांसी लगा लेने से मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया है । इसी प्रकार अधारताल थाने में 22 वर्षीय रितेश उसरेठे निवासी पुरानी बस्ती सुहागी ने सूचना दी कि वह अपनी दुकान पर था घर से उसकी मां ने फोन पर बतायी कि बड़े पापा मुकेश उसरेठे के बेटे सचिन रजक ने अपने कमरे की बल्ली में फांसी लगा ली है । जिसकी फांसी की रस्सी काटकर सचिन को नीचे उतारे चैक सचिन उसरेठे उम्र 26 वर्ष की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये जांच में लिया है ।

## उपचार के दौरान युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अधारताल थाने में सुधा मल्टी स्पेशिलिटी हास्पिटल से सूचना मिल कि 34 वर्षीय धर्मेन्द्र यादव निवासी बिलखरवा भीटा आमाहिनौता का करोंदा नाला वायपास के अधारताल में सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। जहां पर उपचार के दौरान गुरुवार को धर्मेन्द्र यादव की मृत्यु हो गयी है। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## बाइक से कट मारकर क्रिश पर हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाने में बीती रात 18 वर्षीय क्रिश मलिक निवासी पुराना गुरूद्वारा गोकलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह ग्वारीघाट से अपनी मोटरसाइकिल से अपने दोस्त के घर मस्ताना चौक रांझी जा रहा था। इस दौरान 2 लड़के मोटरसाइकिल से जा रहे थे, जिन्हें वह नहीं जानता है। अचानक दोनों ने उसे लक्ष्मी मंदिर के सामने गोकलपुर रांझी में गलत साईड से कट मार दिया, उसने पूछा क्यों कट मारा इसी बात को लेकर दोनों गाली गलौज करने लगे । तभी एक लड़के ने चाकू से हमलाकर उसके दोनों पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी । इस दौरान अंश एवं रूद्रांश ने आकर बीच बचाव किया तो दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले । पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है ।

## बच्ची से मिलने गए पिता को साले ने मारा चाकू

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। हनुमानताल थाने में मंसूर अहमद निवासी पचकुईया जोगी मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह सिलाई करता है। उसकी शादी 2 वर्ष पहले रूकैया बी से मुस्लिम रीति रिवाज से हुयी थी । 8 माह पहले उन दोनों का मौखिक तलाक हो गया था, लेकिन वह फिर अपनी पत्नी को रखना चाहता हैं। इस बात पत्नि के मायके पक्ष के लोग स्वीकार नहीं कर रहे है। वह अपनी बेटी को खिलाने के लिये बुलाया था, जिसके लिए वह उनके घर के पास खड़ा हुआ था। इसी दौरान उसका साला लाल उर्फ समीर आया ओर गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो चाकू से हमलाकर पेट में दाहने तरफ चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# महिला मंडल ने मनाया गौड़ ब्राम्हण उत्सव



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** महिला मंडल द्वारा गौड़ ब्राम्हण उत्सव मनाया गया । जिसमें मंडल गनगौर की महिलाओं ने अपना पारम्परिक राजस्थानी परिधान लहंगा चुनरी रेख सोलह जुंगार कर बढ़चढ़ हिस्सा लिया। इसी तारतम्य में घर गाजे बाजे नृत्य के साथ गनगौर का जुलुस भी निकाला गया । कान्ता सीठा, चाऊ शर्मा, लीना पचौरी अनुजा ममता एवं संगीता ने घूमर नृत्य कर चार चांद लगा दिये। अध्यक्ष रजनी उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन किया गया । इस दौरान गीता पचौरी, जयश्री पचौरी, मोनिका शर्मा, बन्दना शर्मा, कमी पुरोहित्, शोभा शमी, अमिता स्वामी आदि उपस्थित रही।

## सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। बेलखेडा थाने में में बसेड़ी तिराहा एनएच 45 हाईवे में एक्सीडेण्ट होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को जयराम झारिया उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बसेड़ी बेलखेड़ा ने बताया कि उसे ऋषभ जैन निवासी बसेड़ी ने फोन कर बताया कि दोपहर के वक्त उसके फूफा जी रामप्रसाद मेहरा अपनी स्कूटी से बसेड़ी तिराहा में रोड पार कर रहे थे तभी वाहन के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये रामप्रसाद को टक्कर मार दिया। सूचना मिलने पर जाकर देखा तो उसके फूफा 70 वर्षीय रामप्रसाद मेहरा निवासी पटैल वार्ड गोटेगांव जिला नरसिंहपुर रोड़ में पेड़ के नीचे पड़े थे जिन्हे सिर, कान, दोनों हाथ पैर चेहरे में चोटें आयीं थी तथा मृत्यु हो गई थी।

# रेल कर्मियों ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील एवं जागरूकता हेतु जबलपुर रेल मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक, रैलियां निकाल कर रेल कर्मचारियों को मतदान हेतु प्रेरित करने विशेष अभियान चलाया गया। रेलवे के स्काउट एवं गाइड के सदस्यों ने सीनियर डीपीओ सुबोध विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में बजरंग कॉलोनी जबलपुर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इसके साथ ही मंडल के मदन महल, नरसिंहपुर, पिपरिया दमोह,सागर आदि स्टेशनों में भी इस अभियान के दौरान रेलवे कॉलोनियो में गत दिवस प्रभात फेरी निकाली गई और घर-घर जाकर लोगों को जागरूकता पंपलेट बांटने के साथ ही रेलवे के सभी कर्मचारियों को जागरुक करते हुए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्काउट एवं गाइड के आत्मा नंद श्रीवास्तव, सतीश तिवारी,अनिल पाली, रजनीश यादव,ज्ञानेश पसेरिया, विमलेश तिवारी, सुनील यादव आदि उपस्थित रहे।

# जबलपुर रेल मंडल ने कमाया अरबों का राजस्व

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** चालू वित्तीय वर्ष में मण्डल को रुपये 4845 करोड़ की कमाई हुई। गत वर्ष की इसी अवधि में रुपये 4254 करोड़ की तुलना में 13.88 प्रतिशत की बढोत्तरी हुई । इस संबंध में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्व रंजन के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अधिकारियों व पर्यवेक्षक कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करने के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 के माह (1अप्रैल 2023 से 31मार्च 2024 तक) में मण्डल को कुल रुपये 4845 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व रुपये 4254 करोड़ से 13.88 प्रतिशत अधिक है। इसमें से 375 लाख बुक किये गए यात्रियों से रुपये 872 करोड़, अन्य कोचिंग से रुपये 65 करोड़, माल परिवहन से रुपये 3770 करोड़, विविध आय रुपये 137 करोड़ शामिल है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक श्री विश्व रंजन नें कहा कि जबलपुर मण्डल रेल प्रशासन अपने सम्माननीय रेल उपभोक्ताओं को शिकायत रहित सेवा प्रदान करने के प्रति कृत संकल्प है, साथ ही रेल राजस्व बढ़ाने के लिए सतत प्रयत्नशील है।

# कलेक्टर और कप्तान ने किया संवेदनशील मतदान केंद्रो का दौरा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आज लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में जबलपुर में मतदान होना है। जिसके चलते कल शाम को कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना और पुलिस कप्तान आदित्य प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से संवेदनशील मतदान केंद्रो का भ्रमण कर जायज़ा लिया। इस दौरान उन्होंने भ्रमण करते हुए थाना हनुमानताल अंतर्गत शासकीय उर्दू स्कूल क्रमांक 1 एवं 2 तथा गोहलपुर, अंतर्गत मंसूराबाद स्थित उर्दू प्राथमिक शाला, रांझी के लक्ष्मीनारायण यादव विद्या भवन, टैगोर कैंट पब्लिक स्कूल संवेदनशील



मतदान केन्द्रों का भ्रमण करते हुये मतदान केन्द्र के अंदर एवं बाहर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पानी की व्यवस्था एवं शौचालय आदि की व्यवस्था है कि नहीं को देखा तथा मतदान दल एवं सुरक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के लिये खाने व अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेकर दिश निर्देश दिए।

# डेढ़ घंटे पहले होगा मॉक पोल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोकसभा चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने.अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल दिखावटी मतदान कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल में कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को मॉक पोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा । निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉक पोल दिखावटी मतदानद्ध करायेंगे। मॉक पोल प्रारम्भ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित रहना चाहिये। यदि मॉक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित न होए ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट मॉक पोल शुरू करने के लिये प्रतीक्षा कर सकता है और यदि तब भी कोई मतदान अभिकर्त्ता नहीं आते हैं तो पीठासीन अधिकारी मॉक पोल शुरू कर सकते हैं।

# मदुरै तक चलेगी जबलपुर कन्याकुमारी समर स्पेशल

## कन्याकुमारी से मदुरै के बीच रहेगी निरस्त, पमरे का फैसला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मावकाश में भीड़ को कम करने के लिए गाड़ी संख्या 02122/02121 जबलपुर-कन्याकुमारी-जबलपुर के मध्य अप्रैल से जुलाई तक के लिए 15-15 ट्रिप सुपरफास्ट साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया था जिसे अब जबलपुर-मदुरै जंक्शन-जबलपुर के मध्य चलाने का निर्णय लिया गया है। अर्थात यह स्पेशल ट्रेन मदुरै-कन्याकुमारी-मदुरै के मध्य निरस्त रहेगी। यह स्पेशल ट्रेन जबलपुर प्रस्थान/टर्मिनेट होकर दोनों दिशाओं में नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, बल्लारशाह एवं चेन्नई एग्मोर स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 02122 जबलपुर-मदुरै जंक्शन स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 18 अप्रैल से 25 जुलाई तक जबलपुर स्टेशन से सायं 4.25 बजे प्रस्थान कर नैनपुर 7.14 बजे, बालाघाट 8.45 बजे, गोंदिया 9.30 बजे पहुंचकर अगले दिन बल्लारशाह 02.10 बजे पहुँचकर विजयवाड़ा, चेन्नई एग्मोर होते हुए शनिवार मध्य रात्रि 12.15 बजे मदुरै जंक्शन स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02121 मदुरै जंक्शन-जबलपुर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनांक 20 अप्रैल से 27 जुलाई तक मदुरै जंक्शन स्टेशन से रात्रि 11.35 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह चेन्नई एग्मोर 07.10 बजे, बल्लारशाह 10.10 बजे पहुंचकर तीसरे दिन गोंदिया 8 बजे, नैनपुर 04.05 बजे और सोमवार को 07.40 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

# व्हीएफजे के पीआरओ मीणा चेन्नई स्थानांतरित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** व्हीकल फैक्टी जबलपुर में पदस्थ रामेश्वर मीणा, संयुक्त महाप्रबंधक एवं जनसंपर्क अधिकारी का स्थानांतरण एवीएनएल मुख्यालय, चेन्नई हो गया है। श्री मीणा पिछले 17 वर्षों से व्हीएफजे में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वर्ष 2007 में उन्होंने सहायक कार्यप्रबंधक के पद पर निर्माणी में कार्यभार संभाला था तथा 2017 से ये संयुक्त महाप्रबंधक के रूप में कार्य कर रहे थे। इन 17 वर्षों के दौरान उन्होंने प्रोडक्शन, क्वालिटी, एच आर, फायनेंस, प्लानिंग तथा रिसर्च एवं डेवलपमेंट जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है। ऑटोमोबाइल फैक्टरी के रूप में ख्याति प्राप्त व्हीकल फैक्टरी में उन्होंने सारंग गन की अपगनिंग के



महत्वपूर्ण कार्य को स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके प्रयासों से ही एक ऑटोमोबाइल फैक्टरी में आर्टिलरी गन की अपगनिंग का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सका है। उनके इस विशेष प्रदर्शन को रेखांकित करते हुए पूर्व आयुध निर्माणी बोर्ड ने उन्हें वर्ष 2020 में आयुध भूषण अवार्ड से सम्मानित किया है। उत्पादन कार्यों के साथ-साथ श्री मीणा ने निर्माणी में लगभग 07 वर्षों तक खेल अधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं तथा पूर्व आयुध निर्माणी बोर्ड स्पोर्ट्स प्रमोशन काउंसिल के अंतर्गत 03 अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले कई वर्षों से आप व्हीएफजे में जनसंपर्क अधिकारी के रूप में विभिन्न मीडिया हाउसेस के संपर्क में रहे हैं तथा निर्माणी में हो रही गतिविधियों की जानकारियां मीडिया के साथ साझा करते आ रहे हैं। उनके स्थानांतरण पर निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक संजीव कुमार भोला सहित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं कामगारों ने अपनी स्नेहिल शुभकामनाओं के साथ उन्हें भावभीनी विदाई दी है।

# श्रीराम नवमी में जगह-जगह मंदिरों से जवारे का निकला जुलूस





सतना ब्यूरो।

श्रीराम नवमी के दिन कई जगहो से मां के जवारे काली खप्पड का जुलूस निकाला गया । जगत वही श्रीराम की सोभा यात्रा निकाली गई। जवारे बजरहा टोला टिकुरिया टोला शेरगंज महदेवा पतेरी से जवारे निकाले गये मां के भजन सुबह से ही चलते रहे। इसी प्रकार पतेरी में मां काली मंदिर में कई जवारे आये मां के दरबार में पतेरी वार्ड 29 में महेश वर्मा ने अपने घर में शारदा माता के जवारे बोये थे और मां काली के नाम के महेश वर्मा के घर से जवारे काली मां और खप्पर लिये नाचती हुई पतेरी होते हुये महदेवा मां काली के दरबार में झन्डे जवारे का जुलूस गया और मां काली की पूजा की गई । सोनी वर्मा ने बताया कि काली जी के बाद हम सब मैहर शारदा मंदिर जा रहे है। काली का सिंगार करने वाले जी.पी दाहिया,खप्पर नाचने वाले सूरज उचेहरा राजेश सोनी महिपाल सिंह संतोष दाहिया,छेदीलाल , काफी लोग शामिल रहे।

संगीत में राकेश सोनी,जीत्तू,उपेन्द्र सिंह, बंशगोपाल,रामसुरेश,महेश तिवारी व विनोद अग्रवाल, पवन दाहिया बेट्टन ,बेलानी अरूण वर्मा,नरेश दाहिया पंकज ,रामप्रसाद काफी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

आरती करने वाले -दुर्गेश दाहिया विनोद अग्रवाल,महेश तिवारी, सूरज मुकेश हजार की संख्या में लोग मौजूद रहे।



# कलेक्टर ने लिया पार्किंग का जायजा

**सतना ब्यूरो।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दलों की रवानगी और वापसी के लिये वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने किया। इस मौके पर उन्होने अधिकारियों से कहा कि पार्किंग स्थल पर और पार्किंग तक आने जाने वाले मार्ग में प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाये। इसी प्रकार मतदान दलों के लौटने पर सुरक्षित रुप से स्ट्रांग रुम तक पहुंचने के लिये सुरक्षा के प्रबंध भी किये जायें। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम सिटी नीरज खरे, एसडीएम रघुराजनगर राहुल सिलाढ़िया, एसडीएम उचेहरा सुधीर बैक, एसडीएम रामपुर बघेलान आरएन खरे, डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, ईई पीडब्ल्यूडी बीआर सिंह, इलेक्शन सुपरवाइजर द्वारिकेंद्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पक्षियों को पानी पीने कलेक्टर बंगले में लगाये गये सकोरे



**सतना ब्यूरो।** पक्षियों को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल उपलब्ध कराने मंगलवार को सतना कलेक्टर बंगले में पक्षी मित्र देवालय समिति के द्वारा पक्षियों के पानी पीने के लिये सकोरे लगाए गए। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने भी सकोरे लगाने के कार्य में सहर्ष भागीदारी निभाई।

# अधिकाधिक मतदान के लिये करें हर जरूरी उपाय : राजन

**सतना ब्यूरो।** मतदाता जागरुकता गतिविधियों में और तेजी लायें। हर जरूरी उपाय कर मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने के लिये जागरुक करें तथा अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित करायें। प्रयास यह हो कि लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत विधानसभा निर्वाचन से अधिक ही हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने मंगलवार को सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों, स्वीप के जिला नोडल अधिकारियों तथा प्रदेश के सभी नगर निगमों के आयुक्तों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये यह निर्देश दिये। श्री राजन ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये ऐसी आकर्षक गतिविधियां आयोजित करें, जिससे मतदाता वोट करने के लिये स्वत: प्रेरित हों। सतना कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा, सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सहायक नोडल स्वीप सौरभ सिंह, जिला संगठक एनएसएस डॉ क्रांति मिश्रा उपस्थित रहे।

**मतदान केन्द्रों को वोटर्स फ्रेन्डली बनायें-** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने कहा कि सभी कलेक्टर्स मतदान केन्द्रों को वोटर्स फ्रेंडली बनायें। मतदान करने मतदान केन्द्र तक आये मतदाता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। इसके लिये मतदान केन्द्र में सभी समुचित व्यवस्थाएँ की जायें। मतदान केन्द्र में छाया, ठण्डा पानी, दवा, ओआरएस पैकेट उपलब्ध रहें। मतदान दल या अन्य किसी को भी चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होने पर उसे तत्काल उपचार मिल सके, इसके लिये सभी प्रबंध किये जायें। सेक्टर ऑफिसर्स के साथ पैरामेडिकल स्टॉफ भी मौजूद रहे।

**लम्बी कतारें न लगें, इसके लिये अतिरिक्त कर्मचारी भी लगायें**

श्री राजन ने सभी कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि मतदान करने के लिये मतदाताओं को लंबी लाईनों में कतई इंतजार न करना पड़े। इसके लिये वे मतदान केन्द्रो में अतिरिक्त कर्मचारी भी लगा सकते हैं। प्रयास करें कि मतदाता कम से कम समय में मतदान कर लें।

**भण्डार केन्द्रों का निरीक्षण कर लें**

श्री राजन ने कहा कि सभी कलेक्टर्स अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी प्रकार के वेयरहाउसेस और भण्डार केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर लें और यह देखें कि वहां किसी भी प्रकार की अवैध सामग्री या आपत्तिजनक वस्तु का भण्डारण तो नहीं किया गया है। इसके लिये वे अपने सूचना व निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत करें।

# रंग विरगे परम्परागत परिधानों में भी आये मतदान दल

## मतदान सामग्री वितरण स्थल पर त्योहारों में उत्सव जैसा रहा वातावरण





**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन हेतु उमरिया जिले में सामग्री वितरण हेतु बनाया गया पंडाल शादियों के मण्डप जैसा सजाया गया था, जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द कुमार जैन व्दारा मानपुर तथा वाधंवगढ विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग अलग वितरण केन्द्र बनवाये गए थे, सभी मतदान दलों के लिए कुर्सी टेबल में बैठने तथा सामग्री वितरण की व्यवस्था की गई थी, सामग्री वितरण व्यवस्था दल व्दारा मतदान दलों को उनकी सीटों में पहुंचाकर सामग्री उपलब्ध कराई गई, दलों के जलपान की भी व्यवस्था की गई थी, जिला प्रशासन की व्यवस्था से मतदान प्रशन्न थेरू सुबह 6 बजे से मतदान दलों का पहुंचना शुरू हो गया था इन दलों में महिला मतदान दल परंपरागत वेशभूषा में पहुंची थी तो कई दल रंग बिरंगे परिधानों में पहुंची थी, पुरूषों का उत्साह भी कम नहीं था, कई लोग धोती कुर्ता में तो कुछ दल बैगा जनजाति की वेशभूषा में पहुंचे थे, दलों में काफी उत्साह था, उनका कहना था कि लोकसभा निर्वाचन के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हमें भी सहभागी बनने का अवसर मिला है। पुलिस अधीक्षक व्दारा पुलिस बल की रवानगी की अच्छी व्यवस्था की गई थी, रवानगी के पूर्व उन्हें भोजन पैकेट भी वितरित किये गए। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एआरओ तथा जिला निर्वाचन अधिकारी की टीम ने शुभकामनाएँ देकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया। सामग्री वितरण स्थल के पास ही वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, पूछताछ केन्द्र, मेडिकल टीम, पेयजल व्यवस्था भी की गई थी। इसके साथ ही कैन्टीन की व्यवस्था, जो मतदान दल के सदस्य एक दिन पूर्व आ गये थे उनके ठहरने की भी व्यवस्था की गई थी।



# काली नृत्य के साथ ज्वालामुखी मंदिर पहुंचा जवारा जुलूस

## उमरार नदी में श्रद्धाभाव के साथ किया गया जवारों का विसर्जन

**उमरिया ।** बुधवार 17 अप्रैल को चौत्र नवरात्र के नवमीं तिथि पर जवारा विसर्जन की धूम रही। जिला मुख्यालय स्थित माँ ज्वालामुखी मंदिर सहित शहर के देवी मंदिरों व घरों के देवी दिवालों से जवारा विसर्जन के लिए जुलूस निकले। ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी क्षेत्रों कैम्प मोहल्ला, खलेशर, पुराना पड़ाव, शांति मार्ग, बहरा धाम, फजिलगंज, रमपुरी, मोहनपुरी सहित अन्य स्थलों में रखे गए जवारों का बुधवार 17 अप्रैल को विसर्जन हुआ। इस दौरान पुरुषों और महिलाओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सिर पर जवारा कलश लिए महिलाएं भक्तिभाव में झूम रहीं थीं उनके आगे- आगे माँ काली का रूप धारण कर नृत्य कर रहे थे वही पंडा और भक्त माँ काली नृत्य के साथ हाथ मे खप्पर लेकर श्रद्धाभक्ति में लीन नृत्य करते हुए चल रहे थे। नवरात्र पर्व के नवमी के दिन दिनभर शहर माता की भक्ति से ओतप्रोत दिखा। ज्ञात हो कि शहर की देवी मंदिरों व घरो से महिलाएं एवं बच्चियां अलग अलग टोलियों में अपने सिर पर जवारा रख जवारा विसर्जन के लिए स्थानीय माँ ज्वालामुखी मंदिर स्तिथ उमरार नदी घाट के लिए रवाना हुई। जहां देवी पूजा अर्चना कर विधि विधान व श्रद्धाभाव के साथ जवारों का विसर्जन किया गया। ज्ञात हो कि चौत्र नवरात्र के प्रथम दिन से नौ दिनों तक मां की आराधना में लीन भक्तों ने श्रद्धापूर्वक मां का पूजन अर्चन कर व्रत का समापन किया। सभी देवी मंदिरों सहित घरों में कन्या पूजन के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माँ काली मंदिर, माँ वैष्णो देवी मंदिर, शारदा मंदिर, माँ अन्नपूर्णा देवी मंदिर, माँ शाकाम्भरी मंदिर सहित अनेक स्थानों में भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

## आईसीजेएस पोर्टल, आईएस एवं ई प्रिसन के संबंध में जागरुकता कार्यक्रम संपन्न



**उमारिया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण न्यू दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री एम एस तोमर अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया एवं जिला न्यायाधीश.सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री जितेन्द्र कुमार बाजोलिया के निर्देशन में 18 अप्रैल को एडीआर सेंटर भवन उमरिया के कांफ्रेंस हॉल में आईटी के अंतर्गत आईसीजेएस पोर्टल एवं सीआईएस एवं ई प्रिसन के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में माननीय प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुधीर कुमार सीजेएम श्रीमती वर्षा सिंह भाटी द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्रीमती वीणा खालगो द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्री आशीष धुर्वे प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड श्री मोहन डावर उप जेल अधीक्षक जिला जेल उमरिया श्री माखन सिंह मार्को जूनियर सिस्टम एनालिस श्री सुवेद जयसवाल लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम के समस्त कर्मचारी पैनल अधिवक्ता पीएलवी आदि उपस्थित रहे। उक्त जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ई प्रिजन के सम्बन्ध में ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में, श्री आशीष धुर्वे प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं श्री सुवेद जयसवाल जूनियर सिस्टम के द्वारा जानकारी प्रदान की गई।

## बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र 89 में 21 पिंक मतदान केंद्र बनाये गये

**उमरिया ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 19 अप्रैल 2024 को जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों क्रमश: 89 बांधवगढ़ एवं 90 मानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। जिले में 585 मतदान केन्द्र बनाये गये है जिसमें से बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र में 21 पिंक मतदान केन्द्र बनाएं गए है ।

## नाबालिग भांजी को बनाया हवस का शिकार

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत रिश्ते को कलंकित कर देने का मामला सामने आया है। रिश्ते के मामा ने नाबालिक भांजी के साथ दुष्कर्म किया। पीडित की शिकायत पर आरोपी पर 376 सहित पास्को की धारा की तहत मामला कायम कर लिया गया है। नौरोजाबाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेष किया। प्राप्त जानकारी अनुसार उमरिया जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत राघवपुर मे रिश्ते को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है जिसमे रिश्ते के मामा ने अपनी नाबालिग भांजी को अपनी हवस का शिकार बनाया है। जिसकी आप बीती पीडित ने अपने परिजनों को बताई है। पीडित की शिकायत पर नौरोजाबाद पुलिस ने 376 सहित पासको एक्ट के तहत मामला कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। दरसल दुष्कर्म का शिकार नाबालिग लड़की घर पर अकेली थी तभी उसके रिश्ते के मामा ने अकेले पन का सहारा लेते हुए उसको खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

# उपार्जन कार्य में हो रही अनियमितता पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें अधिकारी

## कलेक्टर ने जिम्मेवार अधिकारियों को जारी किये नोटिस

सतना ब्यूरो।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले में चल रहे गेहूं खरीदी केंद्रों में निरीक्षण के दौरान अनियमिततायें प्रकाश में आने पर जिला आपूर्ति अधिकारी, उपायुक्त सहकारिता, जिला प्रबंधक राज्य आपूर्ति निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक और जिला विपणन अधिकारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशानुसार उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनोज कश्यप द्वारा नागौद क्षेत्र के 5 उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपार्जन कार्य में अनियमितता पाई गई हैं। उप संचालक कृषि के प्रतिवेदन अनुसार कलेक्टर श्री वर्मा ने जिला आपूर्ति अधिकारी, उपायुक्त सहकारिता, जिला प्रबंध नागरिक आपूर्ति निगम, सीईओ केंद्रीय सहकारी बैंक और जिला विपणन अधिकारी से उपार्जन कार्य में हो रही अनियमितता के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

इन उपार्जन केंद्रों में मिली कमियां

कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि द्वारा विकासखंड नागौद के उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करने के दौरान नागौद सब्जी प्रांगण में संचालित विपणन सहकारी समिति के उपार्जन केंद्र में पाया गया कि नापतौल विभाग द्वारा तौलकांटों का प्रमाणीकरण नहीं किया है। बिना सर्वेयर के खरीदी कार्य किया जा रहा है। रेंडम आधार पर बोरियों का वजन कराने पर निर्धारित मात्रा में 50.6 किलोग्राम प्रतिबोरी के स्थान पर 51.13 किलोग्राम वजन पाया गया। साथ ही कृषकों से प्रति बोरी 5 रुपये तुलाई ली जा रही है। केंद्र में नमी मापक भी नहीं है। इसी केंद्र में गेहूं के साथ-साथ चना, मसूर और सरसों की खरीदी भी की जा रही है। चना, मसूर और सरसों की तुलाई के लिये केंद्र में कुल 6 तौलकांटे हैं। उन्हीं से गेहूं तुलाई का का कार्य किया जा रहा है। जो कि नापतौल विभाग से प्रमाणित नही हैं। केंद्र में नमी मापक भी नही हैं।

इसी प्रकार गेहूं खरीदी केंद्र सेवा सहकारी समिति नागौद बारापत्थर के चंपारानी वेयरहाउस गंगवरिया खरीदी केंद्र के निरीक्षण के दौरान सर्वेयर अनुपस्थित रहे। तौल कांटे प्रमाणित नहीं मिले। खरीदी का कार्य पुराने वर्ष के बारदानों में किया जाना पाया गया। साथ ही बोरियों में निर्धारित मात्रा से अधिक की तौल पाई गई। केंद्र में नमी मापक भी नही मिला। उप संचालक द्वारा गेहूं खरीदी केंद्र सेवा सहकारी समिति सेमरी के वैभव लक्ष्मी वेयरहाउस खरीदी केंद्र के निरीक्षण में सर्वेयर और समिति प्रबंधक अनुपस्थित पाये गये। केंद्र में सर्वेयर की नियुक्ति ही नहीं की गई। ऑपरेटर द्वारा बताई गई जानकारी के अनुसार कुल खरीदी 7342.5 क्विंटल, रेडी टू ट्रांसपोर्ट की मात्रा 5230 क्विंटल और भंडारित मात्रा 2785 क्विंटल है। खरीदी किया गया गेहूं गोदाम के बाहर पड़ा हुआ है, मौसम खराब होने के कारण नुकसान होने से शासन को आर्थिक क्षति होने की संभावना है। खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान सेवा सहकारी समिति सेमरी द्वारा चना, मसूर और सरसों के उपार्जन कार्य में उपयोग हो रहे तौलकांटे प्रमाणित नहीं पाये गये। केंद्र में नमी मापक भी नहीं मिला। निरीक्षण किये गये पांचों खरीदी केंद्र में अनियमिततायें मिलने पर कलेक्टर ने गेहूं खरीदी से संबंधित सभी विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी की है।

**नियमानुसार करें आवश्यक कार्यवाही-** कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधितों को खरीदी केंद्रों में बिना प्रमाणित तौलकांटो से हो रही तौल, कृषकों से तुलाई के लिये 5 रुपये प्रति बोरी चार्ज वसूलने, सर्वेयर की नियुक्ति नहीं करने, सभी खरीदी केंद्रों में निर्धारित वजन से अधिक मात्रा में तौल करने और समितियों में छन्ने उपलब्ध नहीं होने पर नोटिस जारी करते हुये स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के साथ-साथ नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही भी करने के निर्देश दिये हैं।

**नापतौल निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस-** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने उपार्जन केंद्रों में निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र में तौलकांटो का सत्यापन नहीं मिलने पर नापतौल विभाग के निरीक्षक दीपक गौंड़ को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर श्री वर्मा ने जारी नोटिस में कहा है कि निरीक्षण के दौरान एक भी खरीदी केंद्र में उपयोग हो रहे तौलकांटो का सत्यापन नहीं पाया गया है तथा खरीदी केंद्रों के तौलकांटों में एक ही बोरी को अलग-अलग कांटो में तौल करने पर वजन की मात्रा में भिन्नता पाई गई है। खरीदी केंद्रों के तौलकांटो का सत्यापन नहीं किया जाना पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही का द्योतक है, और यह मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत कदाचरण की श्रेणी में आता है। नापतौल निरीक्षक को तीन दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये गये हैं। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# 'राम बनाए बिगड़े काज' की उम्मीद से प्रभु श्रीराम की शरण में पहुंचे प्रत्याशी, आज होगा प्रातः 7 बजे से मतदान





मण्डला ( स्वतंत्र मत )।

लोकसभा चुनाव में मतदान के अंतिम समय प्रत्याशी भगवान श्रीराम की शरण में दिखाई दिए। राम नवमी के अवसर पर आयोजित धर्मोत्सव परिवार द्वारा आयोजित वाहन रैली में भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते पहुंचे और जय श्रीराम के नारे लगाते हुए ध्वज लेकर रैली में शामिल हुए। एक तरह से उन्होंने रामभक्तों से समर्थन भी मांगा तो वहीं रामनवमीं के दिन शाम के समय हरदौल लाला मंदिर बड़ चौराहा से आयोजित प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा में कांग्रेस प्रत्याशी ओमकार मरकाम पहुंचे और भगवान श्रीराम की चरणवंदना करते नजर आए यहां पर भी श्री मरकाम शोभायात्रा में शामिल लोगों से मिलते नजर आए। जिसकी चर्चा सोशल मीडिया में भी दिखाई दी। अनेक तक तरह के कमेंटस दिखाई दिए। कुलमिलाकर दोनो ही प्रत्याशी मतदाताओं से समर्थन की गुजारिश करते दिखे है आज होने वाले मतदान के बाद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईव्हीएम में कैद हो जाएगा। कौन जीतेंगा और कौन हारेगा इसका फैसला 4 जून को मतगणना के बाद ही होगा।

### आज प्रातः 7 बजे से होगा मतदान

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मंडला संसदीय क्षेत्र के 8 विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान से पूर्व प्रातः 5:30 बजे सभी मतदान केन्द्रों में मॉकपोल किया जाएगा। मतदान के लिए मंडला जिले के अंतर्गत आने वाले तीनों विधानसभा क्षेत्रों के बूथ के लिए सामग्री का वितरण 18 अप्रैल को शासकीय पॉलीटेक्निक परिसर से किया जाएगा। सामग्री वितरण के लिए जिले के तीनों विधानसभा के लिए 17-17 काउंटर बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के लिए संसदीय क्षेत्र में 2614 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें विधानसभा शहपुरा में 336, डिंडौरी में 319, बिछिया में 304, निवास में 321, मंडला में 320, केवलारी में 353, लखनादौन में 407 तथा गोटेगांव में 254 मतदान केन्द्र नियत किए गए हैं।

### मंडला संसदीय क्षेत्र में 2101811 मतदाता

मंडला संसदीय क्षेत्र में कुल 2101811 मतदाता हैं जिनमें 1050243 पुरूष, 1051542 महिला तथा 26 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा शहपुरा में कुल 271083 मतदाता हैं जिनमें 135237 पुरूष, 135844 महिला एवं 2 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा डिंडौरी में कुल 250201 मतदाता हैं जिनमें 124332 पुरूष, 125859 महिला एवं 10 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा बिछिया में कुल 263111 मतदाता हैं जिनमें 129546 पुरूष, 133564 महिला एवं 1 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा निवास में कुल 268661 मतदाता हैं जिनमें 132087 पुरूष, 136573 महिला एवं 1 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा मंडला में कुल 271526 मतदाता हैं जिनमें 134219 पुरूष, 137305 महिला एवं 2 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा केवलारी में कुल 262076 मतदाता हैं जिनमें 132173 पुरूष, 129900 महिला एवं 3 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा लखनादौन में कुल 297532 मतदाता हैं जिनमें 151088 पुरूष, 146441 महिला तथा 3 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। इसी प्रकार विधानसभा गोटेगांव में कुल 217621 मतदाता हैं जिनमें 111561 पुरूष, 106056 महिला तथा 4 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं।

### 27444 दिव्यांग तो 1433 सर्विस वोटर

मण्डला लोकसभा क्षेत्र में कुल 27444 दिव्यांग तथा 1433 सर्विस वोटर हैं। जानकारी के अनुसार शहपुरा में 5118 पीडब्ल्यूडी तथा 90 सर्विस वोटर हैं। विधानसभा डिंडौरी में 3261 पीडब्ल्यूडी एवं 82 सर्विस वोटर हैं। बिछिया विधानसभा में 3798 दिव्यांग एवं 207 सर्विस वोटर हैं। निवास विधानसभा में 3897 दिव्यांग एवं 406 सर्विस वोटर हैं। मंडला विधानसभा में 3436 दिव्यांग एवं 260 सर्विस वोटर हैं। केवलारी विधानसभा में 3161 दिव्यांग एवं 165 सर्विस वोटर हैं। लखनादौन विधानसभा में 3223 दिव्यांग एवं 121 सर्विस वोटर हैं। इसी प्रकार गोटेगांव विधानसभा में 1550 दिव्यांग एवं 102 सर्विस वोटर हैं।

### कुल 8555 बुजुर्ग मतदाता

मंडला संसदीय क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल 8555 बुजुर्ग मतदाता हैं। जिनमें विधानसभा शहपुरा के 1241, डिंडौरी के 719, बिछिया के 968, निवास के 776, मंडला के 816, केवलारी के 942, लखनादौन के 1182 तथा गोटेगांव के 1911 मतदाता शामिल हैं।

### पहली बार करेंगे मतदान

संसदीय क्षेत्र मंडला में 18-19 आयु वर्ष से अधिक आयु के कुल 69293 मतदाता हैं जो लोकसभा निर्वाचन में पहली बार मतदान करेंगे। जानकारी के अनुसार विधानसभा शहपुरा में 8569, डिंडौरी में 7438, बिछिया में 9099, निवास में 9296, मंडला में 9151, केवलारी में 9559, लखनादौन में 10694 तथा गोटेगांव में 5487 मतदाता 18-19 आयु वर्ग के हैं।

### 75 बूथों पर सीसीटीव्ही कैमरे

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से संपूर्ण व्यवस्था की जा रही है। साथ ही निर्वाचन कार्य की निगरानी के लिए भी वेबकास्टिंग और सीसीटीव्ही का सहारा लिया जा रहा है। मंडला जिले की 3 विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले 945 मतदान केन्द्रों में से 535 बूथ में वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही 75 बूथों पर सीसीटीव्ही लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा 50 अन्य बूथों पर अतिरिक्त कैमरा वेबकास्टिंग तथा 48 बूथों पर पीएसएल की व्यवस्था भी की गई है।

## छायाकार नीतेश हुए जबलपुर में सम्मानित



मण्डला ( स्वतंत्र मत )।

मिलन फोटोग्राफिक सोसायटी जबलपुर द्वारा स्व. शशिन यादव की स्मृति में विगत 48 वर्षों से आयोजित ये जाने अनजाने छायाकार फोटो प्रतियोगिता प्रदर्शनी का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी किया गया है। प्रतियोगिता के पुरस्कार 16 अप्रैल की शाम 5 बजे से रानी दुर्गावती संग्रहालय स्थित हीरालाल राय कला विथिका में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश धीरावानी, विशिष्ट अतिथि डॉ. हर्ष सक्सेना तथा अध्यक्षता डॉ. छाया राय ने की। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 150 छायाकारों के 1250 छायाचित्र की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रतियोगिता में मंडला के उभरते छायाकार नीतेश पटेल ने स्वेत श्याम और रंगीन केटेगिरी में अपने छाया चित्र भेजे थे देश भर से आए छाया चित्रों में दोनो ही केटेगिरी में नीतेश पटेल के छाया चित्रों का चयन हुआ और उन्हें सम्मानित किया गया।

बता दें कि नीतेश पटेल ने मंडला में फोटोग्राफी को उच्च स्तर में पहुंचने प्रयास किया है आज की सफलता इसका परिणाम है। बता दें कि नीतेश लंबे समय से फोटोग्राफी, फोटोसूटिंग, वीडियोग्राफी में कार्य कर रहे हैं इसके पहले भी उन्हें अनेक सम्मान मिल चुकें हैं। जबलपुर में सम्मानित होने पर मित्र और पत्रकार साथियों ने बधाई दी है।

## निर्वाचन सामग्री लेकर मतदान दल रवाना

मण्डला ( स्वतंत्र मत )



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दलों को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से निर्वाचन सामग्री का वितरण कर उन्हें वाहनों द्वारा मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने सामग्री वितरण स्थल पर उपस्थित रहते हुए व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। शासकीय पॉलीटेक्निक परिसर में सबसे पहले मूल आदेशों का वितरण किया गया जिसके लिए प्रति विधानसभा 16-16 काउंटर बनाए गए थे। इसके पश्चात ईव्हीएम सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया जिसके लिए कुल 47 काउंटर बनाए गए। इससे पूर्व संबंधित रिटर्निंग अधिकारी तथा अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्राँग रूम खोलने की कार्यवाही की गई। सामग्री वितरण स्थल पर मतदान दलों के सदस्यों की सुविधा के लिए पर्याप्त मात्रा में स्पष्ट संकेतक लगाए गए थे। इन संकेतकों में सामग्री वितरण से संबंधित सभी जानकारियाँ अंकित की गई थी। साथ ही परिसर का नक्शा सहित आवश्यक जानकारी तथा विधानसभावार मतदान केन्द्रों की दूरियां भी प्रदर्शित की गई थी जो मतदान दल के सदस्यों के लिए सहयोगी बने हैं। बिछिया विधानसभा के संकेतकों में हरे रंग, निवास में लाल रंग तथा मंडला के संकेतकों में नीले रंग का उपयोग किया गया था। साथ ही हेल्पडेस्क के माध्यम से भी मतदानकर्मियों को सहयोग प्रदान किया गया।

### 88 ऑल फीमेल तथा 125 मिक्स बूथ

*मण्डला ( स्वतंत्र मत )। आज होने वाले लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में 88 ऑल फीमेल बूथ तथा 125 मिक्स बूथ बनाए गए हैं। ऑल फीमेल बूथ केन्द्रों के मतदान दल में सभी महिला सदस्य हैं, जबकि मिक्स बूथ के मतदान दलों में महिला एवं पुरूष दोनों सम्मिलित हैं। जानकारी के अनुसार बिछिया विधानसभा में 25, निवास विधानसभा में 33 तथा मंडला विधानसभा में 30 ऑल फीमेल बूथ बनाए गए हैं। इसी प्रकार बिछिया विधानसभा में 50, निवास विधानसभा में 25 तथा मंडला विधानसभा में 50 मिक्स बूथ बनाए गए हैं। मतदान दलों में शामिल महिला अधिकारियों में मतदान को लेकर खासा उत्साह*



## पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ सम्पन्न

**मण्डला ( स्वतंत्र मत )।** पंचकुडींय गायत्री महायज्ञ व श्रीराम जन्मोत्सव गायत्री शक्तिपीठ मे सभी परिजनों की उपस्थिति मे मनाया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम के पश्चात नौ दिवसीय पंचकुडींय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहूति सम्पन्न हुई। तत्पश्चात सामूहिक भोज प्रसाद प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम कु. अदिति वर्मा, कु. स्वाति वर्मा एंव परिव्राजक जंयत वर्मा ने सम्पन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान दीपक साहू ने अंखड दीप श्रृद्धा संवर्धन यात्रा कार्यक्रम के संबंध में बताया कि जिले की सभी तहसीलों मे यात्रा का संदेश पहुंच गया है स्थानीय शक्तिपीठ का रथ क्रमांक 123 टॉप 10 की सूची में है और इस यात्रा मे जंयत वर्मा उत्तम चंद मर्सकोले का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है पंचायत स्तर मे अभी जिले मे 351 पंचायत मे संपर्क हो गया है संपूर्ण मध्यप्रदेश मे 15 हजार की अभी तक की जानकारी प्राप्त है अभियान की तारीख को 10 मई तक बढ़ा दिया गया है अभियान मे सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों का सामूहिक रूप से आभार व्यक्त कर शक्तिपीठ व विसर्जन सम्पन्न किया गया।

## पहले करेंगे मतदान फिर दूजा काम



**मण्डला ( स्वतंत्र मत )।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने जिलेवासियों से अपील की है। आज वें सारे काम छोड़कर मतदान जरूर करें। लोकतंत्र के महापर्व के यज्ञ पूर्णाहूति के लिए एक-एक मत की कीमत होती है जिले में मतदान को बढ़ावा देने व लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए परिषद ने अभियान चलाया था। राष्ट्रीय पर्व मतदान में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लें। आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। यही नहीं यदि जरूरत पड़े तो मतदान केंद्र तक लोगों को पहुंचाने में भी मदद करें। मतदान हमारा अधिकार के साथ-साथ दायित्व भी है, इसलिए प्रत्येक मतदाता को अपने घर से निकलकर नजदीकि मतदान केन्द्र में अपना मत जरूर करें। मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक का नियत किया गया है।




## हरे माधव प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**मण्डला ( स्वतंत्र मत )।** हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति के द्वारा दुर्गा मंदिर कटरा में हरे माधव प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हरे माधव समिति के पदाधिकारी एवं पूज्य सिंधी पंचायत मंडला के पदाधिकारी एवं दुर्गा मंदिर कटरा समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। तो वहीं हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा मंडला के द्वारा पड़ाव रोड डिंडोरी नाका के पहले पानी टंकी के सामने हरे माधव प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हरे माधव समिति के पदाधिकारी एवं पूज्य सिंधी पंचायत मंडला के पदाधिकारी एवं आंचल इनर वॉइस सोसायटी के भी सदस्य उपस्थित रहे।

## काली मडिया से निकाले गए जवारे

**मण्डला/बिछिया ( स्वतंत्र मत )।** जिले के भुआबिछिया में काली मडिया स्थित शिव सोनवानी पंडा ने रामनवमी के अवसर पर जवारे विसर्जन किए गए। यहां सैकड़ो की संख्या में जवारे विसर्जन हुए। वार्ड नंबर 10 कांजी हाउस के काली मंदिर में शिव पंडा की मडिया में कई वर्षों से जवारे बोए जाते हैं जिसमें इस वर्ष रामनवमी के अवसर पर जवारे विसर्जन के दौरान छत्तीसगढ़ से आए प्रसिद्ध बाना दल द्वारा अनोखी प्रस्तुति दी। इस दौरान उनके द्वारा शरीर के कई अंगों में बाना छेद कर नृत्य किया गया इसके अलावा बम्हनी से आए बैंड द्वारा सुंदर मनमोहक प्रस्तुति दी गई जवारे विसर्जन के दौरान जवारे शोभा यात्रा बिछिया कांजी हाउस मोहल्ला से एनएच 30 मुख्य मार्ग होते हुए घुटास रोड स्थित तालाब तक निकाली गई। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ काफी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### नगदी सहित 10 लाख से अधिक की सामग्री जप्त

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** जिला मंडला में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिला कम्प्लेंट सेल एवं सी-विजिल कन्ट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक सी-विजिल ऐप के माध्यम से 50 प्रकरण आदर्श आचरण संहिता उल्लंघन से संबधित पाये गये जिन पर एफएसटी टीम द्वारा कार्यवाही की जाकर सभी प्रकरणों को निराकृत किया गया है। निर्वाचन से संबंधित सी-विजिल मोबाईल ऐप के इलेक्शन सीजर मेंनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) द्वारा आबकारी विभाग एवं एसएसटी टीम के माध्यम से 18 अप्रैल 2024 को जिले में 201.60 लीटर शराब जप्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 25300 एवं 33360 नग वस्तुएं जिसकी अनुमानित कीमत 995599 रूपए योग 1020899 सभी सामग्री का कुल मूल्य नगदी सहित जब्त किया गया। जिला कन्टेक्ट सेल के एनजीआरएस/1950 हेल्पलाइन नंबर द्वारा पोर्टल के माध्यम से अब तक कुल 37 शिकायत दर्ज की गई है जिनका निराकरण भी कर दिया गया है। जिले के चारों तरफचैकपोस्ट के माध्यम से एफएसटी एवं एसएसटी टीम द्वारा सतत निरीक्षण/निगरानी का कार्य किया जा रहा है।

### मतदान दलों का आत्मीय स्वागत

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत 19 अप्रैल को मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। इसके लिए मतदान दल निर्वाचन सामग्री लेकर गुरूवार की सुबह शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से निर्धारित वाहनों से अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। जहां पर मतदान केन्द्रों में मतदान दलों का आत्मीय स्वागत किया गया है। मतदानकर्मियों का स्वागत फूलमाला से किया गया। अनेक स्थानों पर पारंपरिक नृत्य, ढोल-बाजों के साथ स्वागत किया गया। इससे मतदानकर्मियों के चेहरे खिल उठे। मतदान दलों के आवास के लिए केन्द्रों में बेहतर व्यवस्था बनाई गई है। मतदान दलों के लिए पेयजल, भोजन, बाल्टी, मग, टूथपेस्ट, साबुन, हेंकी, हेंडवॉश, तेल, कंघी, टॉर्च आदि की व्यवस्था की गई है।

### मतदान हेतु शुष्क दिवस घोषित

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घंटे पूर्व से अर्थात् 17 अप्रैल की शाम 6 बजे से 19 अप्रैल की शाम 6 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना 4 जून को संपूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है। आदेश अनुसार शुष्क दिवस, अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, रिसोर्ट तथा बार से किसी भी मदिरा का विक्रय अथवा सेवा प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले के सम्पूर्ण मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, आहार गृह, गैर मालिकाना क्लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रय, वितरण प्रतिबंधित रहेगा।

### चुनाव के दौरान अध्यापक की मौत

**मण्डला ( स्वतंत्र मत )।** मतदान दलों को सामग्री वितरण के दौरान मूल आदेश प्राप्त कर सहायक अध्यापक मनीराम कांवरे अन्य निर्वाचन सामग्री प्राप्त कर रहे थे, वहां उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई तथा उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय मंडला में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनका दुःखद निधन हो गया। श्री कांवरे के परिवार को रेडक्रॉस की ओर से 50 हजार रूपए सहायता राशि प्रदान की गई है। साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा 15 लाख रूपए की अनुग्रह राशि स्वीकृत की गई है। उनके पुत्र को पात्रता के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति प्रदाय की जाएगी।

### आबकारी ने अवैध शराब की जप्त

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** मंडला जिला में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिला कम्पलेंट सेल एवं सी-विजिल कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक सी-विजिल ऐप के माध्यम से 42 प्रकरण आदर्श आचरण संहिता उल्लंघन से संबधित पाये गये जिन पर एफएसटी टीम द्वारा कार्यवाही की जाकर सभी प्रकरणों को निराकृत किया गया है। निर्वाचन से संबंधित सी-विजिल मोबाईल ऐप के इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम द्वारा आबकारी विभाग एवं एसएसटी टीम के माध्यम से 17 अप्रैल को 587.92 लीटर शराब जप्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 71090 रूपए सभी सामग्री का मूल्य नगदी सहित जप्त किया गया। जिला कम्पलेंट सेल के एनजीआरएस/1950 हेल्पलाइन नंबर द्वारा पोर्टल के माध्यम से अब तक 34 शिकायत दर्ज की गई है जिनका निराकरण भी कर दिया गया है।

### मतदान के लिए परिषद का अभियान

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** लोकतंत्र के महापर्व के यज्ञ पूर्णाहूति के लिए एक-एक मत की कीमत होती है जिले में मतदान को बढ़ावा देने व लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। विद्यार्थी परिषद के द्वारा राष्ट्रहित में शतप्रतिशत मतदान करने के लिए बस्ती में जाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है एवं अधिक से अधिक मतदान हो इसलिए जागरूकता रथ निकाला गया है यात्रा के दौरान लोगों को संदेश दिया कि राष्ट्रीय पर्व मतदान में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लें। आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। यही नहीं यदि जरूरत पड़े तो मतदान केंद्र तक लोगों को पहुंचाने में भी मदद करें।

### ऑटो-फोर व्हीलर की भिंड़त

**मण्डला/बम्हनी( स्वतंत्र मत )।** बम्हनी बंजर के सिलगी पुल के पास बड़ा हादसा हुआ है यहां ऑटो और फोर व्हीलर की टक्कर में ऑटो में सवार सात यात्रियों को चोट आई है जिसमें एक बच्ची भी शामिल एवं एक महिला को गंभीर चोट है जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी बंजर इलाज के लिए लाया गया है।

### कलेक्टर ने दी नितिन को बधाई

**मण्डला ( स्वतंत्र मत )।** कलेक्टर ने मंडला जिले के ग्राम औरई के निवासी नितिन चंद्रौल को यूपीएससी 2023 की परीक्षा में सफलता हासिल करने पर बधाई एवं शुभकामनाए दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग एवं आकिप खान उपस्थित रहे।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक मतदान दल के साथ पुलिस दल भी तैनात रहेगा। इसके साथ ही सेक्टर अधिकारी एवं मतदान दलों को लेकर जाने वाले प्रत्येक वाहनों में जीपीएस लगाया गया है। प्रत्येक वाहन की लोकेशन कंट्रोल रूम में ट्रेक की जाएगी। मतदान केन्द्रों में भी सुरक्षा के समुचित व्यवस्था की गई है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान कराने के लिए 945 मतदान दल गठित किए गए हैं। जानकारी के अनुसार बिछिया विधानसभा में 304, निवास विधानसभा में 321 एवं मंडला विधानसभा में 320 मतदान दल गठित किए गए हैं। इसी प्रकार जिले में कुल 81 दलों को रिजर्व में रखा गया है। बिछिया विधानसभा में 27, निवास में 25 एवं मंडला में 29 मतदान दलों को रिजर्व में रखा गया है।

संपादकीय

# मतदान : कारवां चल पड़ा

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान आज शुक्रवार दिनांक 19 अप्रैल को है। देश की 102 सीटों पर मतदान होगा। मध्यप्रदेश में जबलपुर समेत महाकौशल की सभी 4 और विन्ध्य क्षेत्र की 2 सीटों पर इस बार हो रहा चुनाव संक्रमणकालीन बेला की तरह माना जाना त्रुटिपूर्ण नहीं है। मुख्य मुकाबला सत्तासीन भाजपा और विपक्ष के महागठबंधन 'इंडिया' के बीच जरूर है, लेकिन छोटी-छोटी पार्टियां भी बड़ी पार्टियों के समीकरण को ठेस पहुंचा सकती हैं। इस बीच ईव्हीएम से चुनाव कराने के बदले बैलट पेपर से चुनाव कराने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बहस जारी है। सवाल यह है कि क्या सुप्रीम कोर्ट मताधिकार के मामले में दोनों पक्षों की संतुष्टि के लिए कोई ठोस रास्ता निकाल पाएगा? सुप्रीम कोर्ट का कोई फैसला आ गया जो बैलट पेपर के पक्ष में रहेगा तो इसका फायदा कम से कम 18वीं लोकसभा में तो नहीं मिल पायेगा। बड़ी देर कर दी.... यहां तक आते-आते!

**ईव्हीएम में वोट कैद होना शुरू हो गया। दावे-प्रतिदावों की स्पर्द्धा है। कौन कितना कह जाए, कौन जाने? घोषणा पत्रों का इतना तूफान पहली बार आया है।**

इलेक्टोरल बॉण्ड का मुद्दा इस चुनाव में क्या असर डालेगा? राहुल गांधी ने दावा किया है कि भाजपा 20 लोगों को सब कुछ दे रही है। इलेक्टोरल बॉण्ड योजना को फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक घोषित कर दिया था। फिर भी सरकार ने कोई रोक नहीं लगाई। जिस बात को गंभीरता से लेना था उसे हवा-हवाई कर दिया। आम आदमी भले ज्यादा न समझे, लेकिन आर्थिक मामलों में जुड़े लोग, उद्योगपति, कार्पोरेट जगत तो नासमझ नहीं है। माना जाता है कि चन्दा दो और धंधा लो का खेल खेला जा रहा है। मतदान शुरू हो जाने के बाद ज्यादा कहना उचित नहीं है। लेकिन इतना तो मान ही लो कि घाटा वाली कंपनियों ने घाटे से कई गुना ज्यादा के बॉण्ड कहां से, क्यों खरीदे?

प्रधानमंत्री सहित भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता धर्म की दुहाई दे रहे हैं। आम चुनाव के दौरान केन्द्र सरकार के नुमाइंदों और पीएम नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे धुरंधर नेताओं ने महंगाई एवं बेरोजगारी की चर्चा तक नहीं की। श्री मोदी ने इसके पहले के चुनाव में महंगाई कम करने का वादा किया था। अब 'मोदी की गारंटी है' का वादा करते हुए हसीन सपने दिखाये हैं। कांग्रेस अपने आपको फिर से खड़ा करने की कोशिश में है। राहुल गांधी ने वायनाड से पर्चा भर दिया है। अब अमेठी से भी उनके चुनाव लड़ने का संकेत आया है। 'इंडिया' में बसपा नहीं है, मायावती पहले ही अकेले लड़ने का एलान कर चुकी थीं। दक्षिण भारत के राज्यों में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा वहां पैर मजबूत करमने में लगी हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार दक्षिण भारत में कांग्रेस और हिन्दी पट्टी में भाजपा का पलड़ा भारी दिखाई दिया है। पूर्वी राज्यों में मणिपुर में हुई हिंसा चुनाव में क्या रुख अपनायेगी, अनुमान लगाना कठिन है।

# समाज : हम अकेले क्यों हो रहे हैं, बहुत कष्टकारी है उत्तरकाल की यह गरीबी

वीरेंदर कपूर

हमें स्कूलों में पढ़ाया गया कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। हम प्राणी तो बने रहे, पर बहुत ही कृत्रिम, भौतिकवादी और आत्मकेंद्रित बन गए। इसका दोषी तकनीक, लालच और बेसब्री या फिर तीनों के संयोजन को मान सकते हैं। संयुक्त परिवार से एकल और फिर संक्षिप्त परिवार बन गए। संयुक्त परिवार का अलग ही रुतबा और फायदा था, जहां मजबूत सहयोगी तंत्र और भावनात्मक जुड़ाव था। बुजुर्गों के पास परिवार को देने के लिए ज्ञान था। तीस-चालीस वर्ष के युवा ऊर्जा बांटते, तो बच्चों की हंसी और मासूमियत परिवार में रौनक बिखेर देती थी।



वर्तमान में सुखवाद चरम पर है। मैं, मुझे, मेरा और मेरी जिंदगी फैशन में है। समायोजन को हेय दृष्टि से देखा जाता है। अवज्ञा और अनादर या वाद-विवाद को आधुनिक माना जाता है। बच्चे विदेश चले जा रहे हैं। उनके पास माता-पिता के लिए समय नहीं है। कुछ अपने ही देश में दूसरे शहरों में रहने लगे हैं, उनके पास भी समय नहीं है। माता-पिता बच्चों से जुड़े रहना चाहते हैं, लेकिन बच्चे नहीं।

तीन-चार दशक पहले भारत में तलाक कम होते थे। समाज इसे कतई स्वीकार नहीं करता था। लोग वैवाहिक जीवन के पचास वर्ष साथ रहकर गुजार देते थे। पर आजकल यह कहना फैशन है कि हमने अपनी शादी को बचाए रखने की बहुत कोशिश की, लेकिन निभ न सकी। तर्क दिया जाता है कि विवाह बेमेल था। बेमेल विवाह पहले भी होते थे, पर मेल-मिलाप की भरसक कोशिश की जाती थी।

ज्यादा कमाने का लालच हमारे युवा जोड़ों को दूसरे देशों या शहरों में ले गया। लेकिन उनके माता-पिता अपने मूल देशों या कस्बों में अकेले रह गए। एकल परिवार का विचार सबसे पहले पश्चिम में आया, जो धीरे-धीरे पूर्व तक जा पहुंचा, जहां संयुक्त परिवार की जीवन-शैली थी। युवा जोड़ों को खुद की आजादी और चिंतामुक्त जीवन तो मिला, लेकिन अभिभावकों से मिलने वाला भावनात्मक लगाव छिन गया। हालांकि अब अमेरिकियों की भी सोच बदल रही है और वे संयुक्त परिवार में रहना चाहते हैं।

इस वजह से भारत में वृद्धाश्रमों की वृद्धि हुई है। इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल करने वालों को सब्सिडी दी जानी चाहिए। वृद्धाश्रम का नाम ही डरावना होता है। बेहतर और उज्ज्वल जीवन की तलाश में पूरा जीवन निकल जाता है। उम्र बढ़ने के साथ मनुष्य बुद्धिमान और भावुक हो जाता है और कई बार इतना भावुक हो जाता है कि यह सोचने लगता है कि यह सब किसके लिए कमाया।

सामूहिक जीवन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि हम अकेलेपन से बच जाते हैं। पश्चिमी समाज आज बहुत अकेला है। अकेलापन बहुत बड़ा दुश्मन है। वरिष्ठ नागरिक इसका प्रतिदिन सामना करते हैं। उनके पास धन और ज्ञान तो खूब है, लेकिन इसे साझा करने के लिए कोई नहीं। समाज संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। अलग-अलग समूहों की समस्याएं भी भिन्न-भिन्न हैं।

मदर टेरेसा ने कहा है कि सबसे भयानक गरीबी अकेलापन और प्यार की भावना का न होना है। बच्चों या समाज की ओर से त्यागे गए, आर्थिक रूप से कमजोर लोग आश्रय से ज्यादा अपने अस्तित्व के लिए भटकते हैं। संतोष की बात है कि ऐसे लोगों के लिए एनजीओ और धर्मार्थ संगठन काम करते हैं। जिनके पास पैसा है, वे सेवानिवृत्ति के बाद आरामदायक जीवन के लिए भुगतान करके फाइव स्टार सुविधा हासिल करते हैं। एक चलन यह भी है कि समान विचारधारा वाले बुजुर्ग एक बड़ा-सा घर साझा करते हैं, जिससे बिजली और किराये जैसे खर्च में राहत मिलती है। साथ ही वे एक-दूसरे की देखभाल भी कर सकते हैं।

कुछ महिला और पुरुष अकेले ही रहना चाहते हैं। कुछ ऐसे भी हैं, जो एक-दूसरे का साथ तो चाहते हैं, लेकिन साथ रहेंगे नहीं। इसे अलग ढंग से देखें, तो अकेलापन दूर करने का एक प्रेमालाप है। दुनिया भर की सेना या सशस्त्र बलों के अधिकारियों का आधा जीवन मेस में ही गुजर जाता है। सेना में अधिकारियों की रैंक के अनुसार मेस होती है। समान आयु वालों के साथ भोजन करते हैं। इसलिए हम वरिष्ठ नागरिकों की आवास इकाइयों को होस्टल या मेस के रूप में देख सकते हैं। जापानी लेखक हारुकी मुराकामी ने लिखा है कि लोगों को इतना अकेला क्यों रहना पड़ता है? इसका मतलब क्या है? इस दुनिया में लाखों लोग अपनी संतुष्टि के लिए दूसरों की ओर देख रहे हैं, फिर भी खुद को अलग-थलग कर रहे हैं। क्यों? क्या यह धरती मनुष्य के अकेलेपन को दूर करने के लिए है?

# हवाइयां उड़ातीं हवाई टिकट की कीमतें

**बड़ी संख्या में विमानों का परिचालन रद्द होने से हवाई टिकट की कीमतों में बढ़ोतरी जरूरतमंद यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गई है।**


सतीश सिंह

भारत की इंडिगो एयरलाइन 1.47 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ दुनिया की तीसरी बड़ी विमानन कंपनी बन गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, यात्रियों की संख्या के हिसाब से भारत के विमानन क्षेत्र में इंडिगो एयरलाइन की 60.2 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, जबकि दूसरे स्थान पर एयर इंडिया है, जिसकी हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत है।

विगत छह महीनों में इंडिगो एयरलाइन के शेयर में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जबकि पिछले एक साल में इसके शेयरों ने निवेशकों को 102.55 प्रतिशत का प्रतिफल (रिटर्न) दिया है। पिछले महीने इसके शेयर ने निवेशकों को 18.25 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है। इस साल एक जनवरी से अब तक इसके शेयर ने निवेशकों को 27.78 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है।

इंडिगो एयरलाइन ने दो फरवरी, 2024 को वित्त वर्ष 2023-24 के दिसंबर तिमाही के नतीजे की घोषणा की थी, जिसके अनुसार इंडिगो का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 110.7 प्रतिशत बढ़कर 2,998 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में इसने 1,422.6 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। इतना ही नहीं, दूसरी तिमाही में भी इंडिगो ने 188.9 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। विगत पांच वर्षों में पहली बार किसी भारतीय विमानन कंपनी ने किसी भी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफा दर्ज किया है, क्योंकि दूसरी तिमाही विमानन उद्योग के लिए कमजोर मांग वाला सीजन माना जाता है।

इंडिगो का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एयरलाइन बनना निश्चित रूप से हर्ष एवं गौरव का विषय हो सकता है। यह शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए भी खुशी की बात हो सकती है, क्योंकि इसके शेयर में निवेश करके निवेशकों ने काफी कमाई



की है, लेकिन यह जरूरतमंद यात्रियों के लिए खुशी की बात कतई नहीं हो सकती है। मौज-मस्ती के लिए हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एयर टिकट की कीमत ज्यादा मायने नहीं रखती है, लेकिन किसी बीमार का इलाज के लिए सफर करने या नौकरी में योगदान देने, जरूरी मीटिंग में शामिल होने, आदि के लिए यात्रा करने वालों के लिए लगातार एयर टिकट की कीमत में इजाफा परेशानी का कारण बन गया है।

यात्रा वेबसाइट इक्सिगो के विश्लेषण से पता चला है कि एक से सात मार्च की तुलना में एक से सात अप्रैल की अवधि में कुछ हवाई मार्गों पर किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ गया है। इस अवधि में दिल्ली से बंगलूरू के बीच के उड़ानों के लिए एक तरफ का किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जबकि दिल्ली से श्रीनगर के हवाई किराये में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइन के पास 320 से ज्यादा विमानों का बेड़ा है, जो हर दिन 1,900 से ज्यादा फेरे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय शहरों में लगाते हैं। वर्ष 2024 में 150 नए विमानों को घरेलू उड़ान हेतु बेड़े में जोड़ा गया है। फिर भी यह घरेलू मांगों को पूरा करने में असमर्थ है। घरेलू यात्रियों की संख्या में वर्ष दर वर्ष के आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। 2023 में घरेलू यात्रियों की संख्या 15.2 करोड़ से अधिक हो गई है।

विमानन उद्योग मांग के अनुरूप क्षमता बढ़ाने में कई चुनौतियों से जूझ रहा है। घरेलू मार्गों पर भी बड़े विमानों का उपयोग हो रहा है। बावजूद इसके, मांग और आपूर्ति के बीच खाई बनी हुई है। इंडिगो को छोड़ दूसरी एयरलाइंस की उड़ानें गाहे-बगाहे रद्द होने और यात्री मांग में मजबूती के कारण हवाई किराये में 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। गर्मियों में घरेलू उड़ानों में यात्रियों को टिकट के लिए अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। सभी एयरलाइंस के टिकटों की कीमत आसमान छू रही है। गर्मी की छुट्टियों में इसमें बढ़ोतरी का अंदेशा है। हालांकि, 18 से 24 महीने पहले भारत में एयर टिकट की कीमत काफी सस्ती थी।

एयर टिकट की कीमत मांग और आपूर्ति के आधार पर तय होती है। वैसे, विमानन मंत्रालय के अधीन काम करने वाली संसदीय स्थायी समिति ने भी छुट्टियों और त्योहारों के दौरान एयर टिकट की कीमत वृद्धि पर रोक लगाने पर जोर दिया है। बावजूद इसके, एयर टिकट की कीमत में कमी के आसार नहीं हैं, क्योंकि आज बड़ी संख्या में विमान जमीन पर खड़े हैं और परिचालनगत समस्याओं की वजह से विमानों का परिचालन भी रद्द हो रहा है।

# भारत की बेमिसाल विरासत से दुनिया स्तंभित

ललित गर्ग

यूनेस्को किसी स्मारक या स्थल को धरोहर घोषित करता है तो उसके बाद उस जगह का नाम विश्व में काफी मशहूर हो जाता है। जिससे वहां विदेशी पर्यटकों का आवागमन भी काफी बढ़ जाता है, जिसका लाभ सीधा देश की अर्थव्यवस्था एवं वहां के पर्यटन व्यवसाय को मिलता है। विश्व धरोहर घोषित होने के बाद उस जगह का खास ध्यान रखा जाता है और उसकी सुरक्षा भी बढ़ा दी जाती है। यदि ये स्मारक ऐसे देश में है, जिसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, तो यूनेस्को ही स्मारक की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाता है।

अंतराष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल परिषद और विश्व संरक्षण संघ ये दो संगठन है, जो इस बात का आकलन करते हैं कि स्थल विश्व धरोहर बनने लायक है या नहीं। साल में एक बार इस विषय के लिए समिति की बैठक होती है और फिर उन जगहों का चयन करती है, उसके बाद दोनों संगठन इसकी सिफारिश विश्व धरोहर समिति से करते हैं। फिर ये फैसला लिया जाता है कि उस जगह को विश्व धरोहर बनाना है या नहीं। विश्व विरासत दिवस की इसलिए अपने आप में एक वैश्विक महत्ता है, क्योंकि इसके जरिए दुनिया में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में सहूलियत मिल रही है। विश्व की विरासतें मानव को सतत रूप से प्रेरित करती हैं। सिर्फ किसी समाज की विरासत उसी समाज को प्रेरित नहीं करती बल्कि विश्व के दूसरे समाजों को भी विरासत अच्छी तरह से प्रेरित करती है। विरासत दिवस के चलते पर्यावरण और जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। विरासतें विभिन्न समुदायों के बीच रिश्तों को आत्मीय और सम्मानजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और मानवीय उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए महत्वपूर्ण आधार होती हैं। यही वजह है कि विश्व विरासत को दुनियाभर के मानव समाज के लिए महत्वपूर्ण माना गया है।

विश्व विरासत दिवस सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को लाने में ही मदद नहीं करता बल्कि यह देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी है। यह पर्यटन को प्रोत्साहन देने का सशक्त माध्यम है। भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। राजस्थान भारत का एक राज्य है जो विश्व विरासत का समृद्ध केन्द्र है, यह पर्यटन के लिए सबसे समृद्ध राज्य माना जाता है। राजस्थान की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। यूं तो भारत के सभी राज्यों में समृद्ध विरासत देखने को मिलती है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। प्राकृतिक सुंदरता और महान इतिहास से संपन्न राजस्थान में पर्यटन उद्योग समृद्धिशाली है। राजस्थान देशीय और अंतर्राष्टीय पर्यटकों, दोनों के लिए एक सर्वाधिक आकर्षक पर्यटन स्थल है। भारत की सैर करने वाला हर तीसरा विदेशी सैलानी राजस्थान देखने ज़रूर आता है। जयपुर के महल, उदयपुर की झीलें और जोधपुर, बीकानेर तथा जैसलमेर के भव्य दुर्ग भारतीय और विदेशी सैलानियों के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक हैं। इन प्रसिद्ध विरासत स्थलों को देखने के लिए यहाँ हज़ारों पर्यटक आते हैं। जयपुर का हवामहल, जोधपुर, बीकानेर और जैसलमेर के धोरे काफी प्रसिद्ध हैं। जोधपुर का मेहरानगढ़ दुर्ग, सवाई माधोपुर का रणथम्भोर दुर्ग एवं चित्तौड़गढ़ दुर्ग काफी प्रसिद्ध है। यहाँ शेखावटी की कई पुरानी हवेलियाँ भी हैं जो वर्तमान में हैरीटेज होटलें बन चुकी हैं।



पर्यटन ने यहाँ आतिथ्य क्षेत्र में भी रोज़गार को बढ़ावा दिया है। यहाँ की मुख्य मिठाई 'घेवर' है। राजस्थान असंख्य पर्यटन अनुभवों, व्यंजनों और मोहक स्थलों का प्रांत है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। यह राजस्थान पल-पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण समृद्ध विरासत का खजाना है। इस राजस्थान की समग्र विविधताओं, नित नवीनताओं और अंतर्विरोधों से साक्षात्कार करना सचमुच अलौकिक एवं विलक्षण अनुभव है। देश-दुनिया में हमारे पूर्वजों ने विभिन्न शिल्प-कलाओं में जो शानदार कृतियां (स्मारक, ग्रंथ, मंदिर, किले, महल या मकबरे आदि के रूप में) उकेरीं, वो आज हम सभी के सामने महान सांस्कृतिक धरोहरों के रूप में मौजूद हैं। ये हमारे गौरवशाली अतीत की याद दिलाते हैं, साथ ही आर्थिक लाभ का जरिया भी बनते हैं।

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से केवल स्मारक एवं स्थल हीं नहीं, प्रभु श्रीराम जैसे महानायकों का जीवन भी दुनिया के लिये प्रेरणास्रोत रहा है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा, तभी विश्व विरासत दिवस मनाना सार्थक होगा। भारत में विश्व धरोहरों का सम्मान इसलिए भी ज्यादा जरूरी है क्योंकि लंबे समय तक भारत पहले विदेशी आक्रांताओं और फिर साम्राज्यवादी लूट-खसोट का केंद्र रहा है, इसलिए पिछले लगभग 1000 सालों में भारत की सांस्कृतिक विरासत न सिर्फ बड़े पैमाने पर छिन्न-भिन्न हुई बल्कि इन विदेशी लुटेरों और साम्राज्यवादी षड़यंत्रकारियों ने लोगों के दिलोदिमाग में ऐसी हीनताबोध भी भर दिया कि आम हिंदुस्तानियों को अपने इतिहास, संस्कृति और परंपरा में कोई ऐसी महत्वपूर्ण चीज ही नजर नहीं आती थी, जिसे सांस्कृतिक धरोहर मानकर उसके प्रति गौरवबोध का एहसास हो। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता।

# चुनावों में चुनौती बन रहा चीन... भारत के साथ यूएस पर भी है ड्रैगन की तिरछी नजर

**चीन मतदाताओं को सबसे ज्यादा किस चीज से विभाजित किया जा सकता है, इस पर मतदान कराने के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल कर रहा है, ताकि मतभेद पैदा हो सकें। आशंका है कि वह भारत में लोकसभा चुनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को भी प्रभावित कर सकता है।**

प्रशांत माली

हाल के वर्षों में, प्रौद्योगिकी और राजनीति का जुड़ाव तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में संभावित हस्तक्षेप को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन भारत के लोकसभा चुनाव सहित कई अन्य चुनावों को प्रभावित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दुरुपोयोग कर सकता है। यह लेख इस मुद्दे के बहुआयामी आयामों को रेखांकित करता है और तकनीकी, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक निहितार्थों की खोज करता है। ताइवान के अनुभवों के जरिये इसकी भी पड़ताल की गई है कि इनसे निपटने में सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

माइक्रोसॉफ्ट का कहना है कि चीन सोशल मीडिया के जरिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा बनाई गई राजनीतिक सामग्री वितरित करेगा, जो इन हाई-प्रोफाइल चुनावों में उसके हितों को लाभ पहुंचा सकता है, क्योंकि एआई से तेजी से मीम्स, वीडियो और ऑडियो सामग्रियां बन रही हैं। कंपनी ने जून, 2023 से चीन और उत्तर कोरिया में 'कुछ उल्लेखनीय साइबर रुझान देखे हैं, जो न केवल अपने परिचित लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बल्कि अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अधिक जटिल प्रभावी तकनीकों का उपयोग करने का भी प्रयास करते हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने दावा किया है कि चीनी साइबर हमलावरों ने तीन लक्ष्य क्षेत्रों को चुना है- दक्षिण प्रशांत द्वीप समूह के देश, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में उसके क्षेत्रीय विरोधी और अमेरिकी रक्षा औद्योगिक आधार। चीनी अभियान एआई-जेनरेटेड या

एआई-समर्थित सामग्री को परिष्कृत करना जारी रखते हैं। इन अभियानों के पीछे के खिलाड़ियों ने एआई-जनरेटेड मीडिया को बढ़ाने की इच्छा दर्शाई है, जो उनके रणनीतिक आख्यानों को लाभ पहुंचाता है, साथ ही वे वीडियो, मीम्स और ऑडियो सामग्री भी बनाते हैं।

चीन, मतदाताओं को सबसे ज्यादा किस चीज से विभाजित किया जा सकता है, इस पर मतदान कराने के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल कर रहा है, ताकि मतभेद पैदा हो सकें। वह संभवतः अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के



नतीजे को भी अपने पक्ष में प्रभावित कर सकता है। उत्तर कोरिया ने अपने सैन्य लक्ष्यों और गुप्तचर जानकारी संग्रह को वित्तपोषित करने और आगे बढ़ाने के लिए क्रिप्टोकरंसी लूट और आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने वाले हमलों को बढ़ा दिया है। इसने अपने कार्यों को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने के लिए एआई का उपयोग करना भी शुरू कर दिया है।

सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने चीन द्वारा एआई का इस्तेमाल कर भारत, अमेरिका और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों में चुनावों को बाधित करने की आशंका से संबंधित जो चेतावनी जारी की है, वह चिंताजनक है। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट इंटेलिजेंस से मिली जानकारी के अनुसार, चीन आगामी प्रमुख चुनावों में विशेष रूप से अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए एआई द्वारा बनाई गई सामग्री का इस्तेमाल कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट एनालिसिस सेंटर (एमटीएसी) की रिपोर्ट इस आसन्न खतरे को रेखांकित करती है कि %इस साल दुनिया भर में होने वाले प्रमुख चुनावों को देखते हुए, खासकर भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका में, चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई जनरेटेड सामग्री बनाएगा और उसका प्रचार करेगा।

माइक्रोसॉफ्ट की चेतावनी ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान चीन के कथित ट्रायल रन की खबरों के बाद आई है, जहां उसने जनवरी में एआई द्वारा बनाई सामग्री के जरिये दुष्प्रचार का प्रयास किया था। रिपोर्ट में स्टॉर्म 1376 नामक एक बीजिंग समर्थित समूह का उल्लेख है, जिसे स्पैमोफ्लाज या ड्रैगनब्रिज के नाम से भी जाना जाता है, जो ताइवानी चुनाव के दौरान अत्यधिक सक्रिय था। यह राजनीतिक परिणामों को प्रभावित करने के लिए चीन द्वारा प्रौद्योगिकी के उपयोग के मामले का अध्ययन करता है और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में तकनीकी हस्तक्षेप की क्षमता को रेखांकित करता है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा बनाई गई सामग्री जनमत को प्रभावित करने के लिए संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों और मनोवैज्ञानिक कमजोरियों का फायदा उठा सकती है। माइक्रो टार्गेटिंग और भावनात्मक संदेश जैसी तकनीकों का लाभ उठाकर, एआई एल्गोरिदम इको चैंबर्स बना सकता है, जो मौजूदा विश्वासों को मजबूत करता है और समाज को ध्रुवीकृत करता है। इसके अलावा, डीपफेक तकनीक का उदय सूचना के पारंपरिक स्रोतों में विश्वास को कम करते हुए, तथ्य और कल्पना के बीच की बारीक रेखा को धुंधला कर एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है।

सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए एआई सामग्री के दुरुपयोग को रोकने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सबसे पहले, इंटरनेट की सीमाहीन प्रकृति क्षेत्राधिकार संबंधी मुद्दों को जटिल बनाती है, जिससे दुर्भावनापूर्ण लोग अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार बिना किसी दंड के काम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, तकनीकी नवाचार की तीव्र गति विनियामक प्रयासों से आगे निकल जाती है, जिससे नीति निर्माताओं के लिए उभरते खतरों का सामना करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, एआई सामग्री निर्माण और प्रसार का विकेंद्रीकृत स्वरूप पारंपरिक प्रवर्तन रणनीतियों में बाधा डालता है, जिसके लिए सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज के बीच सहयोग की आवश्यकता होती है। डिजिटल युग में लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने के लिए चीन द्वारा एआई-जनरेटेड सामग्री के संभावित उपयोग से प्रौद्योगिकी और राजनीति के बीच जटिलता स्पष्ट होती है। ताइवान जैसे अन्य देशों के अनुभवों से यह स्पष्ट है कि तकनीकी हस्तक्षेप दुनिया भर में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज को मजबूत विनियामक ढांचा विकसित करने, डिजिटल साक्षरता बढ़ाने और चुनावों की सत्यनिष्ठा की रक्षा करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। ऐसा करने में विफलता लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करेगी और नागरिकों का अपने राजनीतिक संस्थानों पर भरोसा कम हो सकता है।

**-लेखक साइबर कानून विशेषज्ञ और बॉम्बे हाईकोर्ट के वकील हैं।**

# गधों के खून के प्यासे क्यों हुए चीनी?
## दो साल में 70 लाख की ले ली जान

बीजिंग



गधों का इंसानों के साथ रिश्ते की शुरुआत सभ्यता की शुरुआत के साथ ही होती है। मनुष्य कम से कम 5000 साल से काम में सहायता के लिए गधों का प्रयोग करता रहा है। आज भी दुनिया के गरीब इलाकों में करीब 50 करोड़ लोगों की आजीविका गधों पर आश्रित है। लेकिन चीन में इन गधों की जिंदगी पर शामत आ गई है। हर साल यहां लाखों गधों को मारा जा रहा है। देश में गधों की कमी पड़ गई तो दुनियाभर से चीन में गधे लाए जाने लगे। गधों की जिंदगी पर आई इस आफत के पीछे चीनियों की एक सनक है, जिसे पूरा करने के लिए वो इनके खून के प्यासे हो गए हैं।

चीन में ई-जियाओ नाम की एक दवा की भारी डिमांड को पूरा करने के लिए हर साल लाखों गधों की हत्या की जा रही है। ई-जियाओ एक पारंपरिक दवा है, जिसके बारे में दावा किया जाता है कि यह रक्त को शुद्ध करती है। इसके साथ ही स्किन की बीमारियों को ठीक करने, इम्यून सिस्टम को बढ़ाने के साथ ही सौंदर्य उत्पादों और प्रजनन क्षमता को भी बढ़ाने के दावे किए जाते हैं। हालांकि, इसके असर के बारे में वैज्ञानिक समर्थन बहुत कम है।

ई-जियाओ को गधे की खाल से निकाले गए कोलेजन का उपयोग करके बनाया जाता है। इसी खाल को पाने के लिए गधों को मारा जाता है। इसकी मांग इतनी ज्यादा है कि सिर्फ दो साल में चीन में गधों की आबादी 2022 में 90 लाख से घटकर 18 लाख पर पहुंच गई। हालत ये हो गई है कि अब चीन के कई इलाकों में गधों की आपूर्ति में दिक्कत हो रही है, जिसके चलते गधों को दूसरे देशों से मंगाया जा रहा है। इनमें अफ्रीका विशेष रूप से है, जहां से बड़ी मात्रा में गधे चीन सप्लाई किए जा रहे हैं।

एक टीवी सीरीज से डिमांड में आई दवा पारंपरिक रूप से ई-जियाओ एक लग्जरी उत्पाद था। 1644 से 1912 तक चीन पर शासन करने वाले किंग राजवंश के दौरान यह अभिजात वर्ग के इस्तेमाल की चीज थी। लेकिन 2011 में शुरू हुई एक लोकप्रिय चीनी टेलीविजन सीरीज %एम्प्रेस इन द पैलेस% में दिखाए जाने के बाद आम जनता में इसे लेकर आकर्षण शुरू हुआ। अब मध्यम और बुजुर्ग आयु के लोगों में इसकी डिमांड काफी बढ़ गई है। रॉयटर्स ने अपनी रिपोर्ट में चीन के सरकारी मीडिया के हवाले से बताया है कि पिछले एक दशक में इसकी कीमत 100 युआन प्रति 500 ग्राम से बढ़कर आज 2986 युआन (लगभग 35000 भारतीय रुपये) हो गई है। ब्रिटिश चैरिटी संस्था द डंकी सैंक्चुअरी की रिपोर्ट के अनुसार, ई-जियाओ इंडस्ट्री को हर साल 59 लाख गधों की खाल की आवश्यकता होती हैं।

### मध्य अफ्रीका गणराज्य में हमला, 14 लोगों की मौत : संरा

संयुक्त राष्ट्र, (वार्ता) सशस्त्र विद्रोहियों ने मध्य अफ्रीका गणराज्य में दक्षिणी मबोमौ प्रान्त के एक गांव में हमला कर 14 नागरिकों की हत्या कर दी। हमले में कई लोग घायल हुए हैं और विद्रोहियों ने घरों में आग लगा दी गयी। संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि यूपीसी विद्रोही समूह के सदस्यों ने रविवार को बाकौमा शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर कोलोगोटा गांव पर हमला किया। ओसीएचए ने कहा, इस हमले में कई लोग घायल हुए हैं और कई घर जला दिये गये हैं। यह नरसंहार कथित तौर पर इसलिए किया गया, क्योंकि सशस्त्र समूह को ग्रामीणों पर मध्य अफ्रीकी सशस्त्र बलों के साथ सहयोग करने का संदेह था। कार्यालय ने कहा कि सशस्त्र समूहों के हिंसक हमले बढ़ रहे हैं। उलेखनीय है कि सशस्त्र समूह के सदस्यों ने दो अप्रैल को पश्चिमोत्तर प्रांत ऊहाम-पेंडे में बोहोंग के पास कम से कम 20 नागरिकों की हत्या कर दी थी और कई घर जला दिये गये थे।

# मंदिर-मस्जिद के नाम पर वोट का न हो गलत इस्तेमाल : मायावती

लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने पहले चरण के मतदान से पहले वोटरों को आगाह किया है कि धनबल, मंदिर-मस्जिद आदि के नाम पर आपके वोट का गलत इस्तेमाल न हो। बसपा प्रमुख मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच से 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले मतदाताओं से कहा, देश में 18वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में हो रहे आम चुनाव में मतदान के पहले चरण से ही, पहले मतदान, फिर जलपान के संकल्प के साथ अपने वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल कर देश में गरीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें, यही पुरजोर अपील है।

उन्होंने आगे कहा कि बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के अनुपम संविधान के तहत बिना किसी भेदभाव के एक वोट का मिला अधिकार ऐसी लोकतांत्रिक शक्ति है जिसके जरिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त कर गरीब, कमजोर व उपेक्षित लोग अपना उद्धार खुद करने योग्य बनकर अपनी गरीबी व लाचारी का जीवन दूर कर सकते हैं। मायावती ने कहा कि वोट के अधिकार की रक्षा पूरे जी-जान से करनी है। सावधान रहें, आपका कोई वोट खरीदा न जा सके। लूटा न जा सके। कोई वोट पड़ने से न रह जाए तथा धनबल, मंदिर-मस्जिद आदि के नाम पर आपके वोट का गलत इस्तेमाल न हो। वोट जरूर डालें। यही सबसे बड़ा कर्तव्य व बाबा साहेब को श्रद्धांजलि है।

निर्वाचन आयोग ने यह लोकसभा चुनाव 'स्वतंत्र, निष्पक्ष, सहभागी, सुगम, समावेशी, पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से संचालन के लिए तैयारियों' का आश्वासन देश को दिया है, जिस पर खरा उतरने के लिए खासकर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग व रूलिंग पार्टी द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन रोकना जरूरी है। यूपी में पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा। प्रथम चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में प्रत्याशियों के भविष्य का फैसला ईव्हीएम में लॉक हो जाएगा।

### पश्चिमी जापान में भूकंप के जोरदार झटके

टोक्यो, (वार्ता) पश्चिमी जापान में बुधवार रात महसूस किए भूकंप के जोकदार झटकों के कारण किसी बड़े नुकसान या घातक हताहत की सूचना नहीं है। जापान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने गुरुवार सुबह संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 11=14 बजे ऐनान, एहिमे प्रीफेक्चर और सुकुमो, कोच्चि प्रीफेक्चर, दोनों शिकोकू द्वीप में महसूस किए गए । इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 मापी गयी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार भूकंप का केंद्र बुंगो चैनल में 39 किलोमोटर की गहरायी में था। बुंगो चैनल क्यूशू और शिकोकू द्वीपों को अलग करने वाली एक जलडमरूमध्य है।

# यूएई में बाढ़, घबराई सरकार
## 75 साल में सबसे ज्यादा बारिश, बुनियादी ढांचे को लेकर बड़ा आदेश जारी

दुबई

संयुक्त अरब अमीरात में मंगलवार को हुई रिकॉर्डतोड़ बारिश के बाद देश के सभी हिस्सों को भारी बाढ़ का सामना करना पड़ा है। दुनियाभर में यूएई की पहचान बने दुबई शहर से आई तस्वीरों ने तो जलप्रलय जैसा दृश्य सामने दिखा दिया। भारी बारिश के बाद देश के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जाएद ने देश के बुनियादी ढांचे के अध्ययन का आदेश दिया है। गुरुवार, 18 अप्रैल को जारी बयान में कहा गया कि देश के नागरिकों और निवासियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। शेख जाएद ने भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित सभी परिवारों को सहायता देने और प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का भी आदेश दिया है।

यूएई के प्रधानमंत्री और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने भी एक बयान जारी किया है, जिसमें उन्होंने सभी लोगों की सुरक्षा के लिए ईश्वर का धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की देखरेख और नेतृत्व में देश अच्छी और सुरक्षित स्थिति में हैं। राशिद अल मकतूम यूएई के उपराष्ट्रपति भी हैं। उन्होंने नागरिकों और निवासियों की टीमों के राहत पहुंचाने के प्रयासों की भी तारीफ की, जो लगातार जारी रहे।



देशों और समाजों की ताकत की पहचान संकट के दौरान होती है। जिस प्राकृतिक संकट का हमने सामना किया, उसने देश के हर कोने से सभी नागरिकों और निवासियों ने एक दूसरे की देखभाल, एकजुटता के जरिए अटूट प्यार दिखाया। यूएई और उसके आस-पास के रेगिस्तान में सोमवार रात में बारिश शुरू हुई थी, जो मंगलवार शाम तक होती रही। इस दौरान यूएई में बारिश ने 75 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कुछ ही घंटों में डेढ़ साल में होने वाली औसत बारिश के बराबर पानी बरस गया। दुबई में हर तरफ नजर आया पानीअचानक हुई बारिश ने यूएई में अभूतपूर्व संकट ला दिया। देश का सबसे स्मार्ट शहर दुबई पूरी तरह पानी की चपेट में रहा। एयरपोर्ट से लेकर, मेट्रो स्टेशन, मॉल और सड़कों तक, हर जगह बस पानी ही पानी नजर आ रहा था। दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में एक दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बंद करना पड़ गया। बारिश के चलते रनवे तक पर पानी पहुंच गया जिसके चलते आने वाली कई उड़ानों को आखिरी समय में डायवर्ट करना पड़ा। पड़ोसी देश ओमान में भी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति रही।

### म्यांमार में ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से 22 हुए घायल

यांगून, (वार्ता) म्यांमार के यांगून क्षेत्र में तीर्थयात्रियों को ले जा रहे एक ट्रक और दो अन्य वाहनों की टक्कर में 22 लोग घायल हो गये। श्वे मायितर बचाव संगठन के एक अधिकारी ने गुरुवार को शिन्हुआ को यह जानकारी दी ।हादसा श्वेपीथा टाउनशिप में बुधवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब तीन बजे हुआ। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, दुर्घटना में चार पुरुष और 18 महिलायें घायल हो गयीं। अधिकारी ने बताया कि तीर्थयात्रियों को ले जा रहे ट्रक ने दूसरे वाहन से आगे निकलने और विपरीत लेन में जाने की कोशिश की, जिससे दो वाहनों की टक्कर हो गयी।

### टोंगा में 5.4 तीव्रता वाले भूकंप के झटके

नुकु आलोफा, (वार्ता) टोंगा के होउमा में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि बुधवार को अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार 21=31=48 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.4 मापी गयी। भूकंप का केंद्र होउमा से 272 किलोमीटर पश्चिम में धरती की सतह से 389.9 किमी की गहराई, 21.27 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 177.93 डिग्री पश्चिम देशांतर में था।

### फिजी द्वीप में भूकंप के तेज झटके

सवा,(वार्ता) फिजी द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने कहा कि बुधवार को अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार 21=31=47 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गयी। भूकंप का केंद्र, 379.1 किलोमीटर की गहराई में 21.21 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 177.80 डिग्री पश्चिम देशांतर में था।

### ब्राज़ील में बस दुर्घटना में सात लोगों की मौत

रियो डी जनेरियो, (वार्ता) दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के मिनस गेरैस राज्य में एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। स्थानीय सैन्य राजमार्ग पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना साओ जोआओ इवेंजेलिस्टा और साओ पेड्रो डो सुआकुई नगर पालिकाओं के बीच एमजीसी-120 क्षेत्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक ने सड़क पार कर रहे कुत्तों से बचने का प्रयास किया और बस पलट गई। चौबीस यात्रियों को ले जा रही बस मिनस गेरैस में क्षेत्रीय राजधानी बेलो होरिज़ोंटे और मिनस नोवास की नगर पालिका के बीच यात्रा कर रही थी। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, घायलों में से किसी की भी हालत नाजुक नहीं है।

### दक्षिण चीन सागर में शांति के लिए आसियान देशों के साथ काम करेगा चीन

जकार्ता, (वार्ता) चीन, दक्षिण चीन सागर में पार्टियों के आचरण पर घोषणा को पूरी तरह और प्रभावी ढंग से लागू करने और संहिता की बातचीत में तेजी लाने के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ के अन्य देशों के साथ काम करने के लिए तैयार है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को यहां कहा कि दक्षिण चीन सागर को शांति और सहयोग का सागर बनाने के लिए आचरण करें। श्री वांग ने इंडोनेशियाई विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी से मुलाकात के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की।

# ममता बनर्जी के भड़काऊ भाषण के कारण भड़की हिंसा
## रामनवमी के दौरान झड़प पर शुभेंदु अधिकारी ने राज्यपाल को लिखा पत्र

कोलकाता

पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बुधवार को रामनवमी जुलूस के दौरान हुई झड़पों के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। उन्होंने हिंसा की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री के भड़काऊ भाषण के कारण पश्चिम बंगाल राज्य में विभिन्न स्थानों पर राम नवमी जुलूसों को बाधित किया गया और उन पर हमला किया गया, जिससे उपद्रवियों को सफलतापूर्वक उकसाया गया। जिन्हें आश्वासन दिया गया था कि कानून प्रवर्तन एजेंसी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी क्योंकि उनके हाथ बंधे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने एक्स पर पोस्ट किया कि गों का दिन बताने वाले रामनवमी पर सीएम के सार्वजनिक रुख के कारण ही ये देखने को मिला।

सुवेंदु की टिप्पणी बंगाल में एक रैली में बनर्जी द्वारा दिए गए विवादास्पद बयान के संदर्भ में है। टीएमसी प्रमुख ने कहा कि अगर आप उन्हें (बीजेपी) 17 अप्रैल को नारेबाजी करते हुए देखते हैं, तो यह उनका (बीजेपी का) दंगा का दिन है। अधिकारी ने कहा कि मैंने माननीय राज्यपाल को एक पत्र लिखा है। डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने उन्हें 17.04.2024 को रामनवमी के अवसर पर निकाले गए जुलूसों पर हुए हमलों के संबंध में अवगत कराते हुए उनसे बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया, साथ ही घटनाओं की जांच राष्ट्रीय स्तर पर एनआईए से कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मैं चुनाव आयोग से मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध करना चाहूंगा, जिनके उकसावे के कारण ऐसी अप्रिय घटनाएं हुईं। मुर्शिदाबाद जिले में रामनवमी जुलूस पर कथित हमले में कम से कम चार लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने एचटी को बताया कि शक्तिपुर राम नवमी उत्सव उज्जपन समिति द्वारा आयोजित जुलूस पर उस समय हमला किया गया।

# भारत और अमेरिका के बीच लड़ाकू इंजन के संबंध में हुआ समझौता क्रांतिकारी है : लॉयड ऑस्टिन

वाशिंगटन

अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बुधवार को सांसदों से कहा कि भारतीय वायु सेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के वास्ते भारत और अमेरिका के बीच हुआ समझौता क्रांतिकारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। 'जनरल इलेक्ट्रिक' ने भारतीय वायुसेना के लिए लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के लिए 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।



ऑस्टिन ने सदन विनियोग उपसमिति को बताया कि अमेरिका के भारत के साथ ''बेहतरीन संबंध'' हैं। उन्होंने कहा,'' हमने हाल में भारत को विमान के इंजन बनाने में मदद की और यह एक तरह की क्रांति है। इससे उनकी क्षमता बढ़ेगी। हम भारत के साथ मिलकर एक बख्तरबंद वाहन का भी निर्माण कर रहे हैं।'' रक्षा मंत्री ने कहा,'' तो अगर कुल मिला कर देखा जाए तो ये सब लंबे वक्त में क्षेत्र में हुए काम से काफी अधिक है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन



### विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में राजकुमार राव के साथ नजर आयेगी तृप्ति डिमरी

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी,राजकुमार राव के साथ फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आयेगी। तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव की नई फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो सोशल मीडिया पर अनाउंस कर दी गई है।दोनों कलाकारों ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस फिल्म को राज शांडिल्य ने लिखा और निर्देशित किया है,म्यूजिक सचिन और जिगर ने दिया है।

राजकुमार राव ने सोशल मीडिया पर फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, रेट्रो पुरानी यादों वाली यात्रा के लिए कमर कस लें। 11 अक्टूबर 2024 को आ रहे हैं। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में आपको दिलचस्प यात्रा पर ले जाने के लिए एक्साइटेड हूं।




### चीन मे रिलीज होगी फिल्म 12 वीं फेल

बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल चीन में रिलीज होगी। विधु विनोद चोपड़ा की लिखी और निर्देशन में बनी 12वीं फेल अनुराग पाठक की इसी नाम की किताब पर आधारित है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है। विक्रांत मैसी ने इस फिल्म में मनोज शर्मा की मुख्य भूमिका निभायी है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा, मेधा शंकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म %12वीं फेल% 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। फिल्म 12वीं फेल ने सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। यह फिल्म अब चीन में भी रिलीज होगी। विक्रांत मैसी ने बताया,12वीं फेल अब चीन में भी रिलीज होने जा रही है। वहां हिंदी सिनेमा की बहुत ज्यादा डिमांड है। फिल्म को चीन में करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह फिल्म के चीन में रिलीज होने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्हें यदि मौका मिला तो वे चीन में जाकर फिल्म को प्रमोट करेंगे।

### जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ का टीजर रिलीज



जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म %उलझ% का टीजर रिलीज हो गया है। जाह्नवी कपूर ने फिल्म उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित है, जो एक यंग डिप्लोमैट सुहाना (जाह्नवी कपूर) के इर्द- गिर्द घूमती है। फिल्म में सुहाना देश और अपने खिलाफ हो रही साजिश के बीच उलझती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर की शुरुआत सारे जहान से अच्छा की धुन से होती है। इसके बाद जाह्नवी कपूर के किरदार की एंट्री होती है, जिसकी पोस्टिंग विदेश में है। वहीं, ब्रैकग्राउंड में एक शख्स की आवाजा सुनाई देती है, जो अपने देश के साथ गद्दारी करने के लिए उसे मैन्यूपुलैट करने की कोशिश करता है। टीजर के अंत में जाह्नवी कपूर एक्शन मोड में भी नजर आती हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन सुधांशू सरिया ने किया है। जंगली पिक्चर्स के बैनर तले बन रही फिल्म उलझ को अमृता पांडे और विनीत जैन ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 05 जुलाई को रिलीज होगी।

### अमिताभ बच्चन को मिलेगा लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार



अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। मंगेशकर परिवार ने लता मंगेशकर की याद में वर्ष 2022 में लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार की शुरुआत की थी।अमिताभ बच्चन को यह सम्मान लता मंगेशकर के पिता एवं संगीत जगत के दिग्गज दीनानाथ मंगेशकर के स्मृति दिवस पर 24 अप्रैल को प्रदान किया जाएगा। लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार हर साल ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्र, इसके लोगों और समाज के लिए अग्रणी योगदान दिया हो। सबसे पहले यह पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया गया था। इसके बाद 2023 में यह सम्मान लता मंगेशकर की बहन आशा भोसले को दिया गया।

# मतदाताओं को जागरूक करने जिले में हो रहे मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम

**नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता- स्वीप के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन व सीईओ जिला पंचायत एवं जिला नोडल अधिकारी स्वीप श्री दलीप कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान जिले में चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों गोटेगांव, नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा व गाडरवारा में जगह- जगह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं और मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे थे।

**कविता के जरिए मतदान का बताया महत्व**-मतदाता जागरूकता अभियान में पत्रकार भी सहभागी हो रहे है। जिले के तहसील करेली मे पत्रकारों के संगठन करेली प्रेस परिषद के सह- सचिव व युवा कवि श्री अमित जैन संजय अपनी कविताओं के जरिये जागरूक कर रहे है। मत का ये दौर आया- नीति का समां है छाया, मतदान करने को साथ- साथ जाइये, जाति धर्म कौम की ये राजनीति करो नहीं... देशहित सोच के ही साथ साथ जाइये, घूसखोरी चले नहीं- कामचोरी चले नहीं..., ऐसे ही प्रत्याशी चुन साथ साथ जाईए... मतदान है जरूरी, जान लो मेरे भाई, हम सब तिरंगा लिये साथ- साथ जाइये कविता के माध्यम से जगह- जगह जागरूक कर रहे हैं।

**घर- घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान के लिए किया आमंत्रित**-मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले में शतप्रतिशत मतदाताओं को निष्पक्ष, निर्भीक एवं नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से घर- घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं द्वारा पाला, कन्हारपानी, चीलाचौन खुर्द, समनापुर आदि ग्रामों में युवा, महिला, व पुरूष मतदाताओं को मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान घर- घर जाकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए भी प्रेरित किया गया। मतदाताओं को मतदान की तारीख एवं समय की जानकारी दी गई। मतदाताओं को बताया गया कि इस बार वे केवल मतदाता पर्ची के आधार पर अपना वोट नहीं दे सकेंगे। मतदाताओं को मतदान के समय अपनी पहचान के लिए मतदाता परिचय पत्र- इपिक अथवा निर्धारित अन्य 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

**नुक्कड़ नाटक से ग्रामीण मतदाता हो रहे जागरूक**-मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक के दलों द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों और शहरी वार्डों में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान करने और मतदान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दे रहे हैं। ग्राम बरहटा, बेलखेड़ी, नोनिया में नुक्कड़ नाटक के कलाकार दीपक श्रीवास्तव, नीरज जैन, सुनील चौधरी, नितिन लखेरा, नीतेश जैन व विपनेश जाटव ने ग्राम ग्रामीणवासियों को मतदान करने की शपथ दिलाई।

**विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली**-मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली विद्यालय से शुरू होकर ग्राम बोहानी का भ्रमण कर वापस विद्यालय पहुंची। रैली के दौरान छात्राओं ने सभी मतदाताओं को जागरुक कर प्रेरक नारे लगाये। इसी तरह गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों ने स्लोगन के माध्यम से आगामी 19 अप्रैल को होने वाले निर्वाचन में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तूमड़ा में ग्रामीण मतदाताओं ने मतदान करने और अन्य मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

# महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया



गाडरवारा ( स्वतंत्र मत )

स्थानीय महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा में जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशन एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ए.के.जैन के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता से संबंधित संगोष्ठी एवं शपथ का आयोजन किया गया, जिसमें आई क्यु ए सी प्रभारी प्रो. पी. एस. कौरव, कला संकाय प्रभारी प्रो. सुनीता गुप्ता ने मतदान की अनिवार्यता एवं उसके महत्व से बी एस सी प्रथम वर्ष के छात्र- छात्राओं को अवगत कराया, प्रो. ज्योति बघेल ने छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई, बी.एस. सी प्रथम वर्ष की छात्रा रेशु चौरसिया एवं रूपश्री सोनी ने मतदान के लिए प्रेरित करते हुए गीत का गायन किया, छात्र विलाल अहमद अपने भाषण से मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला एवं 26 अप्रैल को सभी से मतदान करने की अपील की । कार्यक्रम के आयोजनमें मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील शर्मा , डा. सतीश अग्निहोत्री एवं अजीत पटेल का सहयोग प्राप्त हुआ।

# तीन दिनों में कुल 100 चुनाव कर्मियों ने किया फेसिलिटेशन सेंटर पर डाक मतपत्र से मतदान

नरसिंहपुर।

कलेक्ट्रेट कार्यालय नरसिंहपुर में स्थापित जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर में अब तक 100 चुनाव में लगे शासकीय कर्मियों ने डाक मतपत्र से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। तीसरे दिन 17 अप्रैल को 15 कर्मियों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर में जबलपुर के 15 कर्मचारियों ने मतदान किया। अब तक जिले में 100 कर्मचारियों ने डाक मतपत्र से मतदान किया है, जिसमें जबलपुर के 92, मंडला के एक, बालाघाट के 4 और छिंदवाड़ा के 3 मतदान कर्मियों ने डाक मतपत्र से अपने मताधिकार का उपयोग किया। शेष बचे हुए दूसरे जिलों के शासकीय कर्मचारी जिनकी जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात किये गये हैं, उनको डाकमत पत्र से मतदान करने की सुविधा 18 अप्रैल को जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर पर दी जायेगी।उल्लेखनीय है कि ऐसे शासकीय कर्मचारी डाक मतपत्र से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया जिनकी ड्यूटी अपने निर्वाचन क्षेत्र जहाँ के वे मतदाता हैं से अलग दूसरे जिलों में चुनाव कराने लगाई गई है। इन शासकीय सेवकों के लिये डाक मतपत्र से मतदान करने कलेक्ट्रेट कार्यालय नरसिंहपुर में फेसिलिटेशन सेंटर बनाया गया है।

## विधानसभा क्षेत्र तेंदूखेड़ा में बैलेट के माध्यम से 144 मतदाताओं ने घर से किया मतदान

विधानसभा क्षेत्र तेंदूखे?ा के अंतर्गत कुल 150 मतदाताओं में से 144 मतदाताओं ने घर से बैलेट मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाया। इनमें 85 प्लस में 118 और दिव्यांग में 26 मतदाताओं ने बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान किया। इस दौरान 16 रूट पर मतदान दल द्वारा घर- घर जाकर मतदान सम्पन्न कराया गया। शेष 6 मतदाताओं में से 3 मतदाता की मृत्यु व 3 मतदाता अस्वस्थ रहने के कारण मतदान नहीं किया।

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



नरसिंहपुर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। विदित है कि मंडला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के 254 मतदान केन्द्रों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान केन्द्रों पर मतदान कर्मी एक दिवस पूर्व पहुंच चुके हैं। अधिकारियों ने ग्राम बेलखे?ी शे?, गोरखपुर, मुंगवानी, चारबहेरिया, बरहेटा के मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान दलों के सदस्यों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निविघ्न रूप से सम्पन्न करायें। मतदान केन्द्रों पर तेज धूप एवं गर्मी से बचाव के पुख्ता इंतजाम, प्राथमिक उपचार व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मतदान दलों के सदस्यों से उनके भोजन, पानी, कूलर आदि के बारे में भी जानकारी ली।

उन्होंने पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दलों के सदस्यों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य किया जाये। आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों को ठीक तरीके से भरा जाये। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर अधिक भी? की स्थिति निर्मित न हो। पंक्तिबद्ध तरीके से मतदाता ख? रहें। उनके लिए टेंट एवं छाया की व्यवस्था हो।



# बुजुर्गों ने अपना कर्तव्य निभाया, अब आप भी निभाएं अपनी जिम्मेदारी








## 85 प्लस बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने घर से किया मतदान

### होम वोटिंग की सुविधा मिलने पर आयोग को दिया धन्यवाद

**नरसिंहपुर।** बुजुर्गों ने अपना कर्तव्य निभा लिया, अब आप भी अपना कर्तव्य जरूर निभाएंः अपनी ऊंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाकर कुछ ऐसा ही संदेश बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को दिया।गौरतलब है कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के लिए मतदान केंद्र तक नहीं जाना प?, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मतदाताओं को उनकी स्वेच्छानुसार घर से मतदान करने (होम वोटिंग) की सुविधा दी गई है।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्र.- 17 होशंगाबाद के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखे?ा व 121- गाडरवारा के अंतर्गत 85 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं व दिव्यांग मतदाताओं ने घर से बैलेट मतदान करने की इस सुविधा का लाभ उठाया। इसके तहत गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पनागर में 110 वर्षीय श्रीमती मुलिया बाई, ग्राम तूम?ा की 105 वर्षीय श्रीमती गौरी यादव, तेंदूखे?ा के पतलोन की 104 वर्षीय श्रीमती शांति, मेहरागांव के 103 वर्षीय फूल सिंह राजपूत, हनुमान वार्ड गाडरवारा की 94 वर्षीय श्रीमती गनेशी बाई, हनुमान वार्ड गाडरवारा के 93 वर्षीय श्री हरप्रसाद, ग्राम तूम?ा के 92 वर्षीय श्री गुलाब किरार, बाबईकला- सालीचौका के बुजुर्ग दम्पत्ति 91 वर्षीय श्री दरोगी यादव व 86 वर्षीय श्रीमती शांति बाई यादव 86, चाव?ी वार्ड गाडरवारा की 90 वर्षीय श्रीमती फुलिया बाई, महेंद्र वार्ड करेली निवासी 88 वर्षीय मतदाता चौधरी राजेंद्र, तेंदूखे?ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम भौंरा की 87 वर्षीय श्रीमती वीरा बाई किरार, मेहरागांव गाडरवारा की 86 वर्षीय श्रीमती रेशम बाई समेत अन्य बुजुर्ग महिला व पुरूष और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की इच्छा जताई। आवेदन मिलने पर मतदान दल सक्रियता दिखाते हुए शतायु मतदाता के घर पहुंचा और उनसे मतदान कराया। घर से मतदान की सुविधा मिलने पर उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग का हृदय से आभार जताकर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने युवा मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में ब?- चढ़कर भागीदारी कर मतदान जरूर करने का संदेश भी दिया।

**विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा में बैलेट के माध्यम से 119 मतदाताओं ने घर से किया मतदान**- विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा के अंतर्गत कुल 122 मतदाताओं में से 119 मतदाताओं ने घर से बैलेट मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाया। इनमें 85 प्लस में 104 और दिव्यांग में 18 मतदाता हैं, जिसमें 85 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं में से 60 महिला व 41 पुरूष और पीडब्ल्यूडी मतदाताओं में 5 महिला व 13 पुरूष ने बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान किया। गाडरवारा विधानसभा के अंतर्गत 13 रूट पर मतदान दल द्वारा घर- घर जाकर मतदान सम्पन्न कराया गया।

# दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को दी जाएगी प्राथमिकता

**मतदान केंद्रों में होगी विशेष सुविधाएं बनाए गए महिला बूथ**

**शहडोल।** लोकसभा निर्वाचन हेतु 19 अप्रैल पहले चरण का मतदान होगा। मतदान केंद्रों में दिव्यांगजनां एवं वरिष्ठ नागरिकों को विशेष सुविधाए प्रदान की जाएगी। मतदान तक दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को घर से लाने-ले जाने हेतु वाहन तथा मतदान केंद्रों में व्हील चेयर की सुविधा प्रदान की जाएगी, गर्भवती मतदाताओं के बच्चों के लिए पालना घर, दिव्यांगजनां एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रवेश में प्राथमिकता, ब्रेल लिपि युक्त ईव्हीएम जैसे मतदान केंद्रों में पेयजल, बैठक, शौचालय, व्यवस्था, सांकेतिक भाषा, आदि व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिले में 143 महिला बूथ बनाए गए है।



# साहब...तो फिर किसकी अनुमति से शुरू हो गया स्पा सेंटर

शहडोल।

संभागीय मुख्यालय में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार के अड्डा संचालित होने की खबर एक बार फिर सरगर्म है, 15 मई 2023 शहडोल व बुढ़ार में एक साथ तीन स्थानों पर दबिश दी गई थी और आरोपियों को गिरफ्तार किया। गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ, विराट नगरी में यह पहला मौका था, जब इस तरह देह व्यापार के अड्डे वह भी तीन स्थानों पर संचालित हो रहे थे, 2 से 3 माहों के बाद आरोपी जेल से जमानत पर आये और फिर बीते माह भर से संभागीय मुख्यालय में एक बार फिर गंदे धंधे के संचालित होने की खबर ने पूरे पुलिस-प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है। शहडोल पाण्डव नगर मार्ग पर काफी हाऊस के ऊपर संचालित स्पा सेंटर का संचालन सतना के किसी तिवारी के द्वारा चलाया जा रहा है, बीते एक माह से यहां फिर ग्राहकों को लड़कियां दिखा-दिखा कर बंद कमरों में मालिश के नाम पर पुराना धंधा शुरू कर दिया गया है, प्रदेश भर में सुर्खिया बटोर चुके स्पा सेंटर के सरगना ने इतनी बड़ी कार्यवाही के बाद शहडोल में उसी स्थान पर दोबारा कब सेंटर चालू कर दिया, इसकी खबर वर्दीधारियों को नहीं है।

**पुलिस पर उठ रहे सवाल**- संभागीय मुख्यालय में एक बार फिर स्पा सेंटर की आड़ में जिस्मफरोशी का धंधा तेजी से बढ़ रहा, ऐसा नहीं है कि इन अड्डों के बारे में पुलिस को खबर नहीं है, लेकिन ऊंची पहुंच वाले लोगों की आवाजाही के चलते इन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में बड़ी संख्या में युवा इस जाल में फंस कर गलत राह पर जा रहे हैं। संभागीय मुख्यालय के मुख्य सडक पर स्पा सेंटर होने के बावजूद पुलिस की ओर से इसे नजर अंदाज करना, पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहा हैं। जबकि बीते वर्ष इसी स्पा सेंटर से कई युवाओं को गिरफ्तार किया गया था।

**नहीं है कोई डिप्लोमाधारी**-स्पा सेंटर किराए के भवन में चल रहा हैं, इनमें अलग-अलग अपारदर्शी केबिन बनाए गए हैं, चौक-चौराहों पर चर्चा है कि उन केबिनों में मसाज के नाम पर वेश्यावृत्ति करवाई जाती है। नियमानुसार स्पा सेंटरों में आयुर्वेद में डिप्लोमाधारी युवक व युवतियां मसाज कर सकती हैं, लेकिन यहां पर किसी के पास भी कोई डिप्लोमा नहीं है। इसके अलावा विदेशी नागरिक के यहां आने पर संबंधित पुलिस थाने को उसकी जानकारी देनी होती है, लेकिन स्पा सेंटरों के संचालक पुलिस को जानकारी नहीं देते हैं और न ही पुलिस इन सेंटरों की पड़ताल कर जानकारी जुटाती है।

# रामकथा राज्य अभिषेक के साथ हुआ कथा का समापन

## हसदेव क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक संजय मिश्रा ने किया राम जी का राज्याभिषेक



**राजनगर (स्वतंत्रमत)।** राजनगर में 23 वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री सत चंडी महायज्ञ एवं श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन राजनगर काली मंदिर प्रांगण में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक सम्पन्न हुई। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी रामकथा की भक्तिमयी गंगा में डुबकी लगाई। कथा समापन के दिन श्री श्री 1008 श्री शेषनारायणाचार्य महाराज द्वारा राम जी का राज्याभिषेक हसदेव क्षेत्र के प्रबंधक संजय मिश्रा द्वारा कराया गया। द्वारकाधीश अस्सी बनारसी द्वारा आयोजित रुद्र महायज्ञ राजनगर परिवार के द्वारा किया गया है। जहां नगर की महिलाएं पुरुष बच्चे यज्ञ भगवान के परिक्रमा कर पुण्य के भागीदार बने एवं रात्रि 8 बजे से कथावाचक बाल विदुषी शिखा तिवारी वाराणसी के द्वारा संगीतमयी राम कथा का प्रवचन किया गया। जिसमे मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म से लेकर ता?का वध, सीता स्वयम्बर, राम सीता विवाह, राम वनगमन, सूर्पनखा लक्ष्मण संवाद, मृग मारीच प्रसंग, शबरी मिलन, सुग्रीव हनुमान मिलन, जटायू प्रसंग, शिव स्तुति, लंका कांड, राम रावण युद्ध, राज्याभिषेक सुंदरकांड की रामकथा वाचक बाल विदुषी शिखा तिवारी द्वारा संगीतमय रामकथा को सुनने के लिए भारी संख्या में नगर के महिला पुरुष यज्ञ स्थल पर पहुंच रहे हैं। राज्य अभिषेक के दौरान हजारों की संख्या में महिला और पुरुष आनंदित हुए व भक्तिभाव से भगवान राम का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। भगवान राम सीता के पैर पखारे गए मंगल गीत महिलाओं के द्वारा गाए गए राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे यह भक्ति गीत का गायन भी हुआ। कमेटी के द्वारा हसदेव अध्यक्ष के मुखिया महाप्रबंधक संजय मिश्रा का श्रीफल और शॉल द्वारा स्वागत किया गया। जिसमें उप क्षेत्रीय प्रबंधक जितेंद्र कुमार कमेटी के विनोद तिवारी और कमेटी के सभी सदस्य द्वारा महाप्रबंधक का स्वागत किया गया। महाप्रबंधक संजय मिश्रा द्वारा उद्बोधन में कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि यह महायज्ञ करीब 23 साल से चल रहा है और मैं सभी श्रद्धालुओं से सहयोग के साथ यह कहूंगा कि यह ऐसे ही अनवरत चला रहे और मां की कृपा सब पर बनी रहे। आप लोग इस अमृतवाणी का रसपान किए मैं उम्मीद करता हूं, कि यह आयोजन लगातार जारी रखें जब तक यह खदान है।

# प्रेमिका के हत्यारे को भेजा गया जेल

कटनी/ब्यूरो।

कैमोर ग्राम जमवानी कला की श्रीमती संगीता कोल उम्र 38 साल की गुमने की सूचना उसके परिजनों द्वारा लेख करने पर थाने पर गुम इंसान कायम कर जांच की गई किंतु गुमशुदा संगीता कोल का पता नहीं चल सका दिनांक 12 अप्रैल 24 को ग्राम जमवानी कलाके कोटवार द्वारा सूचना दी गई की एक महिला का शव गली हालत में कंकाल के रूप में पड़ा हुआ है सूचना पर मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया एवं म्रतिका के कपड़ों के आधार पर उसके परिजनों ने उक्त लाश संगीता कोल के रूप में पहचान की आवश्यक कार्रवाई पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया तथा ग्रामीण एवं परिजनों से पूछताछ की गई स्थिति जान साक्षी के आधार पर क्योंकि मृतिका का शव गेहूं की



बाली लगे खेत में पाया गया था एवं महिला घर से निकली है की सूचना पर एवं अन्य साक्ष के आधार पर यह पाया गया कि महिला को हत्या कर गेहूं के खेत में फैंका गया है जांच करते हुए और अज्ञात आरोपी के संबंध में सुराग प्रक्रिया की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी संतोष डहरिया एवं अनुभागी अधिकारी पुलिस के पी सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कै मोर अरविंद कुमार चौबे के प्रभार में टीम का गठन किया गया ।

टीम के द्वारा सतत रूप से जांच करते हुए विभिन्न परिस्थितिजन मुखबिर तंत्र द्वारा प्राप्त जानकारी एवं तकनीकी साक्ष के आधार पर संदेह गणेश गुप्ता पिताराजकुमार गुप्ता उम्र 27 साल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जो आरोपी द्वारा बतलाया गया कि संगीता से उसके 3 वर्षों से प्रेम संबंध चल रहे थे तथा एक वर्ष पूर्व गणेश गुप्ता का विवाह हो जाने से गणेश गुप्ता उक्त संगीता से नहीं मिलना चाहता था किंतु संगीता उसे पर लगातार मिलने बात करने का दबाव बना रही थी किंतु आरोपी उसे नहीं मिलना चाहता था इसलिए गणेश गुप्ता द्वारा 19 फरवरी को ही संगीता से मोबाइल पर बात करने के उपरांत बुलाकर मिलकर उसे समझाने का प्रयास किया किंतु संगीता द्वारा यह कहा गया कि तुम मुझसे नहीं मिलोगे तो मैं तुम्हारे घर आ जाऊंगी इस बात से क्रोधित होकर गणेश गुप्ता द्वारा गुस्से में अभय पटेल के खेत की मेड़ पर गला दबाकर हत्या कर दी गई एवं संगीतों संगीता की लाश को करीब 20 फीट अंदर गेहूं की बाली युक्त खेत में फेंक छिपा दिया गया आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा मुख्य भूमिका में थाना प्रभारी कैमोर अरविंद चौबे प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल आरक्षक सुशील पटेल सौरभ कुमार विक्रम सिंह विनोद कुमार अंकुल बागड़ी प्रिया सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# भगवान महावीर स्वामी के जय जयकार के नारे लगाते निकली प्रभात फेरी

## 19 अप्रेल की प्रभात फेरी श्री 1008 चन्द्रप्रभ दि.जैन बंगला मंदिर से

कटनी/ब्यूरो।

अहिंसा के अग्रदूत जैन समाज के 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन रूंगटा कॉलोनी मंदिर से प्रभात फेरी प्रारंभ होकर गर्ग चौराहा, घंटाघर, नईबस्ती से होते हुये महावीर कीर्ति स्तभ में समाप्त हुई। प्रभात फेरी में प्रभात फेरी में दिग.जैन समाज पंचायत महासभा, अखिल भारतवर्षीय दिग जैन महिला परिषद् के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ के साथ पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, ससि अनिल कुमार, सिं पंचम जैन, राजकुमार कलर लैब, राजू जैन, मोनू जैन, बंटी जैन अभिनंद जैन, कोमलचंद जैन, विजय कुमार वैद्य, मुकेश मोदी के साथ भारी संख्या में



श्रावक-श्राविकाएँ शामिल हुई इस अवसर पर मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि भगवान महावीर स्वामी के संदेश जियों और जिनों दो आज भी सामायिक है। यदि दुनिया के लोग इस संदेश को लेकर चले तो संसार में शांति स्थापित हो सकती है। अरविन्द्र जैन कोयला वालों के द्वारा प्रभात फेरी में शामिल सभी लोगो को स्वल्पहार कराया गया।





# गमछा पहनाकर दिलाई पार्टी की सदस्यता

**कटनी/ब्यूरो।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, सांसद एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी व्हीडीशर्मा की उपस्थिति में शहर के प्रथम मेयर रहे विजेंद्र मिश्र के भतीजे शुभप्रकाश मिश्र, बरिष्ट नेता कांग्रेस सिया राम प्यासी, अज्जु सोनी प्रमोद गर्ग, विनोद छिरोलिया,बढ़ी संख्या कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। सभी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, विधायक संदीप जायसवाल, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, पूर्व जिला अध्यक्ष रामरतन पायल, सुनील उपाध्याय, रवि खरे, नवाब खान, रजनी सोनी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने भाजपा का गमछा पहना कर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके बाद सभी लोग विधायक संदीप जायसवाल के निवास पहुंचे, जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में केक काटकर विधायक का जन्मदिन मनाया गया। उल्लेखनीय है, बरिष्ट कांग्रेस नेता पूर्व महापौर विजेंद्र मिश्र ने बरही मे केंद्रीय मंत्री अमित शाह के सभा मंच पर भाजपा में एंट्री की थी। तभी से कयास लगाए जा रहे थे। उनके समर्थक जल्द ही कांग्रेस छोड़ देंगे।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस मोबाइल व अधिकारियों को दी कर्तव्यों की जानकारी

**कटनी/ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत रंजन द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में सेक्टर पुलिस अधिकारियों को मतदान केन्द्र भ्रमण के दौरान की जाने वाली कार्यवाही एवं मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में उनकी भूमिका के बारे मे अवगत कराया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहां की मतदान दिवस के पूर्व मतदान दल की खैरियत रिपोर्ट के साथ मतदान पेटी को सुरक्षित स्ट्रांग रुम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस मोबाइल की होगी। पुलिस अधीक्षक के द्वारा समस्त सेक्टर पुलिस अधिकारियों को यह बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या आने



पर तत्काल अपने जोनल अधिकारी को सूचित करें। पुलिस अधीक्षक के द्वारा भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों के साथ साथ आसमाजिक तत्वों पर भी नजर रखने के निर्देश दिए गए। इसी दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया द्वारा सेक्टर पुलिस अधिकारी के कर्तव्य कानूनी प्रावधान, तकनीकी बिंदु, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ तालमेल और मतदान शुरू होने के 72 घंटे पहले से लेकर मतदान पेटी स्ट्रांग रूम में जमा होने तक की ड्यूटी के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। लोकसभा चुनाव 2024 निर्विध्न एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से शहडोल संसदीय क्षेत्र क्रमांक 12 में 39 सेक्टर मोबाइल 07 क्यूआरटी क्विक रिस्पांस टीम 06 जोनल सेक्टर मोबाइल तैनात की गई है। प्रशिक्षण के दौरान एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर, रक्षित निरीक्षक श्रीमती संध्या राजपूत, थाना प्रभारी माधवनगर अनूप सिंह, थाना प्रभारी एनकेजे नीरज दुबे, थाना प्रभारी बड़वारा किशोर द्विवेदी थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखिलेश दहिया, उनि प्रियंका राजपूत एवं पुलिस सेक्टर मोबाइल के अधिकारीगण उपस्थित थे ।




# वैश्य महासम्मेलन द्वारा शोभायात्रा का स्वागत

कटनी/ब्यूरो।

श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा निकाली गई श्रीराम प्रकट उत्सव शोभायात्रा का स्वागत वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश जिला कटनी द्वारा आजाद चौक पर किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना महा आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। इसमें वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी, मातृशक्ति, वैश्य बंधु एवं राम भक्त उपस्थित रहे। वेश महासम्मेलन मध्य प्रदेश कटनी जिला अध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया ने सभी का धन्यवाद आभार एवं रामनवमी पर्व की बधाई शुभकामनाएं दी।

# सुदर्शना परिवार द्वारा नवरात्रि में निर्धन कन्या के विवाह में दिया आत्मीय सहयोग

**कटनी/ब्यूरो।** महिला बाल विकास एवं समाज सेवा को समर्पित संस्था सुदर्शना द्वारा विगत 29 वर्षों से निरन्तर समाज सेवा के कार्य किये जा रहे हैं इसी श्रृंखला में विगत दिवस ग्राम बिरुहली के एक निर्धन पिता सोहन चौधरी ने अपने लिखित आवेदन द्वारा अपनी बेटी आरती चौधरी के विवाह हेतु सहयोग मांगा। आवेदन कर्ता सोहन चौधरी मजदूरी करता और अपनी चार संतानों की गुजर बसर किसी प्रकार करता है आर्थिक स्तिथि बहुत कमजोर होने के कारण मन्दिर से शादी कर रहा है अत: सुदर्शना परिवार की तरफ से उसे नगद आर्थिक सहायता के साथ ही 11 साड़ियां 3 सूट 2 जोड़ी पेंट शॉल, कम्बल, बेड शीट, शर्ट श्रृंगार सामग्री, पर्स, टेबिल फैन खाना





बंनाने के सभी बर्तन थालियों कटोरी गिलास के सेट के अलावा घर गृहस्थी का आवश्यक समान दिया । संस्था अध्यक्ष सुश्री मीरा भार्गव के सानिध्य और मार्गदर्शन में यह सारा सामान आरती चौधरी और सोहन चौधरी को शुभकामनाओं के साथ भेंट किया। सामान पाते ही निर्धन पिता पुत्री की आँखे खुशी से चमक उठी और कृतज्ञता के भाव से नम हो गईं । इस विवाह कार्य मे प्रमुख सहयोग सुश्री मीरा भार्गव, प्रिया भार्गव, मीना शर्मा, राजुल मिश्रा, नीतू गुप्ता, शोभा राय, कल्पना कोटक, रश्मि कनकने, सीमा नाहर,रंजना बहरे, दीपाली गुप्ता, पल्लवी जैन, सुशीला शर्मा, अंजली सोनी, हनी शिवहरे, आशु सुहाने, माया तिवारी, अलका सरावगी, पल्लवी चन्दा, अलका अग्रवाल, पूजा तनवानी और पूनम गुप्ता, सुनीता चौदहा, आशा कोहली, रिचा बाजपेई और बिरुहली गांव के समाज सेवी विजय नायक जो आवेदक को लेकर आये और सहायता का अनुरोध किया। यह शादी 20 तारिक को दमोह जिले के शिव मंदिर में सम्पन्न होगी ।

## ग्राम निगहरा में उत्साह के साथ बनाया गया रामनवमीं का पर्व



**कटनी/ब्यूरो।** बड़वारा तहसील के निगहरा ग्राम में नेत्र रूपी मां कंकाली की पूजन अर्चना, आराधना महापर्व नवरात्रि का समापन हुआ। नवरात्रि में नौ दिन तक माता के धाम भक्तो का तांता लगा रहा हर वर्ष के भांति इस वर्ष भक्तों की संख्या में इजाफा हुआ। मां कंकाली का जुलूस मंदिर से होते हुए ग्राम से घूमते हुए ठाकुर की हवेली में जुलूस रुककर परंपरा के अनुसार बाना काली नृत्य भगते गीत गाते हुए गाजे भांजे के साथ जावरा जुलूस निकला और गांव की जवाहाई तलैया में जवारे का विसर्जन हुआ ।

## बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर पुष्पअर्पित

**कटनी/ब्यूरो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटनी इकाई बरही द्वारा बस स्टैंड चौराहे पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती पर पुष्पअर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वमसेवक् संघ के स्वयंसेवक नंद किशोर गुप्ता, परिषद के पूर्व कार्यकर्ता संतोष द्विवेदी, नगर के गणमान्य नागरिक एवं परिषद के सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



# गिरजा घाट मंदिर से निकले जवारे

**कटनी/ब्यूरो।** रामनवमी के शुभ अवसर पर लगभग 50 वर्षो से बोल बम कमेटी के द्वारा नई बस्ती जगमोहन दास वार्ड गिरजा घाट मंदिर से निकले जवारे जुलूस नई बस्ती से होते हुए कटनी नदी में विसर्जन होंगे। इस अबसर पर समाजसेवी अरुण चक्रवर्ती संजू वर्मा हेमंत कुशवाह विक्की नानू खरे नानू खरे रवि चक्रवर्ती मुकेश पप्पू बिज्जू बिज्जू सूर्यकांत मिश्रा द्वारा ज्वारा जुलुश का स्वागत किया गया।

## सनशाइन एकेडमी समदड़िया में शेप्स रिकॉग्नाइजेशन एक्टिविटी का आयोजन

**कटनी/ब्यूरो।** सनशाइन एकेडमी समदड़िया में शेप्स रिकॉग्नाइजेशन एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को भिन्न-भिन्न तरह के शेप्स तथा उनकी विशेषता बताई गई। शेप्स की पहचान खेल कर खेल के माध्यम से करवाई गई, जैसे कि बच्चे लर्निंग एक्टिविटी के माध्यम से जल्द समझते हैं और सीखते हैं। इस एक्टिविटी में सर्कल



एट्रायंगल एस्क्वायर एरेक्टेंल कोन आदि शेप्स की जानकारी बच्चों को दी गई। बच्चों ने बहुत ही उत्साहित होकर इस एक्टिविटी में पार्टिसिपेट किया तथा सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रीमती जूही जैन की उपस्थिति बनी रही उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का किया सुंदर वर्णन

**कटनी/ब्यूरो।** श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास बाल संत ब्रम्हानंद दस महाराज महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। उधार मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते



। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौडकर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के



चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। इसी के साथ कथा का विराम हो गया। आयोजन समिति के सदस्य पुस्प राज परोहा ब्रजेश गोतम राजेंद्र गोतम ने बताया कि 4 दिसंबर दिन रविवार को सुबह 9 बजे से पंच कुंडीय हवन यज्ञ होगा इसके उपरांत बाल संत ब्रम्हानंद दास जी महाराज का व्यासपीठ से आशीर्वचन एवं विदाई । विशाल भण्डारे का आयोजन 12 बजे से होगा जिसमें सभी भक्तजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर श्याम सुंदर श्री वास अर्जुन पटेल रामनरेश गुप्ता विनीत परोहा आदि मोजूद रहे।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर श्री बधाई उत्सव कमेटी द्वारा प्रभु श्रीराम का स्वागत



**कटनी/ब्यूरो।** श्रीराम जन्मोत्सव के पावन पर्व पर श्री बधाई उत्सव कमेटी द्वारा प्रभु श्री राम का स्वागत किया गया एवं पूजा आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा में शामिल सभी संस्थाओं एवं झांकियां का भी स्वागत सम्मान किया गया। श्री बधाई उत्सव कमेटी के संयोजक प्रेम प्रकाश दीक्षित, संजीव चौदहा, अध्यक्ष अभिषेक पुरवार, सचिव रवींद्र चौदहा, कोषाध्यक्ष संतोष पांडे, बिहारी लाल सोनी, मनीष सराफ, आतिश खमपरिया, कृष्णा सोनी, अभिषेक बर्मन, अखिलेश पुरवार, संदीप पांडे, संतोष बर्मन, सतीश सोनी, आशीष मिश्रा, एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे। श्री हिंदू उत्सव समिति के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी गण को कल के इस भव्य शोभा यात्रा के सफल कार्यक्रम की हार्दिक हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं।

# लखनऊ के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की कठिन चुनौती



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं। रूतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हैं जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। वहीं मुस्ताफिजुर रहमान के पास कम से कम तीन वैरिएशन हैं।

### काफी असरदार साबित हो सकते हैं जडेजा

इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है , रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं। लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में एक अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है। लखनऊ में इस सत्र में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रन रहा है जो दूसरे मैदानों से कम से कम 15 रन कम है। लखनऊ के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव पिछले दोनों मैचों में पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण नहीं खेल सके। उन्होंने अभ्यास शुरू किया और उनकी रफ्तार चेन्नई के बल्लेबाजों के लिये चुनौतीपूर्ण हो सकती है लेकिन देखना यह है कि वह कल खेल पाते हैं या नहीं।

### बिश्नोई और शिवम की टक्कर देखने लायक होगी

स्पिन में रवि बिश्नोई ने किफायती स्पैल फेंके हैं लेकिन वैरिएशन के अभाव के कारण अभी तक छह मैचों में चार ही विकेट ले सके। बिश्नोई और चेन्नई के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे की टक्कर देखने लायक होगी। लखनऊ के प्रमुख बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक लगातार दो अर्धशतकों के बाद पिछले तीन मैचों में कुछ खास नहीं कर सके। 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम के कारण कृणाल पंड्या सातवें नंबर पर उतर रहे हैं और छह मैचों में 41 गेंद ही खेल सके। उनका पूरा इस्तेमाल नहीं करने का खामियाजा भी टीम को भुगतना पड़ा है। कप्तान राहुल भी 204 रन ही बना सके और अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। निकोलस पूरन ने छह मैचों में 19 छक्के लगाये हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद होगी।

### टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, करुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।



## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। टूर्नामेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोम्नियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढत बना ली। कारूआना, नकामूरा और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा के 5 . 5 और गुजराती के पांच अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान को एकल बढत मिल गई है जबकि उनकी हमवतन टी लेइ दूसरे स्थान पर है। भारत की आर वैशाली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना को हराया जबकि कोनेरू हम्पी ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा को मात दी।

## वो चाहे कप्तान रहे या नहीं, उदास नहीं होता...

### ब्रायन लारा ने रोहित शर्मा की तारीफ में पढ़े कसीदे



**नई दिल्ली।** दुनिया के दिग्गज क्रिकेटरों में शुमार ब्रायन लारा ने टीम इंडिया के कप्तान और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ की है। उन्होंने बताया कि किस तरह से रोहित शर्मा क्रिकेट को हमेशा पहले रखते हैं और बिना उदास हुए या किसी बात को दिल पर लगाए अपनी टीम के लिए खेलते हैं। रोहित शर्मा जिस तरह से आईपीएल 2024 में बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह टीम इंडिया के लिए बहुत बड़ी राहत की बात है। क्योंकि आईपीएल 2024 के बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप भी खेला जाएगा। वहीं लारा ने कहा कि, अगर आप रोहित शर्मा को देखेंगे तो आपको लगेगा कि पब्लिक से बहुत अच्छे से कनेक्ट करता है। उसका बचपन आसान नहीं रहा है। वह मुश्किलों से लड़कर आया और लगातार भारत के लिए खेला है। कई बार उसे सिलेक्टर्स ने मौका नहीं दिया और उसने फिर से अपना रास्ता बनाया। रोहित शर्मा की जो सबसे अच्छी बात है कि वह हर चीज को किनारे करते हुए टीम को पहले रखते हैं, चाहे वह भारतीय टीम हो या फिर मुंबई इंडियंस। वह उसी तरह क्रिकेट खेलते हैं, जिस तरह से क्रिकेट खेला जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि वह उदास नहीं होता है या फिर चिड़चिड़ नहीं करता है। वह लीडर है, फिर चाहे वह कप्तान बना रहे या नहीं। कई बार आप ऐसे पॉइंट्स पर पहुंच जाते हैं और ऐसी उम्र में होते हैं, जहां आप लीडर ही रहते हैं। मुझे लगता है कि वह इस रोल को बखूबी निभाते हैं।

## अब से हर अभ्यास सत्र अहमः हरमनप्रीत



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि पेरिस ओलंपिक के लिए 100 दिन बचे हैं और ऐसे में हर दिन, हर अभ्यास और प्रशिक्षण सत्र का इस्तेमाल इसकी तैयारियों को बेहतर करने के लिए किया जायेगा। तोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक विजेता भारत मौजूदा विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा कि वे पेरिस में अपने तोक्यो परिणाम में सुधार करना चाहते हैं। इस स्टार ड्रैग-फ्लिकर की टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आई, जहां मेजबान टीम ने उन्हें 0-5 से हराया था। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, ''हम अभी ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे से लौटे हैं। एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक में केवल 100 दिन बचे हैं और टीम में उत्साह बढ़ रहा है।'' भारतीय कप्तान ने कहा, ''स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर हमारी टीम की एकजुटता लगातार बढ़ रही है। टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने ओलंपिक की उलटी गिनती के मद्देनजर हमारे लिए साप्ताहिक कार्यक्रम तैयार किये हैं।'' भारत ने पिछले साल हांग्झोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। भारत के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि पेरिस खेलों से पहले टीम को अपनी खामियों को दुरुस्त करना होगा। उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से हमें उन चीजों के बारे में पता चला जिनमें हमें सुधार करने की जरूरत है। हम शिविर में लौटने पर इस पर काम करेंगे।

## चमारी की रिकार्ड तोड़ पारी ने दफ्रीका को छह विकेट से हराया



**पॉचेफ्सट्रूम (वार्ता)।** श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में नाबाद (195) रनों की तूफानी पारी खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने सीरीज एक-एक से बराबरी कर ली है। चामरी की रिकॉर्ड पारी की बदौलत श्रीलंका महिला एकदिवसीय इतिहास में 300 के लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल करने वाली पहली टीम बन गयी है। श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया के 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। वर्ष 2012 में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 289 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज की थी। इसके अलावा चेज करते हुए श्रीलंका का चार विकेट पर 305 रनों का स्कोर संयुक्त रूप में महिला क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले वर्ष 2017 विश्वकप के दौरान इंग्लैंड द्वारा दिए गए 374 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट पर 305 रन बनाए थे। महिला एकदिवसीय क्रिकेट इतिहास में यह किसी खिलाड़ी का पांचवां निजी सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

302 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की विषमि गुणरत्ने और चमारी अटापट्टू की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत कते हुए पहले विकेट लिये 90 रन जोड़े। 16वें ओवर में विषमि गुणरत्ने (26) रन बनाकर आउट हुई। उसके बाद प्रसादिनी वीराकोड्डी (4) रन, हंसिमा करुणारत्ना (3) रन, कविशा दिलहारी (शून्य) के आउट होने के बाद चमारी ने हौसला नहीं खोया और नीलाक्षी डिसिल्वा के साथ पारी को संभाला। चमारी ने 139 गेंदों में 29 चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद (195) रन बनाये। नीलाक्षी डिसल्वा ने 71 गेंदों में नाबाद 50 रन बनाये। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिये 179 रनों की रिकार्ड साझेदारी हुई। श्रीलंका की टीम ने 44.3 ओवर मे चार विकेट पर 305 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने दो विकेट लिये। नडीन डी क्लर्क, डेलमी टकर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। कप्तान लॉरा वुलफार्ट के नाबाद (184) रनों की शानदार पारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर (301) रन का स्कोर खड़ा किया था। लॉरा वुलफार्ट ने लारा गुडॉल के साथ पहले विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी की। लारा गुडॉल (31) रन, डेलमी टकर (एक) रन, सुने लूस (शून्य) मरीजान कप्प (36) और नडीन डी क्लर्क (35) रन बनाकर आउट हुई। लॉरा वुलफार्ट ने 147 गेंदों में 23 चौके और चार छक्के लगाते हुये नाबाद (184) रन बनाये। एलिज मारी मार्क्?स नौ रन बनाकर नाबाद रही। श्रीलंका की ओर से कविशा दिलहारी ने दो विकेट लिये। चमारी अटापट्टू ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## शक्कर में तेजी, तेलों में मजबूती, दलहनों में सुधार

**इंदौर (वार्ता)।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर आज फिर महंगी बिकी। खाद्य तेलों में मजबूती दर्ज की गई । कारोबार में सोयाबीन रिफाइंड बढ़कर बिका। तिलहन में उठाव बना रहा। दलहन तेजी लिए बताए गए। दालें मजबूत रही। चावल में उठाव बना बताया गया। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी से भाव मजबूती लिए रहे। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से बना रहा। साबूदाना, खोपरा बूरा में मांग उठाव रहा। हल्दी में डिमांड रही। खाद्य तेलों में तेजी रही। सोयाबीन रिफाइंड महंगा बिका।आने वाले दिनों में खाद्य तेलों में लिवाली सुधार की संभावना है। तिलहनों में कामकाज सामान्य वत बना रहा। दलहनों में मजबूती दर्ज की गई। आज चना कांटा के साथ तुअर बढ़कर बिकी। दालों में मजबूती बताई गई। चावल में मांग सुधार लिए रही।शक्कर 3960 से 3980 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 114 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2550 से 4600 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 175 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6200 से 6800, पैकिंग में 7100 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों निमाड़ी 5300 से 5750, सोयाबीन 4650 से 4700 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1490 से 1500, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 960 से 965 साल्वेंट 910 से 915, पाम तेल 1010 से 1015 रुपये प्रति 10 किलो। चना (कांटा) 6300 से 6350, चना विशाल 6000 से 6150, मसूर 6000 से 6050, तुअर निमाड़ी 9800 से 11200, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11500 से 11700, तुअर (कर्नाटक) 11600 से 11800, मूंग 9000 से 10000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8800 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल। चना दाल 8000 से 8500, तुअर दाल सवा नंबर 15200 से 15300, तुअर दाल फूल 16200 से 16300, तुअर दाल बोल्ड 17100 से 17200, आयातित तुअर दाल 14200 से 14300, मसूर दाल 7200 से 7500, मूंग दाल 10500 से 10800, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 11400 से 11700, उड़द मोगर 11800 से 12000 रुपये प्रति क्विंटल। बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

## डॉ विजय यादव एएमएचएसएससी के नये मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन कार्यरत अपैरल, मेड अप्स और होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल (एएमएचएसएससी) डॉ. विजय कुमार यादव को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है डॉ यादव की नियुक्ति एक अप्रैल 2024 से प्रभावी हो गयी है। डॉ यादव के पास कपड़ा उद्योग में 22 वर्षों से अधिक का अनुभव है और साथ ही यह विभिन्न कंपनियों के शीर्ष पदों पर कार्यरत रहे हैं। एएचएसएसएससी के अध्यक्ष डॉ ए सक्तिवेल ने नये सीईओ का स्वागत किया और कहा कि उन्होंने अपने करियर में टेक्सटाइल्स और परिधान की गहरी समझ के साथ दूरदर्शी दृष्टिकोण को अपनाते हुये अपनी उपलब्धियों में रिकॉर्ड कायम किया है। डॉ. यादव ने कहा कि परिधान उद्योग को कुशल कार्यबल उपलब्ध कराने के लिये समर्पित एएमएचएसएससी का नेतृत्व करना उनके लिये गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, प्रतिभाशाली टीम के साथ एएमएचएसएससी को कपड़ा और परिधान के कौशल पारिस्थितिकी तंत्र में और आगे बढ़ाने के लिये प्रतिबद्ध हूँ। अपने सभी उद्योग पार्टनर, ट्रेनिंग और अकादमिक पार्टनर एवं अन्य हितधारकों के साथ मिलकर अपैरल स्किल इकोसिस्टम को नयी बुलंदियों तक पहुंचाने की दिशा में काम किया जायेगा।

## साउथ इंडियन बैंक की अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** साउथ इंडियन बैंक ने अपने डीलर वित्त कार्यक्रम के तहत डीलरों को वित्तपोषण के लिए वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत बैंक अशोक लेलैंड लिमिटेड के डीलरों को डीलर फाइनेंस विकल्प प्रदान करेगा। इसके साथ, साउथ इंडियन बैंक का लक्ष्य अशोक लेलैंड के डीलर भागीदारों को वाहन इन्वेंट्री फंडिंग को सुव्यवस्थित करने में मदद करना है। यह व्यवस्था वाहन निर्माता, उनके डीलरों और साउथ इंडियन बैंक के लिए पारस्परिक रूप से लाभप्रद है। बैंक के वरिष्ठ महाप्रबंधक और समूह व्यवसाय प्रमुख बिजी एस.एस. ने कहा, हम अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं। अपने विविध वित्तीय समाधानों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डीलरों को सुविधाजनक और संपूर्ण वित्तपोषण विकल्प प्रदान करना है। हमारा




मानना ??है कि यह साझेदारी दोनों संगठनों की व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करेगी और एक मजबूत सकारात्मक प्रभाव पैदा करेगी। कंपनी के निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी गोपाल महादेवन ने कहा, हम साउथ इंडियन बैंक के साथ साझेदारी करके प्रसन्न हैं। यह गठबंधन हमारे डीलरों के नेटवर्क को उचित इन्वेंट्री वित्तपोषण समाधान प्रदान करेगा। हम, अशोक लीलैंड और साउथ इंडियन बैंक, असाधारण ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




## रुपया 11 पैसे मजबूत

**मुंबई (वार्ता)** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के लगातार दूसरे दिन गिरने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 11 पैसे मजबूत होकर 83. 51 रुपये प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.62 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया 10 पैसे की बढ़त लेकर 83.52 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली के बाल पर 83.51 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसी स्तर पर बंद हुआ। वहीं, लिवाली होने से यह 83.56 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

# शेयर बाजार में चौथे दिन गिरावट

**मुंबई (वार्ता)।** विश्व बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत अठारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 454.69 अंक का गोता लगाकर 72,488.99 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 152.05 अंक की गिरावट लेकर 22 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक अंक के नीचे 21,995.85 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों कि शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 0.39 प्रतिशत उतरकर 40,159.66 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत बढ़कर 45,450.47 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3929 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1934 में बिकवाली जबकि 1863 में लिवाली हुई वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियों में गिरावट जबकि शेष 14 में तेजी रही। बीएसई में टेक और दूरसंचार में 1.62 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष 18 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.39, सीडी 0.54, ऊर्जा 1.28, एफएमसीजी 1.00, वित्तीय सेवाएं 0.62, हेल्थकेयर 1.23, इंडस्ट्रियल्स 0.03, आईटी 0.19, यूटिलिटीज 0.20, ऑटो 0.73, बैंकिंग 1.09, कैपिटल गुड्स 0.01, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.52, धातु 0.50, तेल एवं गैस 0.96, पावर 0.33, रियल्टी 0.70 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का



एफ़टीएसई 0.21, जर्मनी का डैक्स 0.01, जापान का निक्केई 0.31, हांगकांग का हैंगसेंग 0.82, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.95 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.09 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 239 अंक की तेजी के साथ 73,183.10 अंक पर खुला और दोपहर तक 73,473.05 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा लेकिन भारी बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में 72,365.67 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 72,943.68 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत लुढ़ककर 72,488.99 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी 64 अंक उतरकर 22,212.35 अंक पर खुला और सत्र के 22,326.50 अंक के उच्चतम जबकि 21,961.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,147.90 अंक की तुलना में 0.69 प्रतिशत कमजोर रहकर 21,995.85 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने नुकसान उठाया उनमें नेस्ले इंडिया 3.31, टाइटन 3.31, एक्सिस बैंक 2.72, एनटीपीसी 2.19, टाटा मोटर्स 2.12, आईटीसी 1.64, टेक महिंद्रा 1.35, बजाज फिन सर्व 1.30, आईसीआईआई बैंक 1.13, एचडीएफसी बैंक 0.98, विप्रो 0.96, एसबीआई 0.94, सन फार्मा 0.86, मारुति 0.80, टीसीएस 0.23, रिलायंस 0.21, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.07 और टाटा स्टील 0.03 प्रतिशत शामिल हैं। वहीं, भारती एयरटेल 4.15, पावरग्रिड 2.13, इंफ़ोसिस 0.41 और एलटी के शेयर 0.28 प्रतिशत के लाभ में रहे।

# मतदाता की जागरूकता से ही लोकतंत्र सफल होता है : कलेक्टर

## मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली, शपथ एवं रैली में की सहभागिता







**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के मुख्य आतिथ्य में शासकीय बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रंगोली, मतदाता जागरूकता शपथ तथा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी पीसी शर्मा, जिला सहायक स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. अमर कुमार जैन, जिला खेल अधिकारी प्रदीप अबिद्रा, अधीक्षक डॉ. रमेश पाण्डेय, मीडिया कॉर्डिनेटर मनोज नेमा, डॉ. राजेश जैन, डॉ. मोनिका जैन, डॉ. जेपी चौहान, डॉ. राकेश माहौल, इंडियन एशेसियेशन एवं मेडीकल टीचर्स एशोसियसन, यूनाईटेड मेडिकल फोरम तथा एमआर यूनियन के सदस्य, एमबीबीएस, पीजी रेजीडेन्टस, नर्सिंग छात्रायें उपस्थित थी।

**युवा मतदाता वास्तव में प्रेरणा का कार्य करतें है :-** कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा कि युवा मतदाता वास्तव में प्रेरणा का कार्य करतें है इनकी ऊर्जा का सकारात्मक पहलू मतदाताओं को प्रेरित करेंगा। शहरी मतदाताओं से अपेक्षा है कि वह आगामी लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करेंगे तथा पिछले लोकसभा निर्वाचन 62.54 की तुलना में इस बार 75 प्रतिशत से अधिक मतदान करेगें। आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहरी मतदाताओं से ये अपेक्षा की है कि कम से कम पिछले विधानसभा के बराबर मतदान सभी जिलों में हो। श्री पीसी शर्मा ने कहा की लोकतंत्र में मतदाता ही सबसे प्रमुख पात्र होता है और उसकी जागरूकता से ही लोकतंत्र सफल होता है।

**मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी:-** कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा पैरा मेडिकल छात्राओं द्वारा बनाई गई वोट फॉर बेटर इंडिया रंगोली के समक्ष बाये हाथ की उंगली उठाकर प्रतिकात्मक रूप से मतदान करने की अपील मतदाताओं से की। तत्पश्चात उपस्थित लगभग 500 विद्यार्थियों को मतदान शपथ के द्वारा निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समूदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों ने डीन आफिस से चैतन्य अस्पताल तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली, जिसे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली में मार्ग में सभी विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लगाये तथा पीसी शर्मा द्वारा लिखित गीत लोकसभा के महापर्व को यू मनाते हैं को बजाया गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अमर कुमार जैन, संचालन डॉ. उमेश पटेल तथा आभार डॉ. रमेश पाण्डेय अधीक्षक द्वारा किया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के सागर पहुंचने पर हुआ स्वागत



**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आज सागर पहुंचने पर उनका स्वागत पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री डॉ. गोविंद सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर सांसद राज बहादुर सिंह, विधायक गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह, शैलेंद्र जैन, प्रदीप लरिया, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, गौरव सिरोठिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।


## सागर लोकसभा चुनाव के लिए चौथे दिन सात अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए नाम निर्देशन पत्र

**सागर ।** लोक सभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत सागर संसदीय क्षेत्र -05 में आज चौथे दिन सात नाम निर्देशन पत्र कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक आर्य के समक्ष जमा किए गए। चौथे दिन भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेड़े ने अपने दो नामांकन पत्र जमा किए। बहुजन समाज पार्टी की ओर से श्री भगवती जाटव ने अपने दो नाम निर्देशन जमा किये जबकि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी श्री सुरेश धानुक ने भी अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशी श्री राम भजन बंसल एवं श्री तोषमानी पंथी के द्वारा भी नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। इसके पहले 6 नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा चुके हैं। इस प्रकार अब तक कुल तेरह नाम निर्देशन पत्र जमा हो चुके हैं। नाम निर्देशन पत्र जमा करने का शुक्रवार 19 अप्रैल अन्तिम दिन है।

# मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक किसी भी चुनावी मामले का प्रदर्शन प्रतिबंधित

सागर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये मीडिया कव्हरेज के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जायेगा। टीवी चौनलों में पैनल चर्चा/बहस और अन्य समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं। इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है कि टीवी/रेडियो चौनलों और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 126 में उल्लेखित 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित कार्यक्रमों के कंटेन्ट में दृश्य सहित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल नहीं है। पैनलिस्टों/प्रतिभागियों द्वारा अपील करने पर उन्हें किसी पार्टी विशेष या उम्मीदवार की संभावना को बढ़ावा देने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के रूप में माना जा सकता है। इसमें जनमत सर्वेक्षण और मानक बहस, विश्लेषण, दृश्य और ध्वनि-बाइट्स का प्रदर्शन शामिल होगा। इसमें टीवी, केबल नेटवर्क, रेडियो, सिनेमा हॉल में किसी भी चुनावी मामले पर राजनीतिक विज्ञापन, किसी भी मतदान में थोक एसएमएस/वॉयस संदेशों, ऑडियो विजुअल डिस्प्ले का उपयोग आदि भी शामिल है। आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के लिये आयोग के पूर्व आदेशानुसार राज्य/जिला स्तर पर गठित समितियों द्वारा पूर्व-प्रमाणन की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में आयोग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का एनबीएसए द्वारा 3 मार्च, 2014 को जारी चुनावी प्रसारण के लिए दिशा-निर्देश की ओर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया गया है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने आम चुनावों के दौरान चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए अपने प्लेटफार्मों के स्वतंत्र, निष्पक्ष और नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सभी भाग लेने वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के लिए एक स्वैच्छिक आचार संहिता भी विकसित की है। सभी चुनावों के दौरान इस स्वैच्छिक आचार संहिता का पालन किया जाना चाहिए। यह संहिता वर्तमान लोकसभा चुनावों में भी लागू है। इस संबंध में आयोग द्वारा सभी संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का 20 मार्च, 2019 की स्वैच्छिक आचार संहिता की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है। आयोग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार या कोई अन्य संगठन या व्यक्ति मतदान के दिन और मतदान के दिन से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा, बशर्ते कि राजनीतिक विज्ञापनों की सामग्री पूर्व-प्रमाणित हो। उनके द्वारा राज्य/जिला स्तर पर एमसीएमसी समिति से अनुमोदन लेना होगा। आवेदकों को ऐसे विज्ञापनों के प्रकाशन की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले राज्य/जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी को आवेदन करना होगा। आयोग द्वारा यह भी कहा गया है कि पाठकों को गुमराह करने के लिए समाचार सुर्खियों के रूप में राजनीतिक विज्ञापन विशेष रूप से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जाएंगे। किसी पार्टी विशेष की जीत की भविष्यवाणी करने वाले विज्ञापनों पर स्पष्ट प्रतिबंध रहेगा और चुनाव परिणामों से संबंधित किसी भी प्रकार की अटकलों से संबंधित मैटर से भी बचना चाहिए। प्रेस काउंसिल के पत्रकारों का आचरण के मानदंडों के भाग (ए) पैरा 2 पर भी विशेष ध्यान आकर्षित किया गया है। इसमें यह कहा गया है कि एक संपादक समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों सहित अन्य सभी मामलों के लिए जिम्मेदार होगा।

# वरिष्ठ नागरिकों ने घर बैठे ही लोकसभा चुनाव के लिए मतदान किया




**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष उम्र से अधिक के मतदाता एवं अशक्त विकलांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान की सुविधा दी गई है। दमोह लोकसभा चुनाव के लिए 18 अप्रैल को हटा विधानसभा के लिए पूर्व से चिन्हित 58 मतदाताओं को यह सुविधा दी गयी। जिनमे से 54 मतदाताओं ने इस सुविधा का उपयोग कर घर बैठे ही मताधिकार का उपयोग किया। 58 में से दो मतदाता फौत हो जाने और दो मतदाता हटा से बाहर होने के कारण मतदान नहीं हो पाया। इस हेतु विधानसभा क्षेत्र हटा में 21 टीम गठित की गई जिनमें से प्रत्येक टीम में सेक्टर ऑफीसर के अलावा पीठासीन अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर एवं फोटोग्राफर शामिल हुए। उक्त मतदाताओं के घर पर मतदान दल ने पहुंच कर, अस्थायी रूप से मतदाताओं के घर पर ही बनाये गए मतदान केंद्र में मतदान की प्रक्रिया पूरी की गई। इस प्रक्रिया में सहायक रिटर्निंग ऑफीसर राकेश सिंह मरकाम, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी नायब तहसीलदार चढ़ार एवं सेक्टर ऑफीसर श्री कुर्मी उपस्थित रहे।

### चंद्रानी पति मूलचंद खटीक ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संसदीय क्षेत्र दमोह मे आज पोस्टल बैलेट के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। इसी क्रम में विधानसभा हटा अंतर्गत जवाहर वार्ड निवासी वरिष्ठ नागरिक श्रीमती चंद्रानी पति मूलचंद खटीक द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। उक्त कार्रवाई के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफ्सिर राकेश सिंह मरकामए तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी एवं सेक्टर ऑफ्सिर श्री कुर्मी उपस्थित रहे।

## बच्चों का ऑरेंज डे मनाया गया



**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में बाल वाटिका के बच्चों का ऑरेंज डे मनाया गया। इस अवसर पर बालवाटिका के छात्र एवं शिक्षक ऑरेंज कलर के परिधान में उपस्थित हुए। बालवाटिका के शिक्षकों ने विविध खेलों के माध्यम से छात्रों को ऑरेंज रंग से परिचित कराया। इस अवसर पर विद्यालय के जॉर्ज माईकल सर ने शिक्षकों और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की इस प्रकार की एक्टिविटी के आयोजन से छात्रों का बौद्धिक एंव मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टॉफ का सहायोग रहा।

## घायल व्यक्तियों को दी गई तात्कालिक सहायता राशि

**दमोह।** जिले के वन परिक्षेत्र तेन्दूखेड़ा अंतर्गत गौशाला तेन्दूखेडा एवं कृषि मण्डी तेन्दूखेड़ा खकरिया रोड के पास तीन व्यक्तियों को रीछ द्वारा घायल किया गया। जैसे ही उक्त घटना की सूचना वन विभाग को प्राप्त हुई तत्काल वन मण्डल अधिकारी एमएस उइके के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल तथा अन्य वन अमला द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर सम्पूर्ण घटना की जानकारी ली गई। प्राप्त जानकारी अनुसार रीछ द्वारा घायल व्यक्तियों में दुर्गा यादव उम्र 62 वर्ष तथा एक छोटा बच्चा जिसका नाम सुभाष जिसकी उम्र 6 वर्ष बताई गई है को कृषि उपज मंडी के पास तथा लक्ष्मण लोधी उम्र 65 वर्ष को गौशाला के पीछे रीछ द्वारा घायल किया गया है। इसी दौरान रीछ द्वारा दो पशुओं को भी घायल किया गया। तीनों घायलों को तात्कालिक सहायता के रूप में राशि 3-3 हजार रूपये की राशि चिकित्सालय में पहुंचर प्रदान की गई।

# मतदाताओं को जागरूक करने हेतु रैली एवं संपर्क अभियान का किया गया आयोजन





**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वीप सखी द्वारा मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन आधिकारी तीनेंद्र अहिरवार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला कुंडलपुर विकासखंड पटेरा के विभिन्न स्थानों पर गांव-गांव में जा-जाकर महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। नवजीवन सीएलएफ की तरफ से बनवार में भी मतदाताओं को घर-घर जाकर 26 अप्रैल के दिन मतदान करने के लिए महिला कार्यकर्ताओं द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है।इसी क्रम में ग्राम तेंदूखेड़ा में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें युवा एवं किशोरो द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता की तख्तियों में लिखे जागरूकता के स्लोगन एवं संदेश से नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया और उनसे मतदान दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या पर मतदान करने की अपील की गई।

## प्रदेश में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की है पूरी तैयारी : राजन


**भोपाल ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत प्रदेश में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की पूरी तैयारी है। सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, जरूरी दवाइयाँ और टेन्ट की व्यवस्था की जा रही है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के भी प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने यह बात भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त श्री अजय भादू द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही। श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में कुल 871 नाके बनाये गये हैं, जहां पर सतत् निगरानी की जा रही है। इनमें से 309 अन्तर्राज्यीय और 562 राज्य के अन्दर नाके बनाये गये हैं। लगातार जब्ती की कार्यवाही की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त श्री अजय भादू ने टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक से अलग-अलग चर्चा कर तैयारियों की जानकारी ली।

## 38वी नेशनल बास्केटबॉल चौम्पियनशिप पुडुचेरी में कु.मानसी यादव ने की सहभागिता



सागर। 38वी नेशनल बास्केटबॉल चौम्पियनशिप 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक भारत के केन्द्र शासित प्रदेश-पुडुचेरी के इंडोर नेहरू स्टेडियम में आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में खेल और युवा कल्याण, खेल परिसर की प्रशिक्षणार्थी बालिका खिलाड़ी कु.मानसी यादव ने मध्यप्रदेष बास्केटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया। कु.मानसी यादव खेल परिसर के बास्केटबॉल प्रशिक्षक प्रेमनेती राय, के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। प्रेमनेती राय उक्त नेशनल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम के मुख्य कोच रहे। इनकी इस उपलब्धि पर कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप अबिद्रा एवं केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, के प्राचार्य मनीष गुप्ता तथा के.व्ही.क्र.1 के खेल प्रषिक्षक नईम खान ने हर्ष व्यक्त किया। जिला खेल और युवा कल्याण विभाग खेल परिसर के विभागीय प्रशिक्षकों श्रीमती सीमा चक्रवर्ती, श्रीमती संगीता सिंह, मंगल सिंह यादव, श्यामलाल पाल, उमेषचन्द्र मोर्य, नफीस खान, एवं कर्मचारियों- महेन्द्र सिंह राजपूत, चंदन मोरे, श्रीमती अंजली सिंह, रंजीत बैन, विवेक सेन द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# गणधर परमेष्ठी द्वारा आगम की रचना होती है : समयसागर महाराज



**कुंडलपुर।** कुंडलपुर में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के शिष्य कुंडलपुर में विराजमान है। इस अवसर पर अभिनव आचार्यश्री समयसागर महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा आगम के माध्यम से बहुत सारा विषय सूक्ष्मता को लेकर वर्णन मिलता आगम में वह आगम की रचना दिव्य ध्वनि के आधार से गणधर परमेष्ठी द्वारा आगम की रचना होती है और द्वादशांग धीरे-धीरे काल के प्रभाव से समझ लो धीरे-धीरे अपनी योग्यता को लेकर कर्म के उदय के कारण वह श्रुत राग को प्राप्त होता हुआ आया है लेकिन वस्तुत: क्षीरसागर का वह जल उसमें से मान लो आपने एक लोटा भरकर ले आए तो वह जल क्षीरसागर का ही जल माना जाता है। उसी प्रकार गणधर परमेष्ठी के पश्चात उत्तरवर्ती आचार्यों के माध्यम से वह क्षीर सागर की धारा बहती हुई यहां तक आई और आचार्य महाराज उनको आचार्य ज्ञानसागर महाराज के माध्यम से उनके मुखारविंद से और उनके अनुभव के माध्यम से आचार्य गुरुदेव को प्राप्त हुआ। बहुत अद्भुत पुण्य का उनका योग रहा और उन्होंने आचार्य ज्ञान सागर महाराज को उनकीं उपस्थिति में भी और उनके समाधिस्थ होने के उपरांत भी उनको हृदय में बिठाया और निर्भीक होकर के निर्भीकता के साथ ज्ञान का अर्जन करते हुएं ज्ञान सागर महाराज के माध्यम से प्राप्त जो रत्नात्रय की निर्दोष आराधना करते हुए रत्नात्रय को निर्मल बनाया है। अपने जीवन काल में जो ज्ञान का अर्जन उन्होंने किया है वह शायद ही कोई और भी कर सकेगा।

हमारे पास है क्या आप लोग कहते महाराज आप भी हमें भी सूत्र दे दो सूत्र के रचयिता आचार्य हुआ करते हैं और उन्होंने जो भीसूत्रों का निर्माण किया है उसमें से किसी भी सूत्र को आप अपनी बुद्धि का विषय बना लो उपयोग के माध्यम से उन सूत्रों की आराधना उन सूत्रों की गहराई तक पहुंचने का पुरुषार्थ हमें भी करना और आप लोगों के लिए भी करना बहुत अद्भुत विषय पूज्यपाद स्वामी ने स्पष्ट किया है प्रसंग धर्म ज्ञान का है आप लोग सर्वार्थ सिद्धि का अवलोकन कर सकते हैं। मुझे वह प्रसंग स्मरण में आ रहा है कहां तक में आपके सामने रख पाऊं यह अलग वस्तु किंतु क्षयोपशम है आपके पुण्य के उदय से वह भाव आपके सामने रख पाऊंगा आज्ञा विशेष धर्म ज्ञान का विषय है। पूज्यपाद स्वामी कह रहे हैं कि उपदेशता आवावात उपदेशता का अभाव हम लोगों के लिए तो सर्वार्थ सिद्धि का निर्माण करके महान उपकार किया है और वे उमा स्वामी का तत्वार्थ सूत्र जो उमा स्वामी के द्वारा रचित है। आदि टीका उनके द्वारा लिखी गई है और सर्वार्थ सिद्धि में अपने आप में लघुता का एक भाव प्रकट करते हुए लिखा है।हम और आप कह सकते हैं लघुता है किंतु सिद्धांत का पालन करते हुए ही उन्होंने लिखा है कि उपदेशतु अभाव विशिष्ट उपदेशता का अभाव होने के कारण उपदेशतू अभावात कर्मोदया कर्मों के उदय होने के कारण मंदबुद्धित्वा आप सुने मंदवुद्विवा हम लोगों की बुद्धिमंद है उन्होंने अपनेआप को स्वीकार किया है हमारी भी बुद्धिमंद है और महत्वपूर्ण कारण बता रहे हैं कि पदार्थों की अत्यंत सूक्ष्मता होने के कारण सर्वज्ञ प्रणेता आगमम प्रमाणित्वा सर्वज्ञ भगवान के द्वारा प्रणीत जो आगम है जो मूलआगम है अर्थ आगम है उसको प्रमाणित मानकर के श्रद्धा का विषय बनाते है तो उसका नाम आज्ञा विशेष धर्म ध्यान जो हमें स्मरण में आ गई है उसको सामने रखा ।सर्वार्थ सिद्धि में नवमे अध्याय में धर्म ध्यान का प्रसंग आया धर्म ध्यान के प्रसंग में बात रखी हेतु और दृष्टांत इन दोनों का अभाव हो जाता है। हम हेतु नहीं दे पाते हैं जिस समय और दृष्टांत प्रस्तुत नहीं करते उस समय इसको धर्म ज्ञान का विषय बनता है। हमें आज्ञा का पालन करना है कहां पर करना है इसका कोई अंत है नहीं ।जब श्रुत का अंत नहीं उपलब्ध आगम पुण्य के उदय से उपलब्ध हुआ है उसको हमें बिना किसी संघ के उसकी आस्था का विषय बनाना चाहिए।

आचार्यश्री ने अच्छा दृष्टांत दिया था फर्श की दरी जिसको बोलते हजारों व्यक्ति बैठे हैं और एक व्यक्ति के हाथ में हिमखंड है छोटा सा बर्फ का एक टुकड़ा है वह एक दूसरे के हाथ में वह परिवर्तित होता हुआ अंतिम व्यक्ति के हाथ में पहुंच जाए शायद वह बर्फ की डली देखने नहीं मिलेगी। हाथ गीला मिलेगा यह आगम धीरे-धीरे यहां तक पहुंचा है हमारे हाथ गीले हैं हाथ सुख भी जाएं मन हमारा गीला बना रहेगा। प्रत्येक व्यक्ति का मन यदि शीतलता का अनुभव करता है तो निश्चय हृदय में भी वह आगम विद्यमान है।







## मतदान सामग्री लेकर केन्द्रों में पहुंचे कर्मचारी

# 2139 मतदान केंद्रों में 18,94,304 मतदाता आज देंगे लोकतंत्र के यज्ञ में आहुति

### मतदान कर्मियों से लेकर केन्द्र तक सुरक्षा चाक-चौबंद

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।

मप्र की 6 लोकसभा सीटों के लिए आज मतदान होना है, जिसके चलते गुरुवार को जबलपुर संसदीय क्षेत्र के लिए होने वाले मतदान के लिए मतदान कर्मी ईवीएम व वीवीपैट मशीनें लेकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हो गए हैं। कलेक्टर दीपक सक्सेना व पुलिस कप्तान आदित्य प्रतापसिंह की उपस्थिति में जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय स्थित स्ट्रांग रुम खोला गया, जहां से मतदान कर्मी सामग्री लेकर बसों से रवाना हुए और मतदान केन्द्रों में पहुंच गये हैं।

### अधिकारी-कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी मुस्तैद

जबलपुर लोकसभा सीट के लिए आज होने वाले मतदान को निर्विघ्न संम्पन्न कराने के लिए लिए 8000 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। वहीं चुनाव में निर्वाचन विभाग ने 15000 से ज्यादा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई हैं। गुरुवार को सुबह स्ट्रांग रूम खोला गया और चुनाव सामग्री का वितरण किया गया। चुनाव सामग्री जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर से बांटी गई। इस दौरान कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना, कप्तान एमपी सिंह मौजूद रहें। चुनाव सामग्री वितरण में समय परिवर्तन करते हुए 7.30 बजे किया गया। चुनाव सामग्री दो पाली में बांटी गई। पहले चरण में पाटन, बरगी, जबलपुर पूर्व, जबलपुर उत्तर व सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों को सुबह 7.30 बजे चुनाव सामग्री का वितरण किया गया। वहीं दूसरी पाली में जबलपुर कैंट, जबलपुर पश्चिम और पनागर विधानसभा के मतदान कर्मियों को सुबह 8.30 बजे मतदान सामग्री का वितरण किया गया। ईवीएम और वीवीपेट निकालने के लिए स्ट्रांग रूम सुबह 4.30 बजे खोला गया। चुनाव सामग्री प्राप्त करने के बाद मतदान दल मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गए।

### 38, 459 नये मतदाता डालेंगे वोट

इस चुनाव में इस बार कुल 19 प्रत्याशी मैदान में है, 19 अप्रैल को होने वाली वोटिंग के लिए कुल 2139 मतदान केंद्र बनाए गए है। जबलपुर लोकसभा सीट पर मतदाता की बात करें तो 18,94, 304 कुल मतदाता हैं जिनमें से 961997 पुरुष मतदाता जबकि 93212 महिला मतदाता एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 95 है। पहली बार जुड़ने वाले मतदाताओं की संख्या 38459 है। वरिष्ठ मतदाता जो 85 वर्ष ज्यादा है उनकी संख्या 6666 है, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 2241 हैं। जिले के मतदाता आज लोकतंत्र के महायज्ञ में अपने अमूल्य वोट की आहुति देंगे।

### मोटर वोट से कठौतिया पहुंची टीम



लोकसभा का चुनाव कराने जिले के बरगी विधानसभा क्षेत्र के डूब प्रभावित ग्राम कठौतिया स्थित मतदान केंद्र मतदान दल मोटरबोट से पहुंचा है। बरगी बांध के डूब प्रभावित ग्राम कठौतिया स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 261 में कुल 284 मतदाता हैं। मतदान कराने गठित दल में पीठासीन अधिकारी पीके साहू, मतदान अधिकारी क्रमांक एक कैलाश दास, मतदान अधिकारी क्रमांक दो दीपक कुमार साहू और मतदान अधिकारी क्रमांक तीन गोविंद श्रीवास्तव शामिल हैं। मतदान दल के साथ सेक्टर ऑफिसर संदीप जैन, माइक्रो आब्जर्वर अखिलेश प्रसाद सुरक्षा कर्मियों के साथ मैकल रिसोर्ट से कठौतिया पहुंचे हैं। इसके पहले मतदान दल जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर से मतदान सामग्री प्राप्त कर बस से बरगी बांध स्थित मैकल रिसोर्ट पहुंचा था।

## मतदान सामग्री परिसर में धधक उठी आग

### चुनाव कार्य में लगा था ट्रक, दमकल ने पाया काबू



फोटो- अनिल तिवारी

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।

मतदान दलों की रवानगी के दौरान गुरुवार सुबह कृषि विवि. जहां मतदान सामग्री स्थल बनाया गया है इसी परिसर में खड़े एक ट्रक में आग लग गई। हालांकि समय रहते दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। सूत्रों का कहना था कि ट्रक खेत के समीप खड़ा था किसी ने खेत की नरवाई जलाई जिससे आग ट्रक तक पहुंची और धधकी उठी। इस घटना की खबर भी आग की तरह फैली और आनन-फानन में दमकल की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

### तकनीकी खामी, मशीनें सुरक्षित : कलेक्टर

उक्त घटना के संबंध में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने अपना बयान जारी कर बताया कि ईव्हीएम के ट्रक में आग लगने का भ्रामक समाचार वायरल हुआ है। वस्तुस्थिति यह है कि ट्रक क्रमांक यूपी 65 डीटी 3924 ननिज द्वारा पानी की बोतल लाने के लिये अनुबंधित किया गया है। रात्रि में पानी की बोतल उतारने के बाद ट्रक को साइड वाली सड़क पर ड्राइवर नरेश द्वारा पार्क किया गया था। सुबह लगभग 9.30 बजे किसी तकनीकी ख़ामी की वजह से ट्रक में आग लग गई। मौक़े पर मौजूद फ़ायर फाइटर द्वारा तत्काल आग को बुझा दिया गया है. ट्रक में ईव्हीएम का परिवहन नहीं किया गया है, ईव्हीएम पूर्णतः सुरक्षित हैं।

## कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।

लोकसभा निर्वाचन के तहत गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय स्थित एनआईसी के वीसी कक्ष में मतपत्र लेखा स्क्रूटनी प्रपत्र की एक्सेल सीट में एंट्री करने विधानसभावार नियुक्त किये गये कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण डीआईओ आशीष शुक्ला ने दिया तथा राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजीव मोहन नामदेव द्वारा स्क्रूटनी प्रपत्र के सभी 24 बिंदुओं की विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। सभी कार्मिकों को निर्देश दिए एंट्री का कार्य सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिये गये तथा प्रशिक्षण के दौरान उनके प्रश्नों का निराकरण किया गया। प्रशिक्षण में लगभग 60 कार्मिक उपस्थित थे।

## मतदान सामग्री लेने पहुंचे कर्मचारी की मौत

**जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।** समीपी जिला मंडला में गुरुवार पूर्वान्ह अफरातफरी मच गई, जब मतदान सामग्री लेने पहुंचे सहायक प्राध्यापक मनीराम कांवरे की अचानक तबियत बिगड़ गई। जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मौत हार्ट अटैक से हुई है। चुनाव आयोग द्वारा परिवार को 15 लाख रुपए की आर्थिक सहायता व परिवार के किसी एक परिजन को नौकरी भी दी जाएगी। वहीं मंडला में ही एक अन्य मतदान कर्मी राजेन्द्र कुमार साहू उम्र 61 वर्ष की भी तबियत बिगड़ गई है। जिन्हें जिला अस्पताल पहुंचा गया। जहां पर डॉक्टरों ने उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है। राजेंद्र कुमार पीएचई विभाग मंडला में कार्यरत हैं वह हार्ट पेशेंट हैं। जाहिर है पहले चरण में मप्र की जबलपुर, छिंदवाड़ा, शहडोल, मंडला, सीधी व बालाघाट सीट पर चुनाव होगा।

इन 6 सीटों पर कुल 1,13,09,636 मतदाता 88 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। जबलपुर सीट पर सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी और सबसे कम 10 प्रत्याशी मंडला सीट पर हैं।

## निर्भीक होकर करें मतदान : कलेक्टर

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने आज लोकसभा चुनाव के लिए हो रहे मतदान में जिले के सभी मतदाताओं से निडर एवं निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है। श्री सक्सेना ने अपनी अपील में मतदाताओं से कहा है कि वे स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मतदान हर नागरिक का अधिकार तो है ही बल्कि यह उनकी जिम्मेदारी भी है। कलेक्टर ने मतदाताओं से कहा कि वे बिना किसी भयए लालचए जाति और धर्म की संकीर्णता से ऊपर उठकर वोट देने की जिम्मेदारी का निर्वाह जरूर करें।

## आज एयरपोर्ट पर पीएम का अल्पप्रवास

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।



देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शुक्रवार को अल्पप्रवास पर डुमना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वे हेलीकॉप्टर द्वारा दमोह जाएंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था तेज कर दी गई है। जिसके चलते 18 से 20 अप्रैल तक नो फ्लाई जोन और रेड जोन घोषित किया गया है। इस संबंध में पुलिस कप्तान ने बताया कि आज 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन डुमना विमानतल जबलपुर प्रस्तावित है। व्हीव्हीआईपी की सुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुए डुमना विमानतल की 15 किलोमीटर तक की परिधि को सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से नो फ्लाई जोन, रेड जोन घोषित किया गया है। इस दौरान किसी भी प्रकार के ड्रोन, पेराग्लाईडिंग, हॉट एयर बलून एवं किसी भी प्रकार के फ्लाईंग ऑबजेक्ट्स से सुरक्षा व्यवस्था को खतरा उत्पन्न न होने पाए, जिसके चलते नो फ्लाई जोन और रेड जोन घोषित किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध वायुयान अधिनियम 1934 तथा सुसंगत धाराओं, अधिनियमों के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## मतदान केन्द्र के निकट चिल्लाना, कदाचरण और बूथ कब्जा करने पर होगी सजा

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।

आज मतदान के दिन यदि कोई व्यक्ति मतदान केन्द्र के निकट विच्छृंखल आचरण करता है तो उसे तीन महीने की और यदि कोई व्यक्ति मतदान केन्द्र पर कब्जा करता है तो उसे तीन वर्ष तक की कठोर सजा से दण्डित किया जा सकेगा। मतदान में व्यवधान डालने और मतदान कर्मियों के कार्य में हस्तक्षेप करने के उद्देश्य से मतदान केन्द्र के भीतर या प्रवेश द्वार अथवा मतदान केन्द्र के आसपास निजी या सार्वजनिक स्थान पर ध्वनि प्रवर्धन के लिए मेगाफोन या लाउडस्पीकर का उपयोग करता है अथवा जोर-जोर से चिल्लाता है तो यह दण्डनीय होगा और ऐसा करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया जायेगा और उसके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 131 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। उसे तीन माह तक की सजा या जुर्माने से अथवा दोनों से एक साथ दण्डित भी किया जा सकेगा। इसी तरह यदि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह मतदान बूथ के बलात ग्रहण का अपराध करेगा या मतदान अधिकारियों से मतदान मशीन छीनेगा, मतदान के व्यवस्थित संचालन को प्रभावित करने का कार्य करेगा अथवा बूथ को कब्जे में लेकर केवल अपने समर्थकों को मत देने के अधिकार का प्रयोग करने देगा, मतदाताओं को किसी के पक्ष में वोट डालने या न डालने के लिए प्रताड़ना देगा तो इस संज्ञेय अपराध के लिए ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के तहत गिरफ्तार कर तीन वर्ष तक के कारावास की और जुर्माने की सजा का प्रावधान किया गया है।



## 23 स्टेशनों पर यात्रियों को मिलने लगा कूल वॉटर

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।

गर्मी के सीजन में रेल यात्रियों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति करने के लिए पश्चिम मध्य रेल प्रशासन जुटा हुआ है। इसके अलावा कुछ गैर सरकारी संगठन/ समाज सेवी संस्थाएं भी सेवा भावना से रेल यात्रियों को पीने का पानी (प्याऊ) उपलब्ध कराने में अपना योगदान दे रहे हैं। इन संस्थाओं द्वारा स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति करने में सक्रिय योगदान दिया जा रहा है। इनके द्वारा गाड़ी के स्टेशन पर आते ही यात्रियों को पानी पिलाने वह खाली बॉटल में शीतल जल भरने का काम भी किया जा रहा है। पमरे के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों पर गैर सरकारी संगठन/समाज सेवी संस्थाओं द्वारा प्रमुख 23 रेलवे स्टेशनों पर वाटर हट्स (प्याऊ) उपलब्ध कराए गए हैं। रेल प्रशासन गर्मी के सीजन में ठंडा और स्वच्छ पेयजल यात्रियों को उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है इसके लिए गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) एवं समाज सेवी संस्थाओं की सहायता ली जा रही है। रेल के सफ़र में यात्रियों के लिए पेयजल बहुत ही बुनियादी जरूरत है इसीलिए पीने के पानी (पेयजल) के समुचित इंतजाम किए गए हैं। पमरे के प्रमुख स्टेशनों पर गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) एवं समाज सेवी संस्थाओं द्वारा स्टेशन पर यात्रियों को नि-शुल्क शीतल जल पिलाने के लिए प्रशासन द्वारा अनुमति दी गई है।







हितकारिणी प्रकाशन लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा, स्थानीय सम्पादक- महेश महदेल** * *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, RNI No. 64561/96.